RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 158
नई दिल्ली, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सुरक्षा चुनौतियों से निपट सकता है भारत
विदेश-10

# अतीक का बेटा असद व शूटर गुलाम मुठभेड़ में ढेर

## उमेश पाल हत्याकांड में वांटेड दोनों अभियुक्तों पर घोषित था पांच-पांच लाख का ईनाम

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने थपथपाई एसटीएफ की पीठ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**48** दिनों तक चली लुका-छिपी के बाद आखिरकार एसटीएफ ने प्रयागराज के चर्चित उमेश साहू हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त और माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम को झांसी के बड़गांव थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। दोनों के कब्जे से दो विदेशी शस्त्र जिनमें एक ब्रिटिश बुलडॉग रिवाल्वर 455 बोर और एक वॉल्थर पी-88 पिस्टल 7.63 बोर की बरामद हुई है।

मुठभेड़ में मारे गए दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर पांच-पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित था। उमेश साहू हत्याकांड में नामजद गुड्डू मुस्लिम सहित तीन अन्य अभियुक्तों को भी एसटीएफ सरगर्मी से तलाश कर रही है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने शुक्रवार को झांसी और मेरठ में सर्च आपरेशन भी चलाया लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पाई। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से इस



झांसी में मुठभेड़ में मारा गया अतीक का बेटा असद और उसका साथी शूटर गुलाम

मुठभेड़ की जानकारी मिलने के बाद सीएम योगी ने एसटीएफ की पीठ थपथपाई है। उन्होंने डीजीपी आरके विश्वकर्मा, स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था और एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश की तारीफ की। राज्य के स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार और एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर झांसी में हुई इस मुठभेड़ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र में बीती 24 फरवरी को हुई उमेश पाल एडवोकेट और उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिस के दो आरक्षियों राघवेन्द्र सिंह व संदीप निषाद की हत्या के जघन्य मामले में माफिया अतीक अहमद, उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन, बेटे अशरफ, अरमान, शूटर गुड्डू मुस्लिम, गुलाम व अन्य सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान साक्षीगण के बयान एवं सीसीटीवी फु टेज के आधार पर घटना में शामिल अभियुक्तगणों के नाम प्रकाश में आए। घटना को अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुए शासन के निर्देश पर डीजीपी स्तर से एसटीएफ को भी इस केस में लगाया गया। इसके साथ ही अरमान, असद, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम और साबिर की गिरफ्तारी पर पहले ढाई लाख रुपए और फिर शासन स्तर पर पांच-पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। एडीजी ने बताया कि ( शेष पेज 9 )

### अतीक अहमद और अशरफ की पांच दिन की पुलिस रिमांड मंजूर

**प्रयागराज।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने बृहस्पतिवार को उमेश पाल हत्याकांड में नामजद आरोपी तथा माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की पांच दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की। जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने यहां जनपद न्यायालय परिसर में संवाददाताओं को बताया कि उमेश पाल की हत्या के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) दिनेश गौतम की अदालत ने अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 167 के तहत अतीक अहमद और अशरफ की 13 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पुलिस रिमांड स्वीकृत की। उन्होंने बताया कि इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख 26 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अपराध संख्या 114123 से संबंधित विवेचक द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अभियुक्त



अतीक और अशरफ

अतीक और अशरफ को 14 दिन की पुलिस रिमांड में देने का अनुरोध किया गया। अधिवक्ता ने बताया कि इस पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 13 अप्रैल से 17 अप्रैल को ( शेष पेज 9 )

# मोदी ने सुनक से की बात, राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का उठाया मुद्दा

● ब्रिटिश पीएम से टेलीफोन वार्ता में भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का किया आह्वान, वहां पर शरण लेने वाले आर्थिक अपराधियों का मसला भी उठाया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अपने ब्रितानी समकक्ष ऋषि सुनक के साथ टेलीफोन पर बात की और ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आह्वान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने कई द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से व्यापार और आर्थिक क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की।

पीएमओ के मुताबिक दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन रोडमैप 2030 के हिस्से के रूप में कई द्विपक्षीय मुद्दों पर प्रगति की भी समीक्षा की। बयान के अनुसार, मोदी ने ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और ब्रिटेन सरकार द्वारा भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आह्वान किया। पीएमओ के मुताबिक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन भारतीय उच्चायोग पर हमले को पूरी तरह अस्वीकार्य मानता है और उसने भारतीय मिशन और उसके कर्मियों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। बातचीत के दौरान मोदी ने ब्रिटेन में शरण लेने वाले आर्थिक अपराधियों का मुद्दा भी उठाया।



फाइल चित्र

उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिटेन से उद्योगपति विजय माल्या और भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का प्रयास कर रहा है। माल्या 2016 में ब्रिटेन भाग गया था और वह भारत में 9,000 करोड़ रुपए के ऋण चूक के मामले में वांछित है। नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक से करीब दो अरब डॉलर के ऋण घोटाला मामले में आरोपों का सामना कर रहा है। बयान में कहा गया कि उन्होंने उन भारतीय भगोड़ों की वापसी पर प्रगति की मांग की ताकि वे भारतीय न्यायिक प्रणाली के समक्ष पेश हो सकें। पीएमओ के मुताबिक दोनों नेताओं ने देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।

मोदी ने सितंबर 2023 में होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए सुनक को आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री सुनक ने जी-20 की भारत की अध्यक्षता में हुई प्रगति की सराहना की और इसकी सफलता के लिए ब्रिटेन के पूर्ण समर्थन को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने बैसाखी की पूर्व संध्या पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक और भारतीय समुदाय को बधाई दी और साथ ही दोनों नेता संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए।

# बढ़ी सियासी सरगर्मी, खरगे और राहुल से मिले पवार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में राजनीतिक सरगर्मी तेज है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने अगले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी एकजुटता के प्रयासों के बीच बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से चर्चा की तथा विपक्ष के दलों को एक मंच पर लाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

पवार ने तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसे दलों को साथ लेने पर भी जोर दिया। वहीं इसी मुहिम में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री

● विपक्षी एकजुटता की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया, नीतीश ने येचुरी से की मुलाकात

नीतीश कुमार ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा से भी मुलाकात की। उधर बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रमुख ( शेष पेज 9 )

## राहुल की याचिका पर न्यायालय 20 अप्रैल को सुनाएगा निर्णय

**भाषा।** सूरत

**यहां** की एक सत्र अदालत ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोदी उपनाम टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि के एक मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर पी मोगेरा ने कहा कि वह 20 अप्रैल को फैसला सुनाएंगे। सूरत में एक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने 23 मार्च को कांग्रेस नेता को 2019 में एक चुनावी रैली के दौरान की गई उनकी टिप्पणी सभी चोरों का मोदी उपनाम कैसे हो सकता है के लिए उन्हें दोषी ठहराते हुए दो साल कैद की सजा सुनाई थी। सजा के बाद संसद सदस्य के रूप में अयोग्य ठहराए गए गांधी ने फैसले के खिलाफ सत्र अदालत में अपील दायर की है। उन्होंने इस दौरान दोषसिद्धि पर रोक लगाने की भी प्रार्थना की। राहुल गांधी के वकील ने अदालत में दलील दी कि मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी को लेकर ( शेष पेज 9 )

# प्रवर्तन निदेशालय ने बीबीसी इंडिया के खिलाफ फेमा जांच शुरू की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा विनिमय संबंधी कथित उल्लंघन को लेकर समाचार प्रसारक बीबीसी (ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन) इंडिया के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत मामला दर्ज किया है और उसके कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया, जिसके बाद प्रसारण कंपनी के उप प्रबंध संपादक बृहस्पतिवार को पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब आयकर विभाग ने फरवरी में दिल्ली में बीबीसी कार्यालय परिसरों का सर्वे किया था। अधिकारियों के अनुसार फेमा के प्रावधानों के तहत कंपनी द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के कथित उल्लंघन और संबंधित मामलों की अनिवार्य रूप से जांच के लिए लगभग दो सप्ताह पहले मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि ईडी ने दस्तावेज मांगे हैं और कंपनी के कुछ अधिकारियों के बयान दर्ज किए हैं और कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों की एक टीम ने पिछले सप्ताह कुछ वित्तीय दस्तावेज जमा किए हैं। प्रसारक की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। ईडी की कार्वाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रवक्ता अंशुल अविजित ने संवाददाताओं से कहा, अभिव्यक्ति की आजादी छीनी जा रही है।

कानूनों का दुरुपयोग हो रहा है, संस्थाओं को हथियार बनाया जा रहा है। प्रेस की आवाज को दबाया जा रहा है। यह माहौल है। यहां पर कार्यपालिका का आंतक है, और कुछ नहीं। उन्होंने कहा, हम लड़ते रहेंगे, आवाज उठाते रहेंगे। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने इस वर्ष 14 फरवरी को कथित कर अपवंचना की जांच के तहत दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कार्यालयों तथा दो अन्य संबंधित स्थानों पर सर्वे ऑपरेशन चलाया था। बीबीसी द्वारा दो-भाग वाले वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन को प्रसारित करने के कुछ सप्ताह बाद यह औचक कार्वाई हुई ( शेष पेज 9 )

## बठिंडा सैन्य अड्डे पर हमला करने वालों की तलाश जारी

**बठिंडा/नई दिल्ली (पीएनएस)।** पंजाब में बठिंडा सैन्य अड्डे पर बुधवार को की गई गोलीबारी के हमलावरों की तलाश जारी है। गोलीबारी की इस घटना में सेना के चार जवान मारे गए थे। इसी बीच, एक अन्य घटना में बुधवार दोपहर को गोली लगने से एक जवान की मौत हो गई। सेना के मुताबिक इस जवान की मौत का गोलीबारी की घटना से कोई ताल्लुक नहीं है। सेना ने एक बयान में कहा, बठिंडा सैन्य अड्डे में 12 अप्रैल को शाम करीब साढ़े चार बजे गोली लगने से एक सिपाही की मौत हो गई। सिपाही बतौर संतरी तैनात था, उसके पास अपना सर्विस हथियार भी था। सिपाही के पास से उसकी ही राइफल और उसकी गोली का खोखा बरामद हुआ है। सेना के अनुसार, उसके सिर में गोली लगी थी। सैनिक को तुरंत सैन्य अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। वह 11 अप्रैल को ही छुट्टी से लौटा था। सेना ने कहा, यह कथित तौर पर आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटनावश गोली चलने का मामला भी हो सकता है। मामले की विस्तृत जांच की जाएगी।

# कोरोना की बढ़ी रफ्तार मामले 10 हजार के पार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● 15 की मौत, करीब आठ माह बाद एक दिन में इतने केस आए, राजधानी दिल्ली में कुल 1527 मामले आए

**देश** में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 10,158 नए मामले सामने आए, जो बीते करीब आठ महीने में दर्ज एक दिन में सबसे अधिक मामले हैं। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 44,998 पर पहुंच गई है।

पिछले साल 26 अगस्त को संक्रमण के 10,256 दैनिक मामले सामने आए थे। देश में बुधवार को संक्रमण के 7,830 दैनिक मामले सामने आए थे। वहीं राजधानी दिल्ली में कोरोना कुल 1527 मामले आएं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से महाराष्ट्र में नौ, गुजरात के दो और दिल्ली, केरल, राजस्थान तथा तमिलनाडु के एक-एक मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ ही देश में कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 5,31,035 हो गई।

आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण दर 4.42 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 4.02 प्रतिशत है। देश में अभी 44,998 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.10 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.71 प्रतिशत है। अभी तक कुल 4,42,10,127 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### ललित मोदी को बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायपालिका के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व प्रमुख ललित मोदी को बृहस्पतिवार को फटकार लगाई और उन्हें सोशल मीडिया मंचो एवं राष्ट्रीय समाचार पत्रों में बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि ललित मोदी कानून व संस्थान से ऊपर नहीं हैं और इस तरह के आचरण की पुनरावृत्ति को बहुत गंभीरता से लिया जाएगा। शीर्ष अदालत ने उन्हें माफी मांगने से पहले एक हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया, जिसमें कहा जाए कि भविष्य में ऐसी कोई टिप्पणी (पोस्ट) नहीं की जाएगी जो भारतीय न्यायपालिका की छवि को धूमिल करती हो। पीठ ने कहा कि हमने प्रतिवादी (ललित मोदी) द्वारा दायर जवाबी हलफनामे पर गौर किया है। हम दिए गए स्पष्टीकरण से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं। हमारा विचार है कि स्पष्टीकरण भी न्यायपालिका की छवि को खराब करेगा।

# मुसलमानों का 4% आरक्षण खत्म करने का कर्नाटक का फैसला प्रथम दृष्टया त्रुटिपूर्ण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों के लिए आरक्षण में दो-दो प्रतिशत वृद्धि करने एवं ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) मुसलमानों के चार प्रतिशत आरक्षण को खत्म करने का कर्नाटक सरकार का फैसला प्रथम दृष्टया त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है।

न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा कि अदालत के सामने पेश किए गए रिकॉर्ड से ऐसा प्रतीत होता है कि कर्नाटक सरकार का फैसला पूरी तरह से गलत धारणा पर आधारित है। कर्नाटक के मुस्लिम समुदाय के सदस्यों की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों कपिल सिब्बल, दुष्यंत दवे और गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि कोई अध्ययन नहीं किया गया था



और मुसलमानों का आरक्षण खत्म करने के लिए सरकार के पास कोई वास्तविक आंकड़ा नहीं था। कर्नाटक की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इन याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय देने का अनुरोध किया और पीठ को आश्वासन दिया कि 24 मार्च के सरकारी आदेश के आधार पर कोई नियुक्ति और दाखिला नहीं दिया।

वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों के सदस्यों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्हें याचिकाओं पर अपना जवाब देने की अनुमति दिए बिना कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय की और मेहता एवं रोहतगी से अपना जवाब दाखिल करने को कहा। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई नीत कर्नाटक सरकार ने राज्य में मुसलमानों को हासिल चार फीसदी आरक्षण को हाल ही में खत्म करने का फैसला किया था।

कर्नाटक सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग के मुसलमानों के लिए चार फीसदी कोटा समाप्त करते हुए सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की दो नई श्रेणियों की घोषणा की थी। ओबीसी मुसलमानों के चार फीसदी कोटे को वोक्किलगा और लिंगायत समुदायों के बीच बांट दिया गया है। यही नहीं, आरक्षण के लिए पात्र मुसलमानों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के तहत वर्गीकृत कर दिया गया है। राज्य सरकार के फैसले के बाद अब वहां आरक्षण की सीमा करीब 57 फीसदी हो गई है।

# प्राकृतिक सौंदर्य और इतिहास से दिल जीत लेगा किबितू

● केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से अरुणाचल प्रदेश में भारत के पहले गांव किबितू की यात्रा करने का किया आग्रह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को लोगों से अरुणाचल प्रदेश में भारत के पहले गांव किबितू की यात्रा कर उसकी प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने और उसके इतिहास से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। शाह ने 10 अप्रैल को किबितू का दौरा किया और रात भर वहीं रुके थे।

यह गांव चीन की सीमा के साथ भारत की सबसे पूर्वी अग्रिम चौकी है। गांव में बर्फ से ढके पहाड़, झरने, नदी और घाटियां दिखाते हुए शाह ने



फाइल चित्र

ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया और कहा, भारत के पहले गांव किबितू की यात्रा के दौरान खूबसूरत नजारों को कैद किया। अरुणाचल प्रदेश को अपार प्राकृतिक सुंदरता का वरदान प्राप्त है। मैं सभी से अरुणाचल प्रदेश, विशेष रूप से किबितू की यात्रा करने का आग्रह करता हूं, ताकि इसके इतिहास से प्रेरित हों और प्रकृति के चमत्कारों से चकित हो जाएं। अपनी यात्रा के दौरान गृह मंत्री ने कहा था कि किबितू को भारत का आखिरी गांव नहीं बल्कि पहला गांव कहा जाना चाहिए क्योंकि देश में सबसे पहले सूरज की किरणें इस गांव पर पड़ती हैं।

इस क्षेत्र का सैन्य इतिहास भी है क्योंकि किबितू और पड़ोसी वालोंग 1962 में चीनी आक्रमण के दौरान एक भीषण जंग के गवाह बने थे। इस दौरान भारतीय सेना के जवानों ने चीन की जनमुक्ति सेना (पीएलए) के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और देश के भूभाग का बचाव किया था। अरुणाचल प्रदेश से आने वाले केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शाह के ट्विटर पोस्ट पर टिप्पणी की: अतुल्य भारत, देखो अपना देश, अरुणाचल प्रदेश, पूर्वोत्तर। गृह मंत्री ने बुधवार को भी ट्विटर पर ऐसा ही एक वीडियो साझा करते हुए लिखा था: किबितू से वालोंग तक की यात्रा की, जिसे भारत की सबसे पूर्वी सड़क के रूप में जाना जाता है।

सुदूरवर्ती सीमा क्षेत्र में समतल सतह वाली सड़क सीमावर्ती क्षेत्रों को विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दृष्टिकोण को दर्शाती है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम सीमावर्ती गांवों में संपर्क और विकास को और बढ़ावा देगा। शाह ने 10 अप्रैल को किबितू में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) की शुरुआत की थी। वीवीपी एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके तहत व्यापक विकास के लिए अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश राज्यों और लद्दाख की उत्तरी सीमा से सटे 19 जिलों के 46 प्रखंडों में 2,967 गांवों की पहचान की गई है।

# ग्रेनो में दो सोसाइटी की लिफ्ट में फंसे लोग

**लिफ्ट को तोड़कर तीन मासूम बच्चों समेत दस लोगों को बाहर निकाला**



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

ग्रेटर नोएडा में बुधवार रात देर रात को दो अलग-अलग सोसाइटी की लिफ्ट में 10 लोग फंस गए। ये लोग लिफ्ट में करीब दो घंटे तक फंसे रहे। जिसके बाद देर रात लिफ्ट को तोड़कर इन सभी लोगों का बाहर निकाला गया है। इसका अब वीडियो भी सामने आ गया है। लिफ्ट में फंसे हुए लोगों में तीन मासूम बच्चे भी शामिल थे। बुधवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी और ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा दो में स्थित गोल्फ गार्डेनिया सोसायटी में लगे लिफ्ट में मां-बेटा और एक परिवार के आठ सदस्य फंस गए। जिन्हें भारी मशक्कत के बाद दो घंटे बाद बाहर निकाला जा सका। बुधवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के डी.5 टावर में 11वें फ्लोर पर रहने वाली साक्षी बंसल अपने साढ़े चार बच्चे के साथ 15 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रही। साक्षी ने बताया कि वह शाम करीब चार बजे लिफ्ट से अपने बच्चे को ट्यूशन छोड़ने जा रही थीं।

अचानक बिजली कटने से लिफ्ट चौथे और पांचवें फ्लोर के बीच अटक गई। लिफ्ट में बेटे के रोने की आवाज सुनकर पहले फ्लोर पर रह रहा युवक मदद के लिए पहुंचा। उसे मेंटेनेंस टीम को जानकारी दी। करीब 4.30 बजे उनको और बेटे को बाहर निकाला जा सका।

सोसायटी निवासी के निवासियों का कहना है कि मेंटेनेंस चार्ज लेने के बाद भी सोसाइटी में समय रहते मेंटेनेंस नहीं किया जाता है, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी होती है। इसके लिए वे लोग कई बार प्रोस्टेट भी कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। वहीं सोसाइटी के मेंटेनेंस मैनेजर रोहित सिंह ने बताया कि शाम के समय एचटी पैनल में कुछ दिक्कत आने से पावर बैकअप शुरू नहीं हो पाया था। इसकी वजह से लिफ्ट शुरू नहीं हो पाई थी।

टावर का गार्ड छुट्टी पर था। घटना के बाद गार्ड की तैनाती कर दी गई है। दूसरा हादसा ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा दो में स्थित गोल्फ गार्डेनिया सोसायटी की लिफ्ट में हुआ। रात के 11 बजे के करीब एक परिवार के आठ लोग लिफ्ट में थे।

इसी दौरान तकनीकी खराबी आने से लिफ्ट रुक गई। लिफ्ट में फंसे लोगों ने तत्काल इमरजेंसी नंबर पर फोन मिलाया। इसके साथ ही 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद 2 घंटे बाद लोगों को बाहर निकाला गया। आधे घंटे लिफ्ट में फंसे होने की सूचना पर सोसायटी में हाहाकार मच गया। लिफ्ट में फंसे लोगों में दो बच्चे भी शामिल थे। लिफ्ट में फंसे लोगों ने बताया कि अचानक लिफ्ट बंद हो गई। उन्होंने अलार्म बजाया लेकिन कोई ने नहीं सुना। लिफ्ट फंसे लोगों की पहचान रविन्द्र पाल सिंह 66 पिता श्री, कुसुम सिंह 65 पत्नी रविन्द्र पाल सिंह, दुष्यन्त प्रताप सिंह 39 पिता रविन्द्र पाल सिंह, आस्था सिंह 32 पति रविन्द्र पाल सिंह, शुभम सिंह 8 पिता रविन्द्र पाल सिंह, ईना सिंह 3 पिता रविन्द्र पाल सिंह, ओमवीर सिंह 23 पिता देवेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह 17 पिता सुनील सिंह के रूप में हुई है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद समेत राज्य के तमाम जिलों में बहुमंजिला हाउसिंग सोसायटी हैं।

इन इमारतों में आने जाने के लिए लिफ्ट और एलिवेटर पर निर्भर रहना पड़ता है। जिससे आए दिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। उत्तर प्रदेश में अभी तक इन लिफ्ट और एलीवेटर से जुड़ी व्यवस्था व संचालन को नियमित करने के लिए कोई कानून उपलब्ध नहीं है। उत्तर प्रदेश में लिफ्ट एक्ट पिछले कई सालों से लंबित है। दूसरी ओर बिल्डर हाईराइज इमारतों का निर्माण करने के दौरान लिफ्ट लगाता है और दशकों के बाद कब्जा देता है।

## गाजियाबाद में 10वीं मंजिल से गिरकर छात्र की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी एरिया स्थित हाईराइज सोसाइटी में बुधवार शाम छात्र की 10वें फ्लोर से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

हत्या, हादसा और आत्महत्या में ये मामला उलझा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। क्लाउड-9 सोसाइटी में देहरादून निवासी शुभम उप्पल 22 वर्ष अपनी बहन खुशबू उप्पल के साथ 10वें फ्लोर पर एक फ्लैट में रहता था। शुभम यहां गाजियाबाद के एक कॉलेज से माइक्रोबायोलॉजी की पढ़ाई कर रहा था। शाम करीब 6 बजे वो अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गया। सूचना पर स्थानीय लोग जुट गए। वे तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया। जिस वक्त ये हादसा हुआ, उस वक्त शुभम के शरीर पर सिर्फ अंडरवियर था। शरीर भीगा हुआ था। इसलिए ये माना जा रहा है कि वो बाथरुम से नहाकर निकला होगा। ये भी हो सकता है कि वो बालकनी में कपड़े सुखाने के लिए आया हो।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस गिरफ्त में दाखिला दिलाने का झांसा देने वाला महाठग।

### एमबीबीएस में दाखिला दिलाने का झांसा देने वाला धरा

**नोएडा।** नोएडा में थाना सेक्टर 63 नोएडा पुलिस ने 25 हजार के इनामी वांछित को बहलोलपुर अंडरपास से गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान अहमद खान पुत्र अहमद अली खान हुई है। इस पर एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम करोड़ों की ठगी करने का आरोप था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पहले भी इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। लेकिन जमानत लेकर वो बाहर आ गया था। इस गैंग ने सेक्टर-63 में करियर जंकशन नाम से एक कंसलटेंसी खोल रखी थी। जिसके जरिए ये लोग उन छात्रों का डाटा निकालते थे जो नीट में कुछ नंबरों से असफल हो जाते थे। इसके बाद उनसे संपर्क करते और उनको सरकारी कॉलेज में दाखिला दिलाने का झांसा देते थे। ये लोग उन छात्रों को संस्थान में बुलाते और उनकी काउंसिलिंग करते थे। बातों में फंसाने के बाद ये लोग कॉलेज में दाखिला कराने के लिए प्रति छात्र करीब 15 से 30 लाख रुपए नगद लेते थे। करीब 20 प्रतिशत पैसा ऑनलाइन जमा करवाते थे।

### वार्ड-17 के आरक्षण पर विवाद, मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मेयर के आरक्षण को लेकर विवाद के बाद अब पार्षद पद के आरक्षण का विवाद भी कोर्ट पहुंच गया। इस मामले में वार्ड 17 के पार्षद पद के आरक्षण को लेकर विवाद हुआ है। इस वार्ड को पहले सामान्य वर्क के लिए आरक्षित किया गया था, लेकिन अब इस वार्ड को ओबीसी के लिए आरक्षित किया गया है। मनोज शर्मा की ओर से इस मामले में एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में पेश की गई है। इस मामले में यूपी सरकार और नगर निगम दोनों को ही पार्टी बनाया गया है। यूपी सरकार ने इस प्रकरण को लेकर पूरी डिटेल नगर निगम को भेजी है।

### ऑनलाइन लूडो खेलने में 17 लाख हारा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक युवक ऑनलाइन लूडो खेलने में 17 लाख रुपए हार गया। फिर उसको ये डर सताने लगा कि रुपयों के बारे में मां.बाप को क्या जवाब देगा। पिता की डांट से बचने के लिए बेटे ने 6 लाख रुपए लूट की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने बेहद जांच करते हुए पूरा केस खोल दिया। लूट की फर्जी सूचना देने वाला गिरफ्तार है। भास्कर वर्मा ने बताया, 12 अप्रैल को थाना साहिबाबाद पर गुफरान नामक व्यक्ति ने सूचना दी कि उनका 23 वर्षीय पुत्र साकिब शहीदनगर से माल खरीदने साहिबाबाद गया था। वो 6 लाख रुपए लेकर लौट रहा था। इसके बाद वो नागद्वार के पास बेहोशी अवस्था में सड़क पर पड़ा हुआ मिला।

# एलिवेटेड रोड पर लगेंगे ध्वनि रोधक

**इस रोड के दोनों और अस्पताल, सेक्टर, स्कूल और सोसाइटी है**



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

एलिवेटड रोड पर यातायात से बढ़ रहे ध्वनि प्रदूषण को रोकथाम के लिए प्राधिकरण नॉइज बैरियर लगाएगा। इस योजना को मंजूरी मिल गई है।

सीआरआरआई इसकी ड्राइंग तैयार करेगा। ये डिमांड काफी लंबे समय ये एलिवेटड रोड के आसपास पड़ने वाले सेक्टर, स्कूल और अस्पताल प्रबंधन की ओर से की जाती रही है। ड्राइंग के साथ ही इसकी डीपीआर फाइनल की जाएगी।

दरअसल, मास्टर प्लान रोड नंबर-2 पर एलिवेटेड रोड विश्व भारती पब्लिक स्कूल से शॉप्रिक्स माल तक है। इस रोड के दोनों और अस्पताल, सेक्टर, स्कूल और सोसाइटी है। दिन और रात दोनों समय एलिवेटड पर वाहनों का अधिक भार रहता है। वाहनों की आवाज से आसपास के सोसाइटी वासी परेशान है। हाल ही में कुछ सेक्टर वासियों ने सड़क पर नॉइज बैरियर लगाने की मांग भी की थी। प्राधिकरण पहले से ही इस परियोजना को लेकर विचार कर रहा है।

बताया गया कि यह नाइज बैरियर एलिवेटड के दोनों और यानी 4.8 किमी की दूरी पर लगाए जाएंगे। जो यहां की ध्वनि को डायवर्ट कर देंगे। प्राधिकरण ने बताया कि इसको लगाने के लिए मानक होंगे और किस तरह से यह कार्य करेगा इसको लेकर सीआरआरआई को सलाहकार कंपनी बनाया गया है। सलाह के बाद यह जानकारी मिलेगी कि इस पर कितना खर्च आएगा। मनुष्य की श्रवण क्षमता 80 डेसिबल होती है। इससे ज्यादा मनुष्य बर्दाश्त नहीं कर सकता है। 0 से 25 डेसिबल पर तक की आवाज शांत वातावरण को दर्शाता है। यदि आवाज की तीव्रता 80 डेसिबल से अधिक होती है तो मनुष्य बीमार पड़ने लगता है। वहीं, जब आवाज की तीव्रता 130.140 डेसिबल होती है तो व्यक्ति को बेचैनी होने लगती है लगातार इतनी तेज आवाज सुनने पर व्यक्ति बहरा भी हो सकता है।

नॉइज बैरियर हाईवे और घरों के बीच एक ध्वनि अवरोधक के रूप में काम करते है। यह ध्वनि को समाप्त नहीं करते बल्कि प्रभाव को कम कर उसकी क्षमता को कम कर देते है। ऐसे में घरों तक पहुंचने वाला ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव काफी कम हो जाता है। एलिवेटड के दोनों ओर नाइज बैरियर लग जाने के बाद यहां पड़ने वाले दो स्कूल, दो अस्पताल सेक्टर. 28, 26, 27, 23, 24, 51, 33 निठारी में रहने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा।

## इंग्राहम इंस्टीट्यूट में तिलक-कलावा वाले छात्रों को रोकने पर हंगामा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंग्राहम इंस्टीट्यूट में छात्र-छात्राओं के माथे पर लगे तिलक को मिटवाने और कलावा को उतारने के बाद ही एंट्री देने का मामला सामने आया है। जिन्होंने ऐसा नहीं किया, उन्हें संस्थान में एंट्री से रोक दिया गया।

इस मामले की शिकायत पर हिन्दू रक्षा दल कार्यकर्ताओं ने इंस्टीट्यूट पहुंचकर हंगामा किया। बढ़ते विरोध को देखते हुए प्रिंसिपल ने माफी मांगकर मामला शांत किया। फिलहाल इस मामले में पुलिस में लिखित शिकायत नहीं की गई है। हिन्दू रक्षा दल के महानगर महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि राजनगर एरिया में इंग्राहम इंस्टीट्यूट है। यहां से कुछ छात्रों की पिछले चार-पांच दिन से शिकायत आ रही थी कि कलावा या कड़ा पहनकर जाने पर उन्हें एंट्री नहीं दी जा रही है। छात्रों ने हिन्दू रक्षा दल को इससे जुड़ी एक वीडियो भी मुहैया कराई। इसमें प्रिंसिपल खुद गेट पर खड़े होकर ऐसे छात्रों को एंट्री से रोक रहे हैं।

## पिछले 24 घंटे में कारोना संक्रमण के 108 नए मामले

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

जिले में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 108 मरीज चिन्हित हुए हैं। पिछले दो महीने में यह सबसे अधिक संख्या हैं जब एक साथ इतने मरीज संक्रमित हुए हैं।

एक साथ इतने मरीज संक्रमित होने से स्वास्थ्य विभाग की भी टेंशन बढ़ गई हैं। इसमें सबसे अधिक 25 से 40 आयु वर्ग के मरीज हैं। वहीं बढ़ती मरीजों की संख्या के साथ ही कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा भी 309 पहुंच गया है। साथ ही अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। अस्पतालों में कोविड के 22 मरीज इलाज करा रहे हैं, तो वहीं 262 मरीजों का होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा है।

महज 31 मरीज ही अभी अपना होम आइसोलेशन पूरा सके हैं। परिजनों को भी अधिक आवाजाही के लिए मना किया गया है जिससे संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। मार्च में संक्रमित मरीजों की संख्या 133 थीए तो वहीं अप्रैल में मरीजों की संख्या 428 तक पहुंच गई है। हर दिन मामलों में इजाफा हो रहा है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आरके गुप्ता ने बताया कि बढ़ते संक्रमण को लेकर पूरी एहतियात बरती जा रही है।

# ट्विन टावर प्रकरण में जांच फाइल आगे बढ़ी

**नोएडा।** नोएडा के ट्विन टावर मामले की विभागीय जांच चार महीने बाद दोबारा से शुरू हो चुकी है। इसकी सभी पत्रावली और आरोपी बनाए गए 11 अधिकारियों और कर्मचारियों के बयानों को जांच अधिकारी के पास भेज दिया गया है।



ये जांच प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास नरेंद्र भूषण ने ग्रेटर नोएडा के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव को दी है। बयानों और आरोप पत्रों के आधार पर सौम्य श्रीवास्तव अपनी रिपोर्ट प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास को सौंपेंगे। वहीं, विजिलेंस की जांच अंतिम चरणों में है। खास ये है कि रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक नियोजन वैभव गुप्ता को सस्पेंड कर दिया है। वो वर्तमान में यूपीसीडा में तैनात थे। आरोप पत्र जारी होने के बाद जवाब देने वालों में तत्कालीन प्लानिंग असिस्टेंट टीएन पटेल, नगर नियोजक अशोक कुमार मिश्र, सहायक प्रबंधक अनीता, ऋतुराज व्यास सीनियर मैनेजर प्लानिंग, प्रोजेक्ट इंजीनियर बाबू राम, विमला सिंह तत्कालीन सहयुक्त नगर नियोजक, एम सी त्यागी तत्कालीन प्रोजेक्ट इंजीनियर, मुकेश गोयल मैनेजर प्लानिंग शामिल हैं। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी कार्मिक अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण से जुड़े जो भी दस्तावेज है।

## निवेशक प्रस्तावों की वीसी ने की जीडीए में समीक्षा

**गाजियाबाद।** फरवरी में इन्वेस्टर समिट का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुआ था। उसमें कहा गया था कि गाजियाबाद जिले में करीब एक लाख करोड़ से अधिक रुपये का निवेश होगा।

अब निवेश के प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की कोशिश शुरू हो गई है। इसके लिए जीडीए में आज एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीएम एवं वीसी आरके सिंह ने की। इस बैठक में निवेशकों के निवेश के प्रस्तावों को लेकर चर्चा हुई है। इसकी समीक्षा की गई है कि कंपनी ने गाजियाबाद में निवेश के लिए कितने करोड़ का प्रस्ताव दिया था और कितने करोड़ रुपये का निवेश पहले चरण में किया जाएगा। निवेश करने वाली कंपनी को क्या सुविधा की दरकार है और उसने अपने स्तर से इसके लिए कितना कार्य कर लिया गया है। प्रशासन से उसके कितनी मदद और चाहिए। इन सब की समीक्षा की गई है।


### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विक्की राणा/ मीनू/ LBCHD00003752795 | फ्लैट नंबर 69 सी, दूसरी मंज़िल डीएचएफ प्राइम सिटी लांडरान रोड खरड़ पंजाब/ अप्रैल 11, 2023 | जनवरी 18, 2022 रु. 16,09,997/- | सरकाघाट/ दिल्ली/खरड़ |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अप्रैल 14, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली, होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068**

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी है और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रजनी थॉमस/विजी सी जॉर्ज/होस्टल प्लॉट नंबर 11 बी 3 बी/8, वसंत लेन, नंगला देवात वसंतकुंज, दिल्ली-110070/ एलबीकेओएम00005079267 | (ऋण दस्तावेज/सम्पत्ति दस्तावेज में वर्णित सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सर्वे नंबर 174/9ए 1, 9ए 2 ब्लॉक नंबर : 20, आरई सर्वे नंबर : 251/6-1, 251/15-2, पनाचिक्काड ग्राम, कोट्टायम तालुक, कोट्टायम जिला (क्षेत्रफल परिमाप 03.70 सेंट) उत्तर : राजेश्वरी की सम्पत्ति, दक्षिण : बाकी सम्पत्ति, पूरब : रोड, पश्चिम : पारापाराम्बी की सम्पत्ति | 15-03-2023 रू. 18,95,337.00/- | 02-12-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 14-04-2023
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी/ सुरेंद्र कुमार/ अलका/ हुकमाराम/ 102405000649 | खसरा नंबर-437, राजलदेसर, वार्ड नंबर 8 थाना रोड, चूरू बाबत शाश्वत राजलदेसर, तहसील रत्नागढ़ चूरू राजस्थान/ 11 अप्रैल, 2023 | फ़रवरी 23, 2022 रु. 15,57,771.96/- | चूरू, राजस्थान/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अप्रैल 14, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

### सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम की धारा 45आईए के तहत मैसर्स भवानी टेक्नो प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ("कम्पनी") (सीआईएन : यू45202डीएल1985पीएलसी021344) कार्यालय पता : 407, न्यू दिल्ली हाउस, 27, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली डीएल-110001, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था का व्यवसाय करने के लिए आरबीआई के साथ "संवर्ग बी" गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी के रूप में पंजीकृत कम्पनी के पक्ष में 15 मई, 1998 को जारी पंजीकरण का मूल प्रमाणपत्र (सीओआर) आरंभ पंजीकरण संख्या 14.00765 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली में खो गया है और दिनांक 10 सितम्बर, 2019 से ढूंढा नहीं जा सका है, यदि किसी को मिले, कृपया उसको कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय के पते पर लौटाने की कृपा करें। एतद्द्वारा सभी जन को सूचित किया जाता है कि सीओआर का उपयोग नहीं करें और कम्पनी जिम्मेदार नहीं होगी तथा कम्पनी एतद्द्वारा वचन देती है कि सीओआर, यदि बाद में मिल गई, तो आरबीआई, नई दिल्ली, आंचलिक कार्यालय को लौटा दी जाएगी।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते भवानी टेक्नो प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
हस्ता./-
स्थान : दिल्ली (महेश दत्त)
तिथि : 23-03-2023 डीआईएन : 07569895

### Public Notice

This Public Notice has been published for "GENERAL INFORMATION OF THE PUBLIC" THAT the concerned Built-up Flat No.H-172, on Third Floor, comprising of three bedrooms, one drawing Cum Dinning room, Kitchen, Three Toilet/Bathrooms, one Store and Two Varandahs, situated in the Layout plan of retired & Retiring Govt. Employees Co-operative Group Housing Society Ltd. Built on Plot No.29, Known as Rama Krishna Vihar, I.P.Extension, Patparganj, Delhi-110092, has been purchased Jointly by Smt. Sneh Lata Sharma W/o. Sh.Harish Kumar Sharma & Mr.Saksham Sharma S/o. Sh.Harish Kumar Sharma R/o. 230/29B, Flat No.4, Gali No.9A, Railway Colony, Mandawali, Delhi-110092, vide Agreement to Sell and Purchase dated 22-03-2023, with the previous owner of this flat namely : Mrs.Anupa Ghosh w/o. Late Sh.Nirmal Ghosh, Signed through her Lawful Attorney Dr. Aloke Ghosh S/o. Late Sh.Nirmal Ghosh, R/o. 929, Terramore LN Waxhaw, NC-28173-0048. Any Person living or dead or resembling through any of his/her legal heirs successor & assigns thereof, if having any objections, stake/s or interest/s of whatsoever kind/type upon this above mentioned property, then he/she/they can/may contact the below mentioned person for any details/query regarding the present sale & purchase of this above mentioned property immediately within one week from the date of this News Paper Publication, failing which thereafter no further objections/stakes/interest of whatsoever kind/type from any other Person living or dead or resembling through any of his/her legal heirs successor & assigns thereof shall not be at all entertained or taken into consideration by any of the above mentioned & below mentioned person/s which are parties to this agreement to sell & purchase regarding this above mentioned flat, and thereafter the present purchasers of this flat shall become the absolute & complete owners of this flat thereafter by virtue of the sale deed to be executed amongst the above mentioned parties to this agreement to sell & purchase dated 22-03-2023.

**Harish Kumar Sharma**
S/o.Late Sh.Baldev Raj Sharma,
R/o.230/29B, Flat No.4, Gali No.9A,
Railway Colony, Mandawali, Delhi-110092,
Phone No.9810487548,9013568419.

### Public Notice

My clients Mr. Pramod Kumar Jain S/o Late Sh. Mohan Lal Jain & Smt. Neelam Jain W/o Pramod Kumar Jain both R/o A-205, Jyoti Super Gardenia, AhinsaKhand-II, Indirapuram, Ghaziabad, U.P.-201014 have debarred their son Vasu Jain and his wife Swati Jain from their all movable immovable properties due to their misconduct, misbehaviour. They are living separately and have no concern with my clients since just after their marriage on 12.02.2023
Any person dealing with them, then they will be self-responsible.

**BHARTI GUPTA**
**Advocate**
Enrl No. D/631/2012 55, Lawyer's Chamber
Supreme Court Buildings New Delhi-110001

### Public Notice

My clients Mrs. Anu Jain W/o Sh. Anshul Jain D/o Sh. Pramod Kumar Jain R/o 7/118, Sector-2, Rajendra Nagar, Sahibabad, Ghaziabad, U.P.-201005 has debarred her brother Vasu Jain and his wife Swati Jain due to their misconduct, misbehaviour and she has no concerned with the matrimonial life of her brother and his wife.
Any person dealing with them, then they will be self-responsible.

**BHARTI GUPTA**
**Advocate**
Enrl. No. D/631/2012 55, Lawyer's Chamber
Supreme Court Building; New Delhi-110001

### सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व० श्री इन्दर पाल सिंह, उक्त संपचि House area measuring 129.83 Sq. Yds., i.e., 108.59 Sq. Meters, out of Khasra No. 698, situated at Village Anvarpur, Tehsil & Distt. Hapur का बिक्री विलेख दिनांक 28.01.1997, पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 296 के द्वारा मालिक थे। उपरोक्त संपचि मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री इन्दर पाल सिंह के विधिक उत्तराधिकारी श्री आदर्श कुमार, श्री प्रशांत को कोई आपत्ति नहीं है अगर श्री मुकेश कुमार उपरोक्त संपत्ति को बंधक करें! यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हकइस प्रॉपर्टी में नहीं है।

**राघव तिवारी (अधिवक्ता)**
**830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001**
**Mob.: +91-8076188328**

### कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता,
### उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी

दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eehal-ujs-uk@nic.in

पत्रांक : 1147/निविदा/152 — दिनांक : 13.04.2023

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा शाखा हल्द्वानी के अन्तर्गत निम्न कार्यो हेतु अनुभवी फर्मों से दिनांक 29.04.2022 के अपरान्ह 3.00 बजे तक टैण्डर बॉक्स के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/2023-24 | हल्द्वानी काठगोदाम नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल स्थित वाटर ट्रीटमैन्ट नं0-4 एवं 1 में फिल्टर मीडिया को बदले जाने तथा अन्य मरम्मत कार्य। | Rs.2000.00+ 360.00 (GST 18%) = 2360.00 | ₹ 40500.00 | 90 दिन |

**शर्ते :-**

1. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम/निविदा संख्या अंकित करना अनिवार्य है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, तिकोनिया हल्द्वानी से दिनांक 15.04.2023 से 28.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5.00 बजे तक क्रय की जा सकती है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मांगे जाने पर रू0 100.00 अतिरिक्त देय होगा।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीय बैंक/पोस्ट ऑफिस में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंकगारन्टी/एन.एस.सी के रूप में संलग्न करनी होगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. उक्त किसी भी तिथियों को अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
5. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी को एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
6. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी तथा संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में भी किया जाएगा।
7. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, रू0 1.00 के हस्ताक्षरयुक्त रसीदी टिकट के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदा प्रपत्र प्राप्त करते समय फर्म द्वारा कम से कम 100 घनमीटर फिल्टर मिडिया की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही निविदा प्रपत्र निर्गत किया जायेगा।
9. निविदादाताओं को प्रमुख सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश संख्या 6447/111-(2)/11-20 (सा0)/11 देहरादून दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी (Additional Performance Security) जोकि NSE/FDR/TDR/KVP के रूप में अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी के नाम बन्धक होगी, अनुबन्ध से पूर्व विभाग में जमा की जानी होगी।
10. ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
11. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी। जो कभी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

### Public Notice

This is to inform General Public that M/s Anita Builders Pvt Ltd acquired the Second Floor (Without Roof Rights), "Said Floor", Built on Property Bearing No. D-267, Land area measuring 153.28 Sq. mtrs. i.e 183.33 Sq. yds. in Block-D, situated in the Layout Plan of The Railway Board Employees Co-Operative House Building Society Ltd, Colony Known as "Anand Vihar", New Delhi vide Sale Deed dated 02.06.2020, (Doc. no. 2019). Now, M/s Anita Builders Pvt Ltd has intending to sell the above said property to Mr. Lalit Bhararamji Choudhary and further Mr. Lalit Bhararamji Choudhary agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 14 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 14 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 14 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

### Public Notice

This is to inform general public that Smt. Satwant Kaur has acquired the Ground Floor without roof rights, built-up Property bearing no. WZ-7-A-/1, Plot no. 46, area measuring 62 sq. yards., out of rectangle no. 15, Killa no. 23/1, situated in the area of Village Chaukhandi, Colony known as Sant Garh Extn, New Delhi-110018 vide Sale Deed dated 09.08.2016, Document No. 7664. That, Smt. Satwant Kaur has misplaced the below mentioned documents. a)Original Sale Deed dated 22.12.2005 executed by Sh. Mangaljit Singh & Sh. Amarjit Singh in favour of Smt. Manjit Kaur in respect of Built-up Ground Floor without roof rights, Plot bearing no. 46, New no. WZ-7-A-/1, area measuring 62 sq. yards., out of rectangle no. 15, Killa no. 23/1. B)Original Sale Deed dated 09.08.2016 executed by Smt. Manjeet Kaur in favour of Smt. Satwant Kaur in respect of Ground Floor without roof rights, built-up Property bearing no. WZ-7-A-/1, Plot no. 46, area measuring 62 sq. yards., out of rectangle no. 15, Killa no. 23/1 and the same was dully registered with the sub-registrar- II Basai Darapur New Delhi, as Document No. 7664, Volume No. 22842, Book no. 1, Page No. 178-188, on 11.08.2016.Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of Suryoday Small Finance Bank. Now, Smt. Satwant Kaur is intending to sell the said property to Mrs. Renu Kaur and further Mr. Manjeet Singh and Mrs. Renu Kaur are mortgaging the above said property with Suryoday Small Finance Bank & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023





कोरोना की जांच करतीं स्वास्थ्यकर्मी। फोटोः रंजन डिमरी

# कोरोना के मामले डेढ़ हजार के पार, संक्रमण दर 27.77 फीसदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में कोरोना के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। पिछले चौबीस घंटों में कोविड-19 के 5499 लोगों की जांच की गई है जिसमें से 1527 मरीज संक्रमित मिले हैं। इस दौरान संक्रमण दर भी 27.77 फीसदी दर्ज किया गया है।

संक्रमण दर में 3.97 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है जबकि बुधवार को 27.77 फीसदी थी। गुरुवार को दो लोगों मौत भी हुई। उनमें से एक की मौत का प्राथमिक कारण कोरोना नहीं था। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच गुरुवार को कहा कि आने वाले दिनों में कोरोना के मामले बढ़ेंगे, क्योंकि




यहां घनी आबादी है लेकिन लोगों को घरारने की जरूरत नहीं है।

सरकार के पास पर्याप्त बेड्स, ऑक्सीजन, एंबुलेंस और जांच की सुविधा है। हलांकि उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों और गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को मास्क पहनने, भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने की सलाह दी है।

# कुछ सप्ताह में चरम पर पहुंचेगा कोविड-19 संक्रमण

## एलएनजेपी अस्पताल के निदेशक डॉ. सुरेश की राय बच्चों में बुखार, खांसी-सर्दी, आंखों और पेट के संक्रमण जैसे लक्षण आ रहे हैं सामने



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित एक नवजात को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगले कुछ सप्ताह में दिल्ली में कोविड के मामले चरम पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने काि कि अस्पताल में सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है। दो हजार बिस्तरों वाला यह अस्पताल दिल्ली सरकार के मातहत आने वाला शहर का सबसे बड़ा अस्पताल है।


डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि बच्चों का टीकाकरण नहीं हुआ है, ऐसे में उनके लिए एहतियात बरतने की जरूरत है क्योंकि उनमें बुखार, खांसी-सर्दी, आंखों में संक्रमण और पेट के संक्रमण जैसे लक्षण नजर आ रहे हैं। (कोरोना वायरस का) यह स्वरूप (एक्सबीबी.1.16) बच्चों को ज्यादा प्रभावित कर रहा है। हमारे अस्पताल में 18 दिन के नवजात को भर्ती कराया गया है और वह कोरोना वायरस से संक्रमित है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चार और बच्चे भर्ती हैं। स्कूलों और सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनना सही है, वरिष्ठ नागरिकों को भी मास्क लगाना चाहिए। सावधानी बरतना हमेशा बेहतर होता है। अगले एक-दो सप्ताह में कोविड के मामलों को चरम पर देखेंगे, और फिर उनमें गिरावट आने लगेगी। अस्पताल में मरीजों, खासतौर से बच्चों के लिए पूरे प्रबंध किए है, क्योंकि संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना वायरस का नया स्वरूप एक्सबीबी.1.16 इस वृद्धि के लिए जिम्मेदार हो सकता है। हालांकि, घबराने की जरूरत नहीं है और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीके की बूस्टर डोज जरूर ले लेनी चाहिए।



**घबराने की जरूरत नहीं है और लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीके की बूस्टर डोज जरूर लेनी चाहिए**

## स्कूलों के लिए दिशा-निर्देश जल्द : आतिशी

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य विभाग हालात की समीक्षा



कर रहा है और जल्द स्कूलों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा दिल्ली सरकार कोविड-19 की समीक्षा कर रही है और इस संबंध में सभी स्कूलों के लिए दिशा-निर्देश जल्द जारी किए जाएंगे।

# एम्स परिसर में मास्क और कोविड-उपयुक्त व्यवहार अनिवार्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बढ़ते मामलों के बीच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने एक परामर्श जारी कर अस्पताल के सभी कर्मचारियों के लिए परिसर के अंदर मास्क पहनना और कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करना अनिवार्य कर दिया है।

आठ अप्रैल को जारी परामर्श में कहा गया है, कार्यस्थल पर फिर उपयोग किए जा सकने वाले कपड़े के फेस कवरासर्जिकल मास्क का उपयोग करना चाहिए। कार्यस्थल की उचित सफाई और बार-बार स्वच्छता सुनिश्चित करें, विशेष रूप से अक्सर स्पर्श की जाने वाली सतहों की। इसके




अलावा कैंटीन या कार्यालयों में पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने से बचना चाहिए। इसमें कहा गया है, सभी कर्मचारियों को सलाह दी गई है कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और बुखार, श्वसन संबंधी समस्या और अस्वस्थ महसूस होने पर लक्षणों पर ध्यान दें और डॉक्टर की सलाह से पृथकवास का पालन करें और कोविड-19 की जांच करवाएं।

जिन लोगों को अधिक जोखिम है, उनमें बुजुर्ग कर्मचारी, गर्भवती कर्मचारी और जो बीमारियों से ग्रसित हैं, वह लोग शामिल हैं। इन्हें अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। कोविड-19 के वैश्विक मामलों में वृद्धि के मद्देनजर और बीमारी के नए प्रकोप को रोकने के लिए, अस्पताल के सभी कर्मचारियों को कोविड-19 के उपयुक्त व्यवहार का पालन करने की सलाह दी जाती है।

## छींकते, खांसते समय नाक रूमाल से ढ़कें

परामर्श में छींकते और खांसते समय नाक और मुंह को कोहनी, रूमाल या अन्य चीजों से ढंकने और शारीरिक दूरी बनाए रखने और दिशा-निर्देशों के अनुसार भवन कमरे में सख्त कीटाणुशोधन के उपयोग संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई है। इसमें विशेष रूप से कैंटीन में भीड़ करने से बचने की सलाह दी गई है। परामर्श में कहा गया है, कार्यालय परिसर में आगंतुकों के प्रवेश को अधिकतम सीमा तक हतोत्साहित करें।

# जेसीबी से कुचलकर कूड़ा बीनने वाले की मौत

- स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़कर जमकर पीटा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के विकास नगर इलाके में गुरुवार को एक कूड़ा बीनने वाले की जेसीबी से कुचलकर मौत हो गई ।एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मृतक की पहचान पटना निवासी 45 वर्षीय पप्पू सिंह के रूप में हुई है। जेसीबी चालक ने पप्पू के शव को प्लास्टिक की थैली में डालने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर



दी। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 9:06 बजे रणहौला थाने में फोन आया कि आशीष फार्म, वर्मा रोड के सामने एक व्यक्ति को जेसीबी से कुचल कर मार डाला गया है, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पप्पू का शव बरामद किया।

बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त हरेंद्र सिंह ने कहा कि पप्पू का सिर कुचला हुआ था और आधा शरीर प्लास्टिक की थैली के अंदर था। आगे की जांच में पता चला कि जेसीबी चालक की पहचान द्वारका के महावीर एन्क्लेव निवासी सन्नी कुमार के रूप में हुई है, जो अपने मालिक के निर्देश पर मैदान की सफाई करने आया था। डीसीपी ने कहा कि पीड़ित का सिर जेसीबी के टायर के नीचे आ गया क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का दौरा कर सबूत जुटाए, जबकि पप्पू के शव को पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू अस्पताल भेज दिया गया। अधिकारी ने कहा, जेसीबी के चालक को पप्पू के शव को प्लास्टिक की थैली में डालने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया।

# सार्वजनिक शौचालयों की बदहाली पर दो सफाई कर्मचारी निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमसीडी ने गोकुलपुरी इलाके में सार्वजनिक शौचालयों की खराब स्थिति के लिए दो सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है और दूसरे अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की है।

इसके अलावा सहायक स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, जूनियर इंजीनियर, सहायक इंजीनियर और कार्यकारी इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। दिल्ली महिला आयोग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गत पांच अप्रैल को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने स्थानीय पार्षदों और निवासियों की एक टीम के साथ कई सार्वजनिक शौचालयों की पड़ताल की थी।

आयोग ने कहा था कि इस पड़ताल के दौरान पाया गया कि मौके पर कोई देखभाल करने वाला नहीं था और अंदर एवं बाहर गंदगी पड़ी थी। बाद में महिला आयोग ने एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया ताकि जवाबदेही तय की जा सके। एमसीडी के अधिकारियों ने आयोग को सूचित किया कि दो कर्मचारियों को निलंबित किया गया है।

# नौकरी का झांसा देकर बेगमपुर में युवती से कार में सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- पीड़िता ने दर्ज शिकायत में कहा, आरोपियों ने बना अश्लील वीडियो, दी वायरल करने की धमकी

दिल्ली पुलिस ने एक युवती की शिकायत के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक युवती का आरोप है कि नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति और उसके सहयोगी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़ित (19) ने अपनी शिकायत में कहा है कि एक व्यक्ति ने उसे नौकरी दिलाने के सिलसिले में मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन आने को कहा था। यह मामला बुधवार को उस समय सामने आया जब युवती ने मालवीय नगर पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के मुताबिक वह सितंबर 2020 में वह सोशल मीडिया के जरिए अनुभव नाम के एक व्यक्ति के संपर्क में आई थी। पीड़िता को उस समय नौकरी की जरूरत थी। पीड़िता ने कहा कि अनुभव ने उसे नौकरी के बारे में चर्चा करने के लिए मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन आने के लिए कहा था। जब वह वहां पहुंची तो उसने देखा कि अनुभव और उसके दो दोस्त एक कार में उसका इंतजार कर रहे हैं। वह कार में सवार हो गई और कुछ देर गाड़ी चलाने के बाद दो ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# महापौर चुनावः 17 को पर्चा दाखिल करेंगे आप उम्मीदवार : भारद्वाज

पायनियर समचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि महापौर और उपमहापौर पदों के लिए पार्टी के उम्मीदवार 17 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र भरेंगे।

नामांकन प्रक्रिया 18 अप्रैल को समाप्त होनी है और मेयर तथा डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए एमसीडी की सामान्य बैठक 26 अप्रैल को होगी। सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार मीडिया से बातचीत में कहा, 18 अप्रैल अंतिम तिथि है, इसलिए वे अपना नामांकन 17 अप्रैल को भरेंगे।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कह कि दिल्ली नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अब हथियार डाल



दिए हैं। भगवा पार्टी धीरे-धीरे अब वे एमसीडी में अपनी हार को स्वीकार करने लगे हैं। पार्षदों को खरीदने के उनके प्रयास अब कम होने लगे हैं।

# किसानों को अंगूर की खेती का दिया जाएगा प्रशिक्षण

- उपराज्यपाल ने किसानों को 2000 अमरूद और अंगूर के पौधे लगाने के लिए सौंपे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कुतुबगढ़ गांव का दौरा कर वहां के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए 1000 अंगूर और 1000 अमरूद के पौधे दिए।

इससे गांव के आसपास अंगूर और अमरूद की खेती को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को अंगूर की खेती वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र



में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पदभार संभालने के बाद उपराज्यपाल ने कुतुबगढ़ का दूसरी बार दौरा किया है।

इससे पहले उन्होंने 2 सितंबर 2022 को गांव का दौरा किया था। उस समय उन्होंने 500 स्थानीय किसानों को 1000 चंदन के पौधे दिए थे ताकि शहर को हरा-भरा बनाने के साथ ही इसे खूशबूदार भी बनाया जाए। इस मौके पर उन्होंने वन विभाग की ओर से विकसित किए गए लोकल सिटी फॉरेस्ट का भी निरीक्षण किया और उन्होंने भी अमरूद के पौधे लगाए। उपराज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली में राजस्थान और पड़ोसी राज्यों से अमरूद आते हैं लेकिन ग्रामीणों की भागीदारी से दिल्ली ही अमरूद का उत्पादक राज्य बन सकती है।

इसी तरह अंगूर के पौधे लगाने से यहां के वनस्पति जगत में भी विविधता आएगी। अमरूद और अंगूर की स्थानीय खेती से किसानों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

इससे अन्य गांवों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उपराज्यपाल ने कहा कि किसानों को अंगूर की खेती वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## आंबेडकर जयंती पर दिल्ली सरकार के कार्यालयों में अवकाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों, उपक्रमों और स्वायत्त निकायों के सभी कार्यालय शुक्रवार को डॉ बीआर आंबेडकर की जयंती के अवसर पर बंद रहेंगे।

सामान्य प्रशासन की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आंबेडकर की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में 14 अप्रैल को अवकाश घोषित किया है। इसके लिए अधिसूचना जारी हुई है।

## भाजपा ने भी शुरू किया बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा कार्यक्रम

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को बुजुर्गों और महिलाओं के लिए एक मुफ्त तीर्थयात्रा कार्यक्रम की शुरूआत की तथा पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने मथुरा-वृंदावन के लिए चार बसों को हरी झंडी दिखा कर यहां से रवाना किया। भाजपा का मुफ्त तीर्थयात्रा कार्यक्रम दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना की तर्ज पर है, जिसके तहत बुजुर्ग नागरिकों को देश भर की मुफ्त तीर्थयात्रा कराई जाती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कोंडली से चार बसों को मथुरा, वृंदावन और गोवर्द्धन के लिए बृहस्पतिवार को रवाना किया गया, जिनमें करीब 200 बुजुर्ग नागरिक एवं महिलाएं सवार हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा तीर्थस्थलों में बसी हुई है और जब तक हमारा धर्म एवं संस्कृति बरकरार है तब तक हमारा अस्तित्व है। प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने कहा, आने वाले दिनों में पार्टी वाराणसी और अयोध्या के लिए बसों को रवाना करेंगे।

# आईपी यूनिवर्सिटी का पूर्वी परिसर मई में बनकर होगा तैयार

## रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन, डिजाइन एंड इनोवेशन, फायर-मैनेजमेंट सहित बनेंगे पांच स्पेशलाइज्ड सेंटर : आतिशी

- कैंपस में 2400 छात्रों को मिलेगा दाखिला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सूरजमल विहार में बन रहा गुरु गोबिंद सिंह इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी का पूर्वी परिसर मई में बनकर तैयार हो जाएगा। इस नए परिसर में 2400 से अधिक छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा मिलेगी। यहां 21वीं सदी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन, डिजाईन एंड इनोवेशन, फायर-मैनेजमेंट, लिबरल आर्ट सहित 5 स्पेशलाइज्ड सेंटर बनाये जा रहे है। साथ ही वर्ल्ड-क्लास सेंट्रल लाइब्रेरी का निर्माण भी किया गया है।



अगले महीने इस परिसर का उद्घाटन कर मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल करेंगे।

किसी भी देश के स्कूल वहां कि बुनियाद को मजबूत बनाने के काम करते है और देश कितनी ऊँचाइयों तक जायेगा ये उसके विश्वविद्यालय तय करते हैं। केजरीवाल सरकार शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाते हुए बुनियाद को मजबूत करने के साथ-साथ देश को नंबर एक बनाने के क्रम में अपने विश्वविद्यालय के माध्यम से देश को ऊँचाइयों तक ले जाने का काम भी कर रहे हैं। गुरुवार को उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने अधिकारीयों के साथ गुरु गोबिंद सिंह इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी का पूर्वी परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र हमेशा से दिल्ली सरकार की प्राथमिकता में शुमार रहा है। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए आईपी विवि के इस शानदार पूर्वी कैंपस का निर्माण करवाया है। फाइव स्टार रेटिंग के मानकों के साथ हुआ हाईटेक परिसर का निर्माण। नेट जीरो एनर्जी कंसम्पशन के साथ कैंपस बिजली की जरूरतों को खुद पूरा करेगा। भूजल संचयन के साथ जीरो सीवेज डिस्चार्ज की व्यवस्था। तापमान कम करने के लिए फ्लाइएश से बनी ईंट का इस्तेमाल किया गया। सौर ऊर्जा से जगमगाएगा पूरा कैंपस, हर बिल्डिंग के ऊपर सोलर पैनल की व्यवस्था होगी। प्रशासनिक खंड, ऑडिटोरियम, शिक्षण खंड एवं खेल खंड शामिल है।

### छात्रों को मिलेंगे फ्लैगशिप कोर्स

यूनिवर्सिटी अपने पूर्वी कैंपस में छात्रों को बीटेक इन ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स, बीटेक इन आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस, बीटेक इन आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग आदि जैसे शानदार कोर्स ऑफर करेगी।

## परीक्षा के तनाव के चलते डीयू की नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के अहिल्या बाई कॉलेज ऑफ नर्सिंग की 19 वर्षीय छात्रा ने छात्रावास के अपने कमरे में फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली।

उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि परीक्षा में अपने प्रदर्शन को लेकर वह तनाव में थी। कॉलेज सूत्रों ने खुलासा किया कि बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित रूप से फांसी लगा ली। वह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अहिल्या बाई नर्सिंग हॉस्टल एमएएमसी से आठ अप्रैल को शाम करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिली कि बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली है।

# शहद की जीआई टैगिंग से राजस्व और रोजगार में बढ़ोतरी : लिखी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शहद की जीआई टैगिंग से मधुमक्खी पालन और उत्पादन के माध्यम से उत्पादकों के राजस्व और क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि करके ग्रामीण क्षेत्रों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

यह बात डीए एंड एफडब्ल्यू के अतिरिक्त सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी ने कही। डॉ. लिखी ने 'शहद/मधुमक्खी पालन क्षेत्र में तकनीकी हस्तक्षेप और नवाचार' पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया। उद्यान आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने देश में मधुमक्खी पालन की स्थिति की जानकारी दी। डॉ. एनके पटले राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड ने भूमिका और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यशाला में सैमुअल



वर्कशॉप में विचार व्यक्त करते अतिरिक्त सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी

प्रवीण कुमार, संयुक्त सचिव ने सफल मिशन, बुनियादी ढांचे, नवाचारों और तकनीक पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. बलराज, डॉ. वी. गीतालक्ष्मी, पी. चंद्र शेखर, निर्मल , नूर मोहम्मद, अमित, जयकुमार, निमि , डॉ अर्जुन, दीपक जॉली, पंकज प्रसाद रतूड़ी, रमेश मित्तल, डॉ. राजीव चावला, डॉ. उमेश आदि ने अपनी बात साझा की।

# गुरुग्राम में 44 केंद्रों पर तीन शिफ्ट में होगी यूपीएससी की परीक्षा

**16 अप्रैल को आयोजित की जाएगी यूपीएससी की परीक्षा**

**एडीसी की अध्यक्षता में हुई तैयारी बैठक में अधीनस्थों को दिए जरूरी निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में यूपीएससी की परीक्षा को लेकर बैठक लेते एडीसी।

**जिला** में 16 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा आयोजित की जाएगी। सीडीएस, एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। लघु सचिवालय में आयोजित इस बैठक में उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

एडीसी ने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है, जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर ले। 16 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 44 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सीडीएस परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण सुबह 9 बजे से 11 बजे तक, दूसरा चरण दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक व तीसरा चरण दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। वहीं एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा के लिए प्रथम चरण सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 2 बजे से सायं 4.30 बजे तक रखा गया है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन ने परीक्षा के बारे में विस्तार से बताया कि 16 अप्रैल को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। परीक्षा केन्द्रों पर शौचालयों आदि की सभी व्यवस्था पूरी होनी चाहिए।

## पति के तानों से तंग आकर पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

**बेटा न पैदा कर पाने पर पति करता था प्रताड़ित**

**सोहना।** सोहना सदर थाना के गांव खेड़ला में बेटी होने के ताने से परेशान 28 वर्षीय महिला ने की आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। मृतक विवाहिता के भाई ने बहन को जीजा द्वारा मरने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद ड्यूटी मैजिस्टेट की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जिला फरीदाबाद का थाना छायसा के गांव पनहेड़ा खुर्द निवासी भीम ने सदर थाना पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह उन्हें फोन के द्वारा सूचना दी गई कि बहन कृष्णा ने फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली। वह और परिवार के अन्य सदस्य गांव खेड़ला पहुंचे। वहा उसकी बहन कृष्णा का शव बेड पर पड़ा हुआ था। कृष्णा के गले पर काले-काले निशान पड़े हुए थे। भीम ने पुलिस को बताया कि कृष्णा की शादी मार्च 2015 में खेड़ला निवासी बलजीत के साथ की थी। उसकी बहन ने तीन बेटियों का जन्म दिया। बड़ी बेटी की उम्र 7 वर्ष बीच वाली बेटी की उम्र 3 वर्ष और तीसरी बेटी को जन्म करीब छह माह पहले ही दिया था। कृष्णा के द्वारा तीसरी बेटी का जन्म देने के बाद से बलजीत आए दिन कृष्णा को शराब पीकर मारता व पिटता था। हर दिन बलजीत कृष्णा को बेटा को जन्म न देने का आरोप लगाता था। 25 मार्च को उसके चाचा की मृत्यु हो गई थी। तब से कृष्णा अपने पिता के घर पर ही रह रही थी।

9 अप्रैल को उसने बलजीत से बात की और उसके कहने पर कृष्णा को खेड़ला छोड़कर गया था। मृतक के भाई भीम ने कृष्णा को बलजीत ने आए दिन मारपीट करते हुए आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया है।

## लोहे की रॉड, डंडे और कुल्हाड़ी के हमले में युवक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


गुरुवार को सोहना के नागरिक अस्पताल परिसर में मृतक भोला के शव का पोस्टमार्टम होने का इंतजार करते हुए परिजन व मित्रगण।

**बुधवार** की शाम पलवल मार्ग पर सड़क किनारे पैदल घूम से दो में से एक युवक 20 से 25 युवकों ने लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सोहना से गुरुग्राम जाते समय युवक ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। स्थनीय पुलिस ने मृतक युवक के भाई की शिकायत पर 8 नामजद समेत करीब 25 आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। जिला पलवल का गांव असावटा निवासी ललित ने स्थानीय पुलिस को बताया कि वह और उसका भाई भोला तीन दिन से लाखूवास में बने बेरका निवासी के फार्म हाउस पर घूमने के लिए आए थे।

बुधवार की शाम करीब साढ़े 5 बजे अपने भाई भोला के साथ गांव लाखूवास के निकट सड़क किनारे पैदल घूम रहा था। उसी समय तीन गाड़ियां आचनक से उनके पास आकर रुकी। जिनमें से 20 से 25 नौजवान उतरकर आए। जिनके हाथों कुल्हाड़ी, लोहे की रॉड, लाठी, डंडा और पिस्टल आदि थे। जिन्होंने मिलकर उसके भाई भोला पर जानलेवा हमला करते हुए जबरदस्त तरीके से मारते-पिटते हुए गंभीर रुप से घायल कर दिया। खून से लथपथ भोला सड़क किनारे गिर गया। भोला को जमीन गिरने के साथ उसे मरा समझ अपने साथ लाए गाड़ियों में सवार होकर भाग गए। उसने निजी वाहन की मदद से भोला को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया, लेकिन भोला की हालत अधिक गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। गुरुग्राम ले जाते समय भोला ने बीच रास्ते में ही दमतोड़ दिया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि मृतक भोला के भाई ललित द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मामला किस प्रकार का है यह जांच के दौरान खुलासा होगा।

**पुरानी रंजिश का मामला में हुई हत्या :** जानकार सूत्रों अनुसार मृतक भोला और हमलावरों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। जिसके चलते भोला गांव लाखूवास में आकर छूपा हुआ था। रंजिश किस बात को लेकर चल रही थी। इकसा खुलासा पुलिस भी नहीं कर पा रही है।

**मृतक ने मरने से पहले दिए बयान :** मृतक के भाई ललित ने बताया कि जिस समय भोला नागरिक अस्पताल सोहना में ही था। भोला ने स्थानीय पुलिस को 7 से 8 हमलवारों के पहचान करते हुए नाम बताए हैं। जिनमें कपिल, आजाद, राजेश भारत, ललटी, मनीष व रोहित समेत 10 से 15 अन्य आरोपी गिनवाए। ये सभी आरोपी पलवल शहर और आस पास के गांवों में रहने वाले हैं। सुनील कुमार प्रभारी शहर थाना ने बताया कि मृतक भोला के भाई ललित द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मामला किस प्रकार का है यह जांच के दौरान खुलासा होगा।

## देश का पहला स्वदेशी बैंक है पंजाब नेशनल बैंक : राजेश कुमार

**लाला लाजपत राय ने 1895 में रखी थी बैंक की नींव**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पंजाब नेशनल बैंक के स्थापना दिवस पर आयोजित रक्तदान एवं चिकित्सा जांच शिविर में रक्तदान करते अधिकारी।

**पंजाब** नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेश कुमार ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक देश का प्रथम स्वदेशी बैंक है। पंजाब नैशनल बैंक की स्थापना स्वतंत्रा सेनानी देशभक्त लाला लाजपत राय ने 1895 में प्रथम स्वदेशी बैंक के रुप में इसकी नींव रखी थी। यह बात उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक के 129वें स्थापना दिवस समारोह पर आयोजित रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए कही।

मण्डल प्रमुख राजेश कुमार द्वारा संस्थापक स्वतन्त्रता सेनानी लाला लाजपत राय को माल्यार्पण व पुष्प अर्जित कर किया गया। उन्होंने लाला जी को याद करते हुए कहा उनके बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि हमारी आधुनिक जीवनशैली तनाव युक्त है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। समय की कमी के कारण हम स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरतते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने हेतु इस शिविर का आयोजन किया है।

रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए मण्डल प्रमुख राजेश कुमार ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। बैंक द्वारा आयोजित शिविर में स्टाफ सदस्यों द्वारा सक्रिय रूप से हिस्सा लेते हुए 102 यूनिट रक्तदान किया गया। लगभग 200 स्टाफ सदस्यों ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान ग्राहक संपर्क बैठक में ग्राहकों को बैंक की नवीनतम योजनाओं व उत्पादों की जानकारी दी गई एवं ग्राहकों से प्राप्त सुझावों को भविष्य में बेहतर बैंकिंग सेवाओं को प्रदान करने के लिए नोट किया गया। इस अवसर पर उपमण्डल प्रमुख हरिश्चंद्र जोशी, भूपिंदर सिंह सैनी, इन्दु खिवानी, सहायक महाप्रबंधक, भूपेश ओला सहायक महाप्रबंधक, मुख्य प्रबन्धक अनिल कुमार मीणा, श्याम लाल एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## सस्केचेवान प्रांत के प्रतिनिधिमंडल की औद्योगिक संगठनों के साथ अहम बैठक

**बैठक में औद्योगिक व व्यावसायिक क्षेत्र में निर्यात को प्रोत्साहन पर हुई चर्चा**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में स्थानीय औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कनाडा के सस्केचेवान प्रांत के प्रतिनिधिमंडल।

**द** हरियाणा-सस्केचेवान लेजिसलेटिव मीट-2023 के तहत गुरुवार को गुरुग्राम में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में कनाडा के सस्केचेवान प्रांत की विधानसभा के प्रतिनिधिमंडल व गुरुग्राम जिला के विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की।

हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग द्वारा यहां पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में आयोजित इस बैठक में कौशल विकास, व्यावसाय, उद्योग सहित अन्य विषयों पर चर्चा करने के साथ आपसी सहयोग में रूचि दिखाई। हरियाणा निर्यात प्रोत्साहन परिषद के चेयरमैन अनुराग बख्शी ने सस्केचेवान प्रांत के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने गुरुग्राम को हरियाणा का प्रमुख शहर बताते हुए कहा कि आटोमोबाइल, गारमेंट्स, आईटी व सर्विस आदि क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर इस शहर की पहचान है। फॉर्च्यून 500 में से आधे से अधिक कंपनियों के कार्यालय भी यहां पर है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में हरियाणा ने माल निर्यात में 15.5 बिलियन यूएसडी व सर्विस क्षेत्र में 13.5 बिलियन यूएस डॉलर का निर्यात किया। उन्होंने कनाडा से आए प्रतिनिधिमंडल को व्यापार और निर्यात के क्षेत्र के सहयोग में आगे आने का निमंत्रण भी दिया। इससे पहले हरियाणा विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी ने कहा कि गीता व कर्म की भूमि हरियाणा में निवेश, व्यापार व अन्य क्षेत्रों में अवसरों की अपार संभावनाएं है।

## विवेकानंद शाश्वत शिखर सम्मेलन-2023 में लाइफटाइम अचीवमेंट को सम्मान के साथ नवाचार को मिली मान्यता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**को विवेकानंद** यूथ कनेक्ट के द्वारा विवेकानंद शाश्वत (सस्टेनेबलिटी) शिखर सम्मेलन-2023 के दूसरे संसकरण का आयोजन 12 अप्रैल को नई दिल्ली डॉक्टर अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। इस सम्मेलन में माननीय श्री नितिन गडकरी (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार), चिन्मयानंद सरस्वती, डॉ. लोकेश मुनि, और केंद्र सरकार और दुनिया भर के उद्योगों के उच्च पदस्थ अधिकारियों, सामाजिक संगठन और स्टार्ट-अप लॉन्च करने वाले उद्यमियों, विशेषज्ञों सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को विकास में योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस शिखर सम्मेलन में केन्द्रीय सड़क परिवरण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि विवेकानेद जी हमारे आइकॉन हैं। उन्होंने एक बार अपनी भविष्यवाणी में कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। जो कई मायमों में सच साबित होती नजर आ रही है। समग्र विकास के लिये हमें इथिक्स, इकॉनॉमी और इनवायरमेंट पर काम करना होगा। इथिक्स के लिये विवेकानंद जी हमारे आइकॉन हैं, जिनके सुझाए रास्ते पर हमें चलना होगा, वहीं हमारी इकॉनॉमी बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। हम अपने विभिन्न प्रयासों और पहलों से अपने निर्यात को बढ़ा रहे है, और आयात कम कर रहे हैं। गडकरी ने आगे कहा कि इकॉलॉजी और इनवायरमेंट के क्षेत्र में काम करते हुए हम वेस्ट टू वेल्थ के लिये कई परियोजनाएं लेकर आ रहे हैं, जिससे कचरे एवं पराली को समृद्धि में बदला जा सके। इकॉलॉजी और इनवायरमेंट पर काम करने में हमारी युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिये कि विश्व में भारत एक ऐसा देश है, जहां 60 प्रतिशत आबादी 18 से 35 वर्ष के लोगों की है, जो देश के समग्र विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। सम्मेलन के आयोजक डॉ. राजेश सर्वज्ञ ने कहा कि विवेकानंद सस्टेनेबिलिटी समिट एव महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, एवं विभिन्न सेक्टर के नेताओं को सतत विकास और इसके समाज पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में चर्चा करने के लिये एक साथ लेकर आता है। इस वर्ष का कार्यक्रम ग्रीन हाइड्रोडन, कचरे से समृद्धि, एवं जलवायु परिवर्तन जैसे बड़े मुद्दों पर सार्थक बहस के लिये एक मंच प्रदान करना था, कि कैसे हम अधिक टिकाऊ भविष्य के लिये साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

## अंडमान द्वीप समूह में बढ़ते मुद्दों के चलते एसीसीआई द्वारा एक दिन का बंद

**उद्योगों व वाणिज्यिक संस्थानों से 2000 व्यवसायों ने भाग लेकर सफल बनाया**

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम



**अंडमान** में एक दिवसीय बंद आयोजित किया गया, जिसके तहत सभी दुकान, संस्थान और परिवहन समेत ऑटो, जीप और निजी बसें सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक गैर-सक्रिय थीं। इस व्यापार बंद के लिए अंडमान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री-एसीसीआई के संयुक्त कार्यकारी समिति द्वारा अपने सभी व्यापार, उद्योग और वाणिज्यिक संस्थानों के सहयोग से बंद का आह्वान किया गया था। बंद के दौरान केवल आपातकालीन सेवाएं सक्रिय थीं। द्वीपों पर सभी उद्योगों और वाणिज्यिक संस्थानों से अधिकतर 2000 व्यवसायों ने भाग लिया और इसे सफल बनाया।

एससीसीआई ने कहा कि हड़ताल कई मुद्दों पर बुलाई गई थी, जिसमें बिजली टैरिफ में तेजी से बढ़ोतरी, भूमि के सर्कल दर में अनियमित वृद्धि, फ्लैटों के अप्रमाणित नामांकन और सुविधाओं के लिए मांग शामिल थी। एससीसीआई ने चिंता जताई कि वाणिज्यिक से घरेलू और उलटे में भूमि के रूप में कन्वर्जन रुक जाने से, सेना से भवन नियोजन के लिए आवश्यक मंजूरी की देरी और स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में वाणिज्यिक वाहनों को एनओसी जारी नहीं की जा रही है।

एससीसीआई ने इसके अतिरिक्त यह भी जोड़ा कि वह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के माननीय लेफ्टिनेंट गवर्नर एड्मिरल डीके जोशी को विभिन्न प्रतिनिधियों के साथ अनेक प्रतिनिधियां जमा कर दी हैं, जिनमें वे द्वीपों के आर्थिक विकास को बाधित करने वाली कई मुद्दों के समाधान के लिए उनकी बहुमूल्य मदद के लिए अपनी अपेक्षा व्यक्त करते हैं। लेकिन, पिछले कुछ सालों में कई प्रतिनिधियों/अनुरोधों के बावजूद, कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है। इसके विपरीत, कुछ अनुचित फैसलों की वजह से पिछले कई वर्षों में वृत्त दरों, पंजीयन शुल्कों, विद्युत शुल्कों आदि में भारी वृद्धि हुई है। एससीसीआई के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रह्लादका ने बंद को टिप्पणी करते हुए कहा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह आर्थिक रूप से बहुत बड़ी संभावनाएं रखते हैं।

**युवाओं को करेंगे इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षित**

## फैब लैब्स स्थापित करने के उद्देश्य से एआईटीएमसी ने तीन अग्रणी कॉलेजों से मिलाया हाथ

**आर्यन ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, पीएम कॉलेज सोनीपत और सीजीसी लैंड्रन में होगी फैब लैब्स की स्थापना**

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम




**भारत** में स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयासरत ट्रस्ट एआईटीएमसी ने युवाओं को आधुनिक एवं नवीनतम टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से फैब लैब्स स्थापित करने के लिए हरियाणा के तीन अग्रणी कॉलेजों से साझेदारी का एलान किया है। इनमें आर्यन ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, पीएम कॉलेज सोनीपत और सीजीसी लैंड्रन शामिल हैं। फैब लैब्स के पहले चरण में एआईटीएमसी का लक्ष्य युवाओं को ऑपरेटिंग ड्रोन्स और इनसे किसानों के सहयोग की असीमित संभावनाओं से परिचित कराना है।

इस मौके पर एआईटीएमसी ट्रस्ट की चेयरपर्सन प्रीत संधू ने कहा, 'हम स्वरोजगार को बढ़ावा देने और छात्रों को आधुनिक उद्योगों में सफल होने के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में इन प्रतिष्ठित कॉलेजों के साथ साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। हमारा फोकस युवा मस्तिष्कों को प्रोत्साहित करने और कौशल एवं ज्ञान के मामले में उन्हें सबसे आगे रहने में मदद करने पर है। हमें उम्मीद है कि यह साझेदारी छात्रों के लिए उनके करियर से जुड़े लक्ष्य प्राप्त करने और नए प्रकार के करियर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।'

इस साझेदारी से इन कॉलेजों के छात्रों को अपना कौशल बढ़ाने, उभरती टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी रहने और इंडस्ट्री 4.0 की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करने में मदद मिलेगी। आर्यन ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के डॉ. करारिया ने कहा, 'हमारे साथ एआईटीएमसी की यह साझेदारी छात्रों को ड्रोन्स, एआई, रोबोटिक्स और आईओटी जैसे नवीनतम क्षेत्रों में हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस पाने में मदद करेगी। इससे न केवल उनका कौशल विकास होगा, बल्कि इससे उनमें चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने का आत्मविश्वास एवं ज्ञान भी आएगा।'

## संक्षिप्त समाचार

### हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन ने दी इफ्तार पार्टी


रमजान मुबारक कार्यक्रम में एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते अतिथि।

**गुरुग्राम।** रमजान के पाक महीने में दिल्ली राज्य हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन मुखत्यार अहमद की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी में अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत करके एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। पार्टी में पहुंचे अतिथि दिल्ली सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन, जंगपुरा से विधायक प्रवीन कुमार, डिप्टी मेयर आले मोहम्मद जान, अलसंख्यक आयोग दिल्ली के चेयरमैन जाकिर खान, दरियागंज से पार्षद सारिका चौधरी, जामिया नगर से विधायक अमानतुल्लाह खान, सीताराम बाजार से पूर्व पार्षद राकेश कुमार, दिल्ली राज्य उर्स कमेटी के चेयरमैन एफवाई इस्मैली, टीआईआईएफए के चेयरमैन शमीम, एचपीएल से निदेशक ताज, मयूर, टीआईआईएफए की गलोबल हेड हिमांशी पांडेय ने एक-दूसरे को और माह-ए-रमजान के रोजेदारों को इस पवित्र महीने की बधाई दी। सभी के लिए सुखी रहने, खुश रहने की कामना की।

### खाली प्लाट में बनी झोंपड़ियों में से आग से जलकर छह राख हुई



**सोहना।** सोहना के वार्ड-6 की फ्रें ड्स कॉलोनी में खाली प्लाट के अंदर बनी मजदूरों की 8 झोंपडियों में से 6 पूरी तरह से जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई। झोंपड़ियों में रखा सामान राख बन मिट्टी में मिल गया। घटना स्थल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर काम कर रहे युवक ने जलती हुई झौपड़ियों के बीच में खड़े तीन मासूम बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियों ने आग पर 30 से 40 मिनट में काबू पाया। शहर के वार्ड-6 की फेंड्स कॉलोनी में खाली प्लाट की चार दीवारी के अंदर दूसरे राज्य से रोजी-रोटी कमाने आए 8 मजदूरों की झौपड़ियां बनी हुई थी। गुरुवार की दोपहर समय करीब 12 बजे झौपड़ियों में आग जल उठी और झोंपड़ियों के बीच खेल रहे 8 से 10 बच्चों में हड़कंप मच गया। जिनकी उम्र 3 से लेकर 8 वर्ष के बीच में थी। पांच बच्चों ने कुछ दूरी पर मजदूरी कर रहे अपने माता-पिता को झोंपड़ियों में आग लगने की जानकारी दी। सूचना मिलने के साथ ही मजदूर काम को छोड़ झोंपड़ियों के पास पहुंचे लेकिन जब तक तेज हवाएं चलने से आग विकराल रुप ले चुकी थी। जिसकी सूचना पडोस में रहने वालों ने पुलिस और दमकल विभाग को दी। पुलिस के साथ-साथ अग्निशमन की दो गाड़ियां पहुंच गई। जिनकी मदद से आग को काबू कर लिया। आग वाले घटना स्थल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर काम कर रहा भोला नामक ठेकेदार अपनी जान की परवाह किए बिना आग से झूलती झोंपड़ियों के बीच में कूद गया। जहां पर मदद के लिए रो रहे तीन मासूमों का सुरक्षित निकालने में कामयाब हो गया। झोंपड़ियों में आग कैसे लगी। इसका खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन जानकारी के अनुसार झोंपड़ियों के बीच खेल रहे 8 से 10 बच्चों में से किसी एक ने बीड़ी व कूडा इकट्ठा करके खेल रहे थे। तेज हवा चलने से आग झोंपड़ियों तक पहुंच गई। तेज हवाएं चलने से आग बेकाबू हो गई। इस आग से झोंपड़ियों में रहने वाले मजदूरों को नकदी समेत कीमती कपड़े, बर्तन और जेवरात जलने से भारी मात्रा में आर्थिक नुकसान हुआ है।

### तंग रास्ता व आबादी क्षेत्र में चल रहा है शहर फायर स्टेशन



**सोहना।** सोहना का फायर स्टेशन तंग रास्ता व आबादी क्षेत्र के अंदर चल रहा है। आगजनी की घटना पर जाते समय तंग रास्ता में लावारिस खड़े वाहन सबसे बड़ी बाधा बन जाते हैं। फायर स्टेशन को शहर के राष्ट्रीय या मुख्य मार्ग के साथ जमीन पर स्थापित करने की मांग की जा रही है। स्थानीय फायर स्टेशन वार्ड-5 की शिव कॉलोनी के आबादी वाले क्षेत्र में बना है। जहां से शहर की मुख्य सड़क तक आने वाला रास्ता 5 से 6 फुट चौड़ा और तंग है। जिसकी लंबाई 100 से 150 मीटर की ही है, लेकिन इस तंग रास्ते में आम नागरिक अपने वाहन को खड़ा कर बाजार में खरीददारी करने या अन्य किसी काम से चले जाते है। इसके अलावा आग की घटना पर जाते समय विभाग की गाड़ी तंग रास्ते में उस समय फंस जाती है। जब अचानक से कोई अन्य गाड़ी आगे आ जाती है। जिससे गाड़ी का निकालना मुश्किल हो जाता है। साल के माह मार्च से लेकर जून माह तक का समय अग्निशमन विभाग कर्मचारियों को 24 घंटा तैयार रहना होता है क्योंकि इन दिनों गेहूं फसल की कटाई से लेकर उसे मशीन से निकलना तक का नाजुक समय होता है। किसान अपनी छह माह की कड़ी मेहनत से गेहूं की फसल प्राप्त कर पाता है, क्योंकि इन महीनों में सबसे ज्यादा आगजनी की घटनाएं होती है। जिसमें सबसे ज्यादा गेहूं की खड़ी फसले से लेकर खेत में पड़े होने या मशीन से कटाई के दौरान आगजनी की घटनाएं घटित होती है। इस वर्ष अभी तक फसल में आगजनी की एक भी घटना नहीं हुई है। देवेन्द्र सिंह फायर स्टेशन प्रभारी ने बताया कि नगर परिषद से ऐसे स्थान पर फायर स्टेशन के लिए जमीन देने की मांग कई बार की गई है। ताकि तंग रास्ता से छुटकारा मिल सके।

### फैशन परेड के मंच पर दिखा एक भारत श्रेष्ठ भारत


गुरुग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत फैशन कार्यक्रम में भाग लेते युवक-युवतियां।

**गुरुग्राम।** एसजीटी यूनिवर्सिटी द्वारा 75वां आजादी का अमृत महोत्सव को मनाने के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में पहले दिन विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. ओपी कालरा व प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर अतुल कुमार नासा व दूसरे दिन के मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह जांवल व विशिष्ट अतिथि कणिका घोष रहीं। इस कार्यक्रम का शीर्षक अनेकता में एकता रखा गया। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों की कलाओं गीत, संगीत और नृत्य आदि का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं ने मनमोहक अंदाज में किया। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. ओपी कालरा ने कहा कि विश्वविद्यालय के इस कार्यक्रम से सभी विद्यार्थियों को अपने भारत देश के बारे में और भी अधिक जानने का मौका मिलेगा। सभी भारत के मनमोहक रूप को एक ही स्टेज पर देख पाएंगे, जो अपने आप में एक बड़ी बात है। यह केवल विश्वविद्यालय के प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है। इस कार्यक्रम को विभिन्न भागों जैसे-देश के रंग नृत्य के संग, लिबास, अपना खाना, अपनी बोली अपना रंग, जानो मेरा प्रदेश, हमारी धरोहर, कलाकृति आदि में प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में अपने-अपने राज्यों के पहनावे के साथ रैंप वॉक किया गया, जिसमें 13 राज्यों से भी ज्यादा राज्यों के पहनावे को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम मे एक तरफ जहां राजस्थान का घूमर, पंजाब का भांगड़ा जैसे कई राज्यों के पारंपरिक नृत्य दिखाए गए। इस कार्यक्रम से एक दिन पहले कुकिंग कम्पीटीशन भी आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के ही 14 राज्यों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों को तैयार किया। सभी विजेता विद्याथिज्र्यों को इस कार्यक्रम में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023



# अमरनाथ यात्रियों को मेडिकल बनवाने में आ रही परेशानी

### अमरनाथ यात्रियों ने उठाई मेडिकल कराने की अलग व्यवस्था करने की मांग

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान अस्पताल में अमरनाथ यात्रियों के लिए मेडिकल बनवाने की प्रक्रिया पिछले दिनों शुरू कर दी गई थी। जिसको देखते हुए अब तक करीब 100 से अधिक अमरनाथ यात्री यहां से अपना स्वास्थ्य जांच प्रमाण पत्र बनवा चुके हैं, लेकिन यहां आने वाले अमरनाथ यात्रियों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं।

अस्पताल में आने वाले लोगों की जानकारी के लिए किसी तरह की कोई सूचना अस्पताल प्रबंधन की तरफ से नही लगाई गई है। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक बीके सिविल अस्पताल में हर साल की तरह इस बार भी पिछले कुछ समय से अमरनाथ यात्रियों के मेडिकल प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की सुविधाओं के लिए बीके अस्पताल में मेडिकल की बेहतर सुविधा देने के दावे किए गए थे, लेकिन यहां से मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने आने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को बीके अस्पताल में मेडिकल करवाने के लिए आने वाले अमरनाथ यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पहले यहां लोगों को लम्बी लाइनों में लग कर कार्ड बनवाना पड़ता है। उसके बाद मेडिकल प्रक्रिया के लिए दर-दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। ईसीजी व एक्स-रे करवाने के बाद जब वे लोग ब्लड टैस्ट करवाने के लिए जाते हैं तो वहां भी उन्हें लंबी लाइनों में इंतजार करने को मजबूर होना पड़ता है। जिससे उन्हें परेशानियां झेलनी पड़ रही है।


मेडिकल के फार्म जमा करवाते अमरनाथ यात्री।

**मेडिकल बनवाने में आती है दिक्कत :** इस बारे में अमरनाथ यात्रियों ने बताया कि यहां आने वाले लोगों को मेडिकल बनवाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यहां पहुंचने पर काफी परेशानियों के बाद तो अस्पताल में सभी जांच हो पाती हैं। यहां आने वाले सभी लोगों को जानकारी के अभाव में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां आने वाले अमरनाथ यात्रियों को पूरा एक दिन या दो दिन का समय लगने के बाद अस्पताल की मेडिकल प्रक्रिया पूरी हो पाती है। अस्पताल में आने वाले लोगों को पंजीकरण के बाद चार से पांच अलग-अलग कमरों में जाना पड़ता था। कमरों में पहुंचने के लिए उन्हें अन्य मरीजों के साथ लम्बी लाइनों में लगना होता है। जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रृद्धालियों अमरनाथ यात्रियों का मेडिकल करवाने के लिए अलग व्यवस्था करने की मांग की है।

# ईंट-पत्थर मार-मार कर अज्ञात लोगों ने की युवक की हत्या

### आरोपियों ने मृतक युवक को मैदान में दौड़ा-दौड़ा कर मारने के मिले निशान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** की सुभाष कालोनी में गुर्जर चौक के निकट स्थित खाली मैदान में बीती रात अज्ञात लोगों ने एक युवक की ईंट और पत्थर मार- मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। इस मैदान में जगह-जगह रक्त के निशान और रक्त लगे ईंट पत्थर मिले हैं। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आरोपियों ने युवक को मैदान में दौड़ा दौड़ा कर ईंट पत्थरों से मारा है। सुबह शव देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान हो गई है।


घटनास्थल पर जांच में जुटी पुलिस।

पुलिस के मुताबिक संजय कालोनी स्थित अपना घर सोसायटी में रहने वाली सावित्री देवी ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनके पति दलिप का निधन वर्ष 2019 में हो गया था। उनकी बेटी का विवाह हो चुका है। वह यहां अपने 25 वर्षीय अविवाहित बेटे शिवम के साथ रहती है। शिवम सेक्टर 59 स्थित एक कंपनी में काम करता है। पिछले कुछ दिनों से शिवम की कंपनी में कुछ परेशानी चल रही थी। जिसके कारण शिवम पिछले तीन चार दिनों से काम पर न जाकर दूसरी नौकरी की तलाश कर रहा था। अन्य दिनों की तरह बुधवार सुबह भी शिवम नौकरी की तलाश में घर से निकला था। शाम करीब सात बजे शिवम ने अपनी मां को फोन कर बताया कि वह दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए जा रहा है। थोड़ा देरी से घर लौटेगा। देर रात तक इंतजार करने के बाद सावित्री ने फोन किया तो शिवम का मोबाइल स्विच ऑफ मिला।

इधर बृहस्पतिवार सुबह किसी ने पुलिस को सूचना दी कि सुभाष कालोनी स्थित गुर्जर चौक के पास मैदान में एक युवक का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा है। पुलिस ने मौके पर जाकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर जगह-जगह खून के निशान बने हुए थे। वहीं काफी संख्या में जगह जगह ईंट पत्थर भी पड़े हुए थे। जिन पर खून लगा हुआ था। आरोपियों ने ईंट पत्थर मार कर युवक की हत्या की थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन मृतक को कोई भी पहचान नहीं पाया। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाश ली। जेब में मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान शिवम के रूप में हुई। पुलिस द्वारा सूचना दे देने पर सावित्री देवी ने मृतक की पहचान अपने इकालौते बेटे शिवम के रूप में कर दी। मौके पर अपराध शाखा और एफएसएल की टीम ने पहुंच कर जांच पड़ताल की। थाना आदर्श नगर प्रभारी कुलदीप ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# नियम तोड़ने पर ट्रैफिक पुलिस ने 250 स्कूल बसों के काटे चालान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा एवं आईजी ट्रैफिक हरियाणा के निर्देशानुसार डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस ने रॉन्ग लेन तथा रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर गलत दिशा व लेन बदलने वाले 659 वाहन चालकों के चालान काटे हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने कैपेसिटी से अधिक सवारी बैठाने वाले स्कूल बस, ऑटो चालकों, अंडरएज ऑटो चालकों वा अन्य वाहन चालकों के रॉन्ग साइड व रॉन्ग लेन चालान काटकर उन्हें आर्थिक धन से दंडित किया है। डीसीपी ट्रैफिक के दिशा निर्देश व एसीपी ट्रैफिक के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस ने यह विशेष अभियान चलाया। पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान गलत लाइन में वाहन चलाने वाले 659 वाहन चालकों के चालान काटे जुर्माना लगाया है। जिसमें स्कूल बस चालकों के 250 चालन काटे गए। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाने की वजह से सड़क दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है। जिसमें कई व्यक्तियों की जान तक चली जाती है।


स्कूल बसों का चालान काटती पुलिस।

इसलिए सभी वाहन चालक अपनी दिशा तथा अपनी लाइन में गाड़ी चलाएं ताकि अपने तथा अपने साथ चलने वाले दूसरे वाहन चालकों को भी सड़क दुर्घटना से बचाया जा सके। फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर, इंडिकेटर व लाईट चैक किए गए हैं ताकि दुर्घटना के प्रति सचेत रहा जा सके। पुलिस ने चालकों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का अनुसरण करने के लिए जागरूक किया।

# खेड़ी गुजरान कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित

### एक यूनिट रक्त से बचाया जाता है तीन लोगों का जीवन : रेडक्रॉस सचिव

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय खेरी गुजरान में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अनिल अरोड़ा जी एवं विशेष अतिथि के रूप में जिला रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सौरोत रेडक्रॉस के संरक्षक विमल खंडेलवाल के द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि अनिल अरोड़ा ने बताया कि उनकी संस्था लायंस क्लब के द्वारा निरंतर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, आज 56 रक्त वीरों ने रक्तदान कर कर मानवता का संदेश दिया, गर्मियों के समय में रक्त की बहुत ज्यादा आवश्यकता होती है। उसी को ध्यान में रखते हुए हमारे सभी क्लबों के द्वारा निरंतर रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। रेड क्रॉस सोसायटी सचिव बिजेंद्र सौरोत के द्वारा बताया गया कि एक यूनिट रक्तदान के माध्यम से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है, हम सभी को बड़ी खुशी है कि इस पुनीत कार्य में युवाओं के साथ में युवतिया एवं महिला भी आगे आ रही है, हम सभी के लिए यह गर्व की बात है, लायंस क्लब डेफोडिल के प्रधान अनिल प्रताप सिंह ने रक्तदान के लिए रक्तदाता उत्साह वर्धन कर सभी का आभार प्रकट किया। रेडक्रॉस संरक्षक विमल खंडेलवाल ने बताया कि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य केवल सामाजिक संगठनों को सरकार के साथ जोड़कर मानवता के कार्यों को उच्च शिखर पर ले कर जाने का है।


हौसला बढ़ाते हुए सचिव व अन्य।

# ई-ग्रास की साइट बंद होने से तहसील में परेशान रहे लोग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** सरकार द्वारा भू-संपत्तियों के कलेक्ट्रेट में 40 प्रतिशत से भी अधिक वृद्धि एवं पंजीकरण शुल्क भी कई गुणा वसूल किए जाने के बावजूद आम लोगों की सुविधाओं का माखौल उड़ाया जा रहा है। ई-ग्रास की साइट बृहस्पतिवार को घंटों बंद रही।

फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह ने बताया कि अन्य दिनों की तरह बृहस्पतिवार को भी संपत्ति का पंजीकरण कराने के लिए वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और उनके साथ मजबूरन उनके परिवार के सदस्य या छोटे बच्चे भी पहुंचे, लेकिन यहां घंटों ई-ग्रास की साइट बंद रही। यहां जहां एक तरफ बैठने की उचित व्यवस्था नहीं थी। वहीं साफ-सफाई का कोई प्रबंध नहीं था। कूलर एसी तो दूर की बात पंखें भी काफी स्लो चल रहे थे। हालांकि लोगों की सुविधाएं देने के लाख दावे किए जा रहे हैं, लेकिन लोगों की समस्याएं सुनने के लिए अधिकारी कभी भी अपने कार्यालयों पर मौजूद नहीं रहते, बल्कि यहां तक की अपना फोन भी उठाने की जहमत नहीं उठाते।


साइट बंद होने के कारण खिड़की के बाहर परेशान खड़े नागरिक।

पंजीकरण करवाने के लिए लोगों को उनके दस्तावेज भी आठ से दस दिन बाद कई चक्कर लगाने की सुविधा शुल्क देने के बाद ही मिल पाती है, इस बात की पुष्टि लोगों ने की है। वहीं लोगों का कहना था कि बृहस्पतिवार को साइट बंद हो गई, अब शुक्रवार को अम्बेडकर जयंती के कारण अवकाश होगा, शनिवार और रविवार का अवकाश होगा। इसके बाद सोमवार को ही उनका नम्बर आएगा, लेकिन उस दौरान दफ्तर में भीड बढ़ जाएगी। इस विषय में फीवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी मिलकर उपायुक्त कार्यालय अथवा मंडल कमिश्नर कार्यालय पर जाकर प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

# क्रेटा गाड़ी में लगी आग

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर 21डी की टीम ने फायर ब्रिगेड की मदद से बृहस्पतिवार को क्रेटा गाड़ी में लगी आग पर काबू पाया।


पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आग लगने का वाक्या बृहस्पतिवार को करीब 12.30 बजे का है। लेबर चौक नियर अंखिर गांव क्रेटा गाड़ी में आग लग गई थी। आग लगने की सूचना मिलने पर, पुलिस चौकी सेक्टर 21डी प्रभारी ओमप्रकाश अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बहादुरी का परिचय देते हुए पुलिस गाड़ी में फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना मिली तब चौकी प्राभारी में ही मौजूद थे। सूचना पर तुरंत पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंची उसी समय फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। मौके पर देखा की गाडी क्रेटा में आग लगी है। गाडी में काफी धुआं भर आ रहा था। मौके पर उपस्थित इआरवी 179 और प्राभीर टीम ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया।

# देशव्यापी प्रदर्शन की तैयारी में जुटे हैं कर्मचारी

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**पुरानी** पेंशन बहाली की मांग को लेकर केंद्र एवं राज्य कर्मचारी 27 मई को देशभर में प्रदर्शन करेंगे। इन प्रदर्शनों में नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट तीन महीने के अंदर देने के लिए समयबद्ध करने की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बृहस्पतिवार को यहां जारी बयान में बताया कि पुरानी पेंशन बहाली, ठेकाकर्मियों की रेगुलराइजेशन, 60 लाख खाली पड़े पदों को भरने, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने, आठवें वेतन आयोग का गठन करने व 18 महीने के बकाया डीए का भुगतान करने आदि की मांग को लेकर कनफरडेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स और ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के बेनर तले राष्ट्रव्यापी आंदोलन चला हुआ है। इस आंदोलन को देशभर में कर्मचारियों का भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को संसद के समक्ष जंतर मंतर सहित सभी राज्यों में जिला मुख्यालयों पर धरने प्रदर्शन किए गए थे। जिसमें कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपने आक्रोश को प्रकट किया। उन्होंने बताया कि जिसके बाद 24 मार्च को केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में एनपीएस की समीक्षा करने के लिए एक कमेटी के गठन की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि घोषणा के अनुसार 6 अप्रैल को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी के चैयरमेन, वित्त मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंस सेकेट्री एंड सेकेट्री (व्यय) होंगे। इसके अलावा डिपार्टमेंट ऑफ प्रसनल एंड ट्रेनिंग, मिनिस्ट्री ऑफ प्रसनल, पब्लिक ग्रीवेंस एंड पेंशन के सचिव, डिपार्टमेंट ऑफ एक्सपेंडिचर एंड मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस के स्पेशल सेकेट्री (प्रेस) और पीएफआरडीए के चेयरमैन इस कमेटी के सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी कमेटी का जब गठन किया जाता है तो रिपोर्ट देने के लिए समय सीमा निर्धारित की जाती है, लेकिन इस कमेटी को रिपोर्ट देने के लिए समयबद्ध ही नहीं किया गया है। इससे लगता है कि सरकार ने इस साल होने वाले विधानसभा और अगले साल होने वाले लोकसभा के चुनाव को ध्यान में रखकर इस कमेटी का गठन किया है। ताकि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों के देशभर में चल रहे आंदोलन को ठंडा किया जा सके। उन्होंने बताया कि केन्द्र एवं राज्य कर्मियों का आंदोलन पुरानी पेंशन बहाली सहित सात सूत्री मांगों के समाधान होने तक जारी रहेगा। उन्होंने सभी कर्मचारी संगठनों से व्यापक एकता बनाकर सरकार के खिलाफ निर्णायक आंदोलन के निर्माण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस बाबत दोनों संगठनों ने बैंक, बीमा, डिफेंस व रेलवे कर्मचारियों के संगठनों से बात की है।


सुभाष लांबा।

# कंसल की जयंती पर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**फरीदाबाद।** श्रीदेव गुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट के तत्वावधान में आज गुरुवार को श्रीदेव गुरु बृहस्पति देव के अनन्य भक्त ब्रह्मलीन गुरुजी महावीर प्रसाद कंसलजी की जयंती के मौके पर वीरवार को सेक्टर चार स्थित पटेल नगर झुग्गियों में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई तथा बीपी यूरिक एसिड शुगर की जांच के साथ-साथ अपनी आंखों की टेस्टिंग भी कराई।

इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के राजनीतिक सचिव रहे अजय गौड़, जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हरियाणा फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन धनेश अदलखा, हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गिरीश भारद्वाज, व्यापारी नेता प्रेम खट्टर, बहुजन समाज पार्टी से जिला पार्षद प्रतिनिधि संदीप शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव रहे अजय गौड़ ने कहा कि इस तरह की बस्तियों में इस तरह के आयोजन अच्छी पहल है।

# दूषित पानी को एसटीपी से उपयोग के लिए कदम उठाएं : डीसी

### डीसी ने प्लान की समीक्षा करके संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में दूषित पानी की रोकथाम को लेकर प्रशासन सजग है, ताकि यमुना नदी के पानी को प्रदूषित होने से बचाया सके। उन्होंने कहा कि जिला की ड्रेनों और खालों में किसी भी स्तर पर प्रदूषित पानी ना पहुंचे, इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ दूषित पानी को साफ करने के लिए बेहतर कार्य करें। साथ ही विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से प्रदूषित पानी छोड़ने वाली इकाईयों को चिंहित करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

बता दें कि जिला में उपायुक्त की अध्यक्षता में एसईएसटीएफ गठित की गई हैं, जोकि इस दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए गंदा पानी छोड़ने वाली इकाईयों के खिलाफ सख्ती से निपटना सुनिश्चित कर रही है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जब गंदा पानी ड्रेनों से होकर यमुना में नहीं जाएगा तो पानी की गुणवता में निरतंर सुधार होगा। डीसी विक्रम सिंह अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। जिला में सभी आवश्यक उपायों को सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों दिशा-निर्देश भी दे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में सीवरेज प्रणाली की जांच करते हुए लाईनों को भी चैक किया जाए, जहां पर नई लाईन डालने की जरूरत है, वहां अमरूत योजना के तहत इस कार्य को निर्धारित समयवधि में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि एनजीटी द्वारा यमुना नदी तक किसी भी रूप में कैमिकलयुक्त या गंदा पानी ना पहुंच पाए, इसके लिए यमुना एक्शन प्लान बनाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद ने धूमधाम से मनाया बैसाखी उत्सव



**फरीदाबाद।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में बैसाखी पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने सभी को बैसाखी की बधाइयां दी। छात्रों को बैसाखी पर्व से परिचित करवाते हुए बताया कि इसी दिन सन 1699 में सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस दिन किसान खुशी से झूम उठते हैं, क्योंकि उनकी फसल पककर तैयार हो जाती है। सिख समाज भी इस दिन को नववर्ष के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर प्री नर्सरी प्रेप के नन्हे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर सुरजीत खन्ना ने कहा कि बैसाखी का त्योहार कृषि नववर्ष का प्रतीक है। इस दिन किसान फसल को आशीर्वाद देने और भरपूर फसल देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। किसान आने वाले अच्छे समय के लिए दुआ भी करते हैं। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन पंजाबी नए साल की शुरुआत भी होती है। उन्होंने कहा कि डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद का हमेशा यही प्रयास रहता है कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कृति से जोड़ा जाए और भारतीय परंपरा से अवगत कराया जाए। स्कूल के शिक्षक गणों ने इस उत्सव का स्वागत करते हुए गीत गाते हुए एक दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी का इजहार किया।

### कल से कालीबाड़ी में लगेगी प्रदर्शनी



**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी के आर्ट एग्जीबीशन दिल्ली में आयोजित होने वाला है। फरीदाबाद कालीबाड़ी के ओर से आयोजित होने वाली आर्ट एग्जीबेशन 15 से 17 अप्रैल को होने जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए फरीदाबाद कालीबाड़ी के आर्ट डायरेक्टर दीपक कुमार घोष ने बताया कि 16 अप्रेल को स्कूल के स्टूडेंट के लिए आर्ट वर्कशॉप का विशेष इंतजाम किया गया है। फरीदाबाद कालीबाड़ी के प्रधान डॉक्टर प्राणजीत भौमिक ने बताया कि जिसमे स्कूल के स्टूडेंट को दीपक कुमार घोष और कुछ विशेषज्ञ वर्कशाप आयोजित करेंगे। आर्ट एग्जीबेशन तीन दिन तक लगातार चलेगा। सभी आर्ट और पेटिंग लवर बच्चे वर्कशाप आयोजित मे भाग लेने के लिए कालीबाड़ी के मोबाइल फोन नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### महिला देश और समाज की दिशा और दशा बदलने में सक्षम

**फरीदाबाद।** महिला वह शक्ति है, जो देश और समाज की दिशा और दशा बदलने में सक्षम है। महिलाएं अब बदलते परिवेश में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य कर रही है। यह बात आचार्य नरेंद्र मैत्रेय ने आर्य समाज (सेंट्रल) सेक्टर 15 के 34वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित आर्य महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है महिलाओं ने देश के लिए कितनी कुर्बानियां दी हैं। आर्य महिलाओं का जितना देश की आजादी के लिए योगदान रहा है उतना ही योगदान आजादी के बाद देश के विकास के लिए भी रहा है। इस अवसर पर आचार्य सतीश सत्यम् ने भी महिलाओं के अनेक उदाहरण देकर समाज में उनके योगदान की विस्तार से व्याख्या की। इससे पूर्व आर्य महिलाओं ने यज्ञ के ब्रह्मा संतोष शास्त्री के सानिध्य में यज्ञ किया। कार्यक्रम में कर्नल ऋषिपाल, आईजे गिरधर, एसपी अरोड़ा, विजय भूषण आर्य, आशा पंडित, विमल सचदेवा, हरिओम शास्त्री, सुरेश शास्त्री, सुकीर्ति चावला, रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अनेक आर्य समाज के पदाधिकारी सदस्य गण एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कोरोना के 70 पॉजिटिव मिले, 53 मरीज स्वस्थ हुए




**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना महामारी का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। बृहस्पतिवार को जिले में 70 नए कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए है। लेकिन राहत की बात यह रही कि जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 53 रोगियों को जिला स्वास्थ्य विभाग ने आंकड़ों में स्वास्थ घोषित किया है, जिससे जिले में कोविड-19 की संख्या का आंकड़ा जिले में 406 पर पहुंच गया है। जिसमें छह मरीज अस्पताल में और बाकि 400 मरीज होम आईसोलेशन में रह रहे है। जिसमें में बृहस्पतिवार को 822 मरीजों के सैम्पल जांच किए गए। वहीं जिले में निजी के 83 और सरकारी प्रयोगशालाओं में लिए गए 267 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। वहीं जिले में सैम्पल पॉजिटिविटी रेट 8.52 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

### विशाल हत्याकांड के चार आरोपियों को भेजा जेल

**फरीदाबाद।** बता दें कि गत तीन अप्रैल की रात संजय कॉलोनी के रहने वाले विशाल के ब्लाइंड मर्डर मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा व डीसीपी क्राइम मुकेश मल्हौत्रा के दिशा निर्देश व सहायक पुलिस आयुक्त अपराध सुरेन्द्र श्योराण के मार्ग दर्शन में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए विशाल ब्लाइंड मर्डर मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित 4 आरोपियो को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में जितेन्द्र उर्फ अनंत, लालतुश ,रविकांत कुमार और नीरज का नाम शामिल है। चारों आरोपी मूल रुप से बिहार के नालंदा जिले के रहन वाले है। आरोपी जितेन्द्र उर्फ अनंत, रविकांत कुमार और नीरज फरीदाबाद की संजय कॉलोनी में रह रहे थे। आरोपी लालतुश दिल्ली के आजादपुर में रह रहा था। क्राइम ब्रांच टीम ने मुख्य आरोपी जितेन्द्र और लालतुश को बिहार के गांव रामसंघ से गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से मृतक का फोन भी बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों को बिहार में अदालत में पेश करके 72 घंटे के लिए राहदारी (ट्रांजिट) रिमांड पर लिया गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियो को फरीदाबाद के कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियो से खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी जितेन्द्र मृतक विशाल दोनों एक ही मकान में अपने परिवार के साथ किराए पर रहते थे। जितेन्द्र और विशाल में परिवार कि किसी बात को लेकर 10/15 दिन पहले झगडा हो गया था। जिसका बदला लेने के लिए मुख्य आरोपी ने अपने अन्य साथियो को अपने पास बुलाया और मौका देख कर 3 अप्रैल की रात को मृतक के घर में सोतें समय ही चाकू से ताबड तोड हमला कर हत्या की वारदात को अनजाम दिया है। वरादत का मामला थाना थाना मुजेसर में हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया था।

### जालियांवाला बागः स्मृति दिवस पर डॉक्यूमेंटरी का प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा जालियांवाला बाग़ हत्याकांड- स्मृति दिवस पर एक डॉक्यूमेंटरी विद्यार्थियों को दिखाई गई व विद्यार्थियों ने इस बर्बर नरसंहार पर अपने विचार भी प्रकट किए। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकांत गुप्ता जी की सद्प्रेरणा से हुआ। डॉक्यूमेंटरी का विषय-जालियांवाला बाग़ हत्याकांड- कारण, इतिहास व तथ्य रहा। सर्वप्रथम अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्ण कांत गुप्ता जी ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 भारतीय इतिहास का वो काला दिन है जिस दिन ये अमानवीय घटना घटी। प्राचार्य महोदय ने कहा कि जालियांवाला बाग़ हत्याकांड निर्दोष और निहत्थे जन समूह पर जनरल डायर की बर्बरता की कहानी है और इसलिए ये इतिहास का सबसे क्रूर नरसंहार माना जाता है।

## कर्नाटक चुनाव

### मिथ्या प्रचार

**कर्नाटक** में 'अमूल' को लेकर किया मिथ्या प्रचार भावनायें भड़काने का प्रयास है। यदि कोई शरारतपूर्ण सुर्खी न हो तो अनेक नेता ऐसी सुर्खी पैदा कर देते हैं। बैंगलुरू के बाजार में अमूल के प्रवेश को लेकर अफवाह ऐसी 'रचनात्मकता' का उदाहरण है। नेशनल मिल्क कोआपरेटिव के ब्रांड अमूल का इतिहास ब्रिटिश युग से शुरू होता है। दूसरी ओर कर्नाटक मिल्क फेडरेशन-केएमएफ का 'नंदिनी' भी लोकप्रिय ब्रांड है। कहा जाता है कि नंदिनी का निकट संबंध कन्नाडिगा पहचान से है। कर्नाटक के राजनेता, खासकर विपक्षी राजनेताओं को यह सुविधाजनक लगा कि नंदिनी को स्थानीय ब्रांड के साथ ही अमूल को 'हमलावर' की तरह पेश किया जाए जो स्थानीय डेरी उत्पादों को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमूल के गुजरात से होने के कारण कांग्रेस नेताओं को यह 'षडयंत्र सिद्धान्त' गढ़ने में आसानी हुई कि गुजराती नेता, यानी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक स्थानीय ब्रांड नष्ट करने पर आमादा हैं। कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने अमूल और नंदिनी की तुलना कर नंदिनी को 'बेहतर ब्रांड' बता दिया। उनकी पार्टी के साथी व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक कदम आगे बढ़ कर कर्नाटक की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगा दिया कि वह 'राज्य का गौरव नष्ट कर रही है।' दुर्भाग्य से ऐसी मिथ्या धारणा फैला कर माहौल खराब करने में राजनेता अकेले नहीं थे। कर्नाटक राज्य होटल्स असोसियेशन ने भी नंदिनी उत्पादों की 'कृत्रिम कमी' का आरोप लगा दिया जो कर्नाटक में अमूल के प्रवेश के 'पक्ष' में पैदा की जा रही थी। लेकिन तथ्य यह है कि नंदिनी दूध



की कमी इस कारण है कि वह अमूल के मुकाबले काफी सस्ता है और मुख्यत: इसके पीछे राज्य सरकार द्वारा स्थानीय फेडरेशन को दी जाने वाली सब्सिडी है।

राज्य सरकार ने उचित ही विपक्षी कांग्रेस व जनता दल-सेक्युलर के आरोपों को खारिज करते हुए उन पर आरोप लगाया है कि वे इस मामले को 'चुनाव के पहले राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं।' संभवत: राज्य के विपक्षी नेताओं ने दिसंबर में मांड्या की रैली में दिए अमित शाह के बयान का राजनीतीकरण किया है। अमित शाह ने कहा था, 'अमूल और नंदिनी एकसाथ मिल कर अगले तीन साल के भीतर कर्नाटक के हर गांव में प्राथमिक डेरियों की स्थापना करेंगे।' जब अमूल ने पिछले सप्ताह घोषणा की कि वह बैंगलुरू में दूध और दही बेचना शुरू करेगा तो विपक्षी नेताओं को नंदिनी के खिलाफ खड़ा करने वाला 'षडयंत्र सिद्धान्त' गढ़ने का मौका मिल गया। इस संबंध में कुछ चीजों पर गौर किया जाना चाहिए। पहला, हमारे देश में मिथ्या प्रचार खतरनाक स्तर तक पहुंच रहा है। विपक्षी नेता राजनीतिक क्षेत्र में अनेक असहज करने वाले विचार संप्रेषित कर सकते हैं। अक्सर भ्रमित करने वाली चीजें असली तथा कल्पनायें सुस्थापित तथ्यों की तरह लग सकती हैं। दूसरा, लगभग सभी राजनेताओं व पार्टियों में 'वाद' और विचारधारा का अर्थ भावनायें भड़काना होता जा रहा है। वर्तमान मामले में भाजपा-विरोधी नेता कन्नाडिगा नंदिनी बनाम गुजराती अमूल का भ्रामक विमर्श पैदा कर अपना एजेंडा आगे बढ़ा रहे हैं। संभवत: ऐसा पहली बार हो रहा है कि अमूल को गुजराती ब्रांड के रूप में पेश किया जा रहा है। यह प्रयास निन्दनीय है क्योंकि अमूल एक प्रमुख भारतीय ब्रांड है जिसने आर्थिक रूप से अनेक वैश्विक ब्रांडों व उनके पैरोकारों को पीछे धकेलने में सफलता पाई है। अमूल ने गुजरात में सबसे गरीब किसानों व खासकर महिलाओं के सशक्तीकरण में उल्लेखनीय योगदान दिया है तथा वह देश के अन्य प्रदेशों में भी 'श्वेत क्रांति' को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय भूमिका अदा कर रहा है। अत: अमूल पर छुद्र व संकुचित राजनीति का कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

# अंबेडकर का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

**डा. भीमराव रामजी अंबेडकर ने हमेशा आधुनिक राष्ट्र-राज्य के गठन में 'आध्यात्मिक व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' पर जोर दिया था। लेकिन उनके इन विचारों को कभी महत्व नहीं दिया गया।**



**फिरमी बोडो**
(लेखिका, जेएनयू में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)

डॉ भीमराव अंबेडकर का कार्य और दर्शन भारतीय सोच के प्रति संवेदनशीलता पर आधारित थे। उनमें भारत की एकता तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति भारी लगाव था। वे 1916 के दशकारंभ में ही आधुनिक भारत के प्रमुख राष्ट्रनिर्माताओं में शामिल थे। कोलंबिया विश्वविद्यालय के एक मानवशास्त्र सेमिनार में प्रस्तुत अपने प्रख्यात आलेख में डा. अंबेडकर ने एक ऐसी बात कही थी जो आज भारतीय संदर्भ में 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' को अच्छी तरह परिभाषित करने वाली हो सकती है। उन्होंने कहा था, 'यह माना जा सकता है कि भारत में लोगों के विभिन्न समूहों के बीच संपूर्ण एकजुटता नहीं थी। भारत की सीमाओं में यात्रा करने वाले किसी व्यक्ति के लिए पूरब की तुलना में पश्चिम में शारीरिक गठन व रंग में भारी अंतर दिखता है और यही दक्षिण से उत्तर की तुलना में भी है।

लेकिन एकजुटता कभी किसी जनता में समानता का एकमात्र आधार नहीं हो सकती है। नस्ली रूप से सभी लोग विषम होते हैं। उनके बीच एकरूपता या समानता का आधार संस्कृति की एकता होती है। इसके आधार पर मैं कह सकता हूं कि ऐसा कोई देश नहीं है जो सांस्कृतिक एकता के संदर्भ में भारतीय उप-महाद्वीप का मुकाबला कर सकता हो। यह न केवल भौगोलिक इकाई रहा है, बल्कि इसमें सर्वोपरि गहराई में एक मूल एकता विद्यमान रही है। यह असंदिग्ध रूप से सांस्कृतिक एकता है जो इस भूमि में एक सिरे से दूसरे सिरे तक व्याप्त है।'

डा. अंबेडकर ने हमेशा इस 'आध्यात्मिक व सांस्कृतिक एकता' पर जोर देते हुए कहा कि यह आधुनिक राष्ट्र-राज्य के गठन का आधार है। उन्होंने इसमें वैदिक व बौद्ध योगदान पर भी जोर दिया। वे व्यापक अखिल-भारतीय पहचान के लिए बौद्ध-वैदिक समावेशन पर जोर देते थे। इस संदर्भ में समझा जा सकता है कि वे देश में हो रहे सभी



वास्तविक सुधारों के कट्टर समर्थक थे। डा. अंबेडकर ने हमेशा ध्यान रखा कि न्याय और मुक्ति की खोज में वे कभी जनता को वि-राष्ट्रीयकरण की अनुमति न दें। लेकिन अंबेडकर के विचारों को कभी रेखांकित नहीं किया गया और इसके बजाय उनको राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता के 'विपरीत-दर्शन' के रूप में पेश किया गया।

विभिन्न विचारकों ने राष्ट्र की असंख्य परिभाषायें दी हैं। पीटरसन राष्ट्र को 'लोग व जनता' के रूप में परिभाषित करते हैं जो 'एकसाथ कमोबेश समान विरासत, क्षेत्र, इतिहास, भाषा, धर्म, जीवनशैली या अन्य दृष्टिकोणों से एकजुट रहती है जिसे लोगों के एक समूह ने जन्म दिया हो।' लेकिन श्री अरविंद के अनुसार, राष्ट्रवाद एक धर्म है जो ईश्वर की ओर से आया है, राष्ट्रवाद एक विचार है जिसमें आपको रहना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्रता की मांग को धार्मिक विश्वास की स्वतंत्रत से जोड़ा ताकि जनता को जागरूक किया जा सके। राष्ट्र की उनकी धारणा ने बंकिम चंद्र पर गहरा प्रभाव डाला।

उनका विश्वास था कि राष्ट्र केवल भूमि का एक टुकड़ा या जनता या मानव नहीं हैं। श्री अरविंद को विश्वास था कि भारत के पुनर्जागरण के लिए यूरोप की नकल करना बिल्कुल लाभदायक नहीं होगा। वे जानते थे कि उसके नागरिकों के बड़े हिस्से को अश्पृश्य समझा जाता रहेगा तो भारत में कभी राष्ट्रवाद की भावना पैदा नहीं हो सकेगी। राष्ट्रों की बात करते हुए अंबेडकर ने जोर दिया कि यह तथ्य राष्ट्र-निर्माण में पहला कदम नहीं हो सकता है कि भारत कभी राष्ट्र नहीं था। उनके अनुसार, 'जितनी जल्दी हम समझ लेंगे कि हम अभी एक राष्ट्र नहीं हैं, उतनी जल्दी हम एक राष्ट्र बनने की आवश्यकता का अनुभव करेंगे तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति के तरीकों और साधनों पर गंभीरता से विचार करेंगे।' लगभग सौ साल के संघर्ष के बाद उत्तरी व दक्षिणी फ्रांस की एकता की कल्पना करने वाले रेनन के दृष्टिकोण पर गौर करने के बाद अंबेडकर ने जोर दिया था कि राष्ट्रनिर्माण में भूलना एक महत्वपूर्ण आयाम है।

अंबेडकर ने कहा कि राष्ट्रीयता 'एक प्रकार की चेतना है तथा यह भ्रातत्व की भावना के अस्तित्व की जागरूकता है।' उनके अनुसार, राष्ट्रवाद 'इस भ्रातत्व की भावना से बंधे लोगों में अलग राष्ट्रीय अस्तित्व की इच्छा है।' अंबेडकर कभी राष्ट्रवाद के विचार के विरुद्ध नहीं थे, लेकिन वे कांग्रेस के उस राष्ट्रवादी दृष्टिकोण के खिलाफ थे जिसका अर्थ भारत की ब्रिटिश उपनिवेशवाद से स्वतंत्रता में जातीय पदानुक्रम से स्वतंत्रता शामिल नहीं थी, जबकि अनुसूचित जातियों के लाखों लोग सैकड़ों सालों से इस गुलामी से दबे थे। अंबेडकर ने समाज के दबे-कुचले लोगों को उच्च राजनीतिक मंच पर स्थापित करने के लिए लोकतंत्र व राष्ट्रवाद के साथ ही जाति का सामाजिक सवाल भी उठाया। अंबेडकर के अनुसार, 'बिना सामाजिक एकता के राजनीतिक एकता प्राप्त करना कठिन है। यदि यह प्राप्त हो जाए तो भी गरमी में उगने वाले बीज की तरह खतरों से घिरी होगी जिसे खिलाफ हवायें जड़ से उखाड़ सकती हैं। केवल राजनीतिक एकता से भारत एक राज्य हो सकता है।

लेकिन राज्य राष्ट्र नहीं होता है और यदि कोई राज्य राष्ट्र नहीं है तो अस्तित्व के संघर्ष में उसके बचे रहने की संभावना कम होती है।' उनका भारतीय ग्रंथों व संहिताओं के आध्यात्मिक आयाम में विश्वास था, पर कर्मकांडीय आयाम में नहीं जिसका विकास पिछले 1200 साल में हुआ था। उन्होंने 'धर्म, नहीं जाति से मुक्ति' की बात कही थी। उनके पास स्वयं को नास्तिक घोषित करने का विकल्प था, पर भारतीय सोच में गहरी जड़ें जमी होने के कारण उन्होंने बौद्धवाद का चयन किया। उन्होंने जोर दिया कि समानता, भ्रातत्व व स्वतंत्रता के सिद्धान्तों के आधार पर समाज बनाने के लिए हिंदुओं को 'विदेशी स्रोतों से कुछ लेने' की जरूरत नहीं है।

वे 'ऐसे सिद्धान्त उपनिषदों से प्राप्त कर सकते हैं।' यहां तक कि 'रिडल्स आफ हिंदूइज्म' में उन्होंने संकेत किया कि हिंदूवाद में सामाजिक लोकतंत्र का आध्यात्मिक आधार बनने की क्षमता मौजूद है।

भारतीय संविधान ने अश्पृश्यता का उन्मूलन कर दिया। लेकिन अंबेडकर ने कल्पना की थी कि 'यदि सामाजिक चेतना ऐसी होती है जो कानून द्वारा चयनित अधिकारों को लागू करने, अधिकार देने तथा उनको सुरक्षित व संरक्षित रखने को तैयार हो तो ठीक होगा। लेकिन यदि समुदाय मूलाधिकारों का विरोध करता है तो कोई कानून, कोई संसद, कोई न्यायपालिका शब्द के असली अर्थ में इसकी गारंटी नहीं कर सकता है।' आज उनका यह पूर्वानुमान सही लग रहा है। अंबेडकर का तर्क था कि नस्ल, भाषा और देश राष्ट्र बनाने के लिए काफी नहीं हैं। रेनन का संदर्भ देते हुए अंबेडकर का तर्क था कि राष्ट्र आध्यात्मिक सिद्धान्त पर आधारित एक जीवित आत्मा होती है। सचमुच ये दो अलग चीजें हैं, लेकिन आध्यातिक सिद्धान्त के आधार पर एक आत्मा बनाती हैं। इनमें से एक अतीत और दूसरा वर्तमान है, एक स्मृतियों की समृद्ध विरासत का साझा अधिकार है, दूसरा वास्तविक सहमति है, एक दूसरे के साथ रहने की इच्छा है तथा उस अविभाजित विरासत को संरक्षित रखने की इच्छा है जो हमें प्राप्त हुई है।

जिस दिन भारतीय संविधान को अंतिम रूप से स्वीकार किया जाना था, उसी दिन संविधान निर्माता अंबेडकर ने संविधान सभा से कहा था कि वह आत्मावलोकन करे। उन्होंने कहा था, 'मेरा मन अपने देश के भविष्य के बारे में विचारों से भरा है। 26 जनवरी, 1950 को भारत एक स्वतंत्र देश होगा। लेकिन उसकी स्वतंत्रता का क्या हो सकता है? क्या वह अपनी स्वतंत्रता बनाए रखेगा या उसे फिर खो देगा? ऐसा नहीं है कि भारत कभी स्वतंत्र देश नहीं था। महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि उसने एक बार अपनी स्वतंत्रता खोई थी। क्या वह दूसरी बार इसे खो देगा? मुझे यह तथ्य बहुत परेशान करता है कि भारत ने न केवल एक बार अपनी स्वतंत्रता खोई थी, बल्कि उसने इसे अपने कुछ लोगों की गद्दारी व विश्वासघात के कारण खोया था।'

# राहुल बैकफुट पर, नीतीश फ्रंटफुट पर

"विपक्ष को मोदी के खिलाफ पहले चरण में अपने ही खेमे में कांग्रेस और राहुल गांधी को बैक फुट पर ढकेलने की वक्ती कामयाबी मिलती नजर आती है।"



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ़ हैं)

नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली सरकार से छुटकारा पाने की चाहत ने कांग्रेस और खासकर इसके नेता राहुल गांधी को बैकफुट पर ढ़केल दिया है। प्राप्त संकेतों के अनुसार विपक्ष को मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट करने की जिम्मेदारी अब कांग्रेस नहीं बल्कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निभाएंगे और ऐसी संभावना है कि उन्हें भविष्य में बनने वाले किसी मोर्चे अथवा निस्तेज अवस्था में पड़े संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग या यूपीए) का संयोजक बनाकर उनकी भूमिका को औपचारिक रूप से रेखांकित किया जाएगा।

दअरसल बात सिर्फ नीतीश कुमार को भविष्य में गठित होने वाले किसी विपक्षी मोर्चे का संयोजक बनाए जाने तक ही सीमित नहीं है। इसके कई निहितार्थ हैं जिन्हें एक एक कर समझना होगा। जो लोग नीतीश कुमार और उनकी महत्वाकांक्षा को जानते समझते हैं वे भली भांति यह भी जानते हैं कि वह सिर्फ किसी विपक्षी मोर्चे के संयोजक बनने मात्र के लिए भाजपा से अलग होकर लालू यादव से नहीं जुड़े हैं। कई क्षेत्रीय नेताओं को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विपक्ष का पीएम उम्मीदवार बनने पर सख्त आपत्ति है और नीतीश कुमार ने इस स्थिति को बखूबी अपने पक्ष में मोड़ लिया है।

बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी के साथ उनकी मुलाकात को बॉडी लैंग्वेज के नजरिए से देखा जाए तो साफ कहा जा सकता है कि नीतीश कुमार ने राहुल गांधी के रूप में पहली बाधा पार कर ली है।

ऐसा प्रतीत होता है कि नेतृत्व के मुद्दे पर गैर कांग्रेसी व गैर भाजपाई दलों ने कांग्रेस पर उस हद तक दबाव बना लिया है जहां कांग्रेस गठबंधन में लेनदेन के मसले पर कुछ खास मोल-भाव करने की स्थिति में नहीं रह गयी है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य उन्हें विपक्ष का निर्विवाद रूप से





सर्वोच्च नेता स्थापित करना था लेकिन ऐसा हो न सका। शुरुआत पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने यह कह कर की कि राहुल को आगे करने से मोदी की टीआरपी बढ़ती है। सपा सहित कुछ अन्य दलों ने भी राहुल गांधी के नेतृत्व के प्रति ठंडा रवैया जाहिर कर कांग्रेस खेमे में निराशा का संचार कर दिया। कांग्रेस को और भी रक्षात्मक तब होना पड़ा जब मोदी सरनेम को लेकर 2019 में की गई टिप्पणी को लेकर अदालत के फैसले के चलते राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद हो गयी और कांग्रेस भरसक कोशिशों के बावजूद इस मुद्दे पर कोई जनांदोलन नहीं खड़ा कर सकी। इतना ही नहीं कांग्रेस के शुभचिंतक माने जाने वाले देश के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने अडानी मुद्दे पर जेपीसी के गठन को अनावश्यक बताकर कांग्रेस को जोर का झटका धीरे से दिया। यही नहीं बल्कि उन्होंने यहां तक कह दिया कि हिण्डनबर्ग की रिपोर्ट ने जानबूझ कर अडानी समूह को निशाना बनाया है। विपक्ष को और झटका देते हुए शरद पवार ने मोदी की डिग्री के विवाद को भी गैरजरूरी करार दे दिया। इसके पहले शरद पवार वीर सावरकर के मुद्दे पर भी खुलकर राहुल गांधी से असहमति जता चुके थे। जाहिर है कि शरद पवार के हालिया रुख ने कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया। चतुर शरद पवार ने वीर सावरकर, अडानी, जेपीसी व पीएम की डिग्री के बहाने विपक्षी राजनीतिक खेमे में राहुल गांधी की स्वीकार्यता को और भी संशय के घेरे में डाल दिया।

कांग्रेस के लिए वैसे भी ममता बनर्जी, के चंद्रशेखर राव, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव सरीखे विपक्षी नेताओं से बातचीत कर उनको अपने साथ लाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा था और ऐसे में नीतीश कुमार ने मौका ताड़ा और विपक्षी एकता के सूत्रधार के रूप में खुद को प्रस्तुत कर दिया। हताश कांग्रेस के पास इसे स्वीकार करने के सिवा कोई उपाय भी कहां था।

बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सहित कुछ अन्य क्षेत्रीय नेता समय समय पर यह कहते रहे हैं कि जो दल जिस राज्य में भाजपा को हराने में सक्षम है उसकी अगुवाई में ही उस राज्य में चुनाव लड़ा जाए और कांग्रेस सहित कोई भी दल इस फार्मूले से विचलित न हो। तेजस्वी का यह फार्मूला अगर लागू हुआ तो कांग्रेस बमुश्किल 150-200 लोकसभा सीटें लड़ सके तो भी उसे खुद को भाग्यशाली समझना चाहिए। पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश,पंजाब और दिल्ली में सीटों के तालमेल में कांग्रेस की हिस्सेदारी कैसे और कितनी तय होगी यह फिलहाल किसी अबूझ पहेली से कम नहीं है।

बहरहाल सिर्फ कांग्रेस को बैकफुट पर ढ़केल कर नीतीश कुमार की सभी मुश्किलें हल नहीं होने वाली। विपक्ष की दशा व मनोदशा को देखते हुए विपक्षी एकता की स्थापना करना मेढक तौलने के बराबर है। एक को चढ़ाओ तो दूसरा तराजू के पलड़े से उतर जाता है। और फिर पीएम बनने की महत्वाकांक्षा अगर नीतीश कुमार की है तो शरद पवार, ममता बनर्जी, केसीआर, एमके स्टालिन और राहुल गांधी जैसे नेता क्या पीएम बनने की महत्वाकांक्षा से विहीन हैं? फिलहाल विपक्ष को मोदी के खिलाफ पहले चरण में अपने ही खेमे में कांग्रेस और राहुल गांधी को बैक फुट पर ढकेलने की वक्ती कामयाबी मिलती नजर आती है। बाकी दिल्ली तो अभी दूर ही नहीं बहुत दूर है।

## आप की बात

### असभ्य विमान यात्री

**वर्ष** 2022 में 63 यात्रियों को नो फ्लाइट जोन में लिस्टेड किया गया। गत वर्ष से ही हवाई यात्रा में कई तरह की बदतमीजी, हुड़दंग व मारपीट के मामले सामने आए। इनमें से शराब पीकर यात्रा करने वाले अधिक संख्या में दोषी हैं। भविष्य में भी ऐसी घटनाएं न हों इसके लिए हवाई यात्रा के नियमों को सख्त बनाया जाना चाहिए। शराब पीकर यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाएं, साथ ही किसी एक एयरलाइंस द्वारा नो फ्लाइट में लिस्टेड किए गए यात्री को देश के किसी भी हवाई कंपनी के विमानों में यात्रा करने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। साथ ही अब हर हवाई जहाज में 2 कमांडो की नियुक्ति की जानी चाहिए जो कि ऐसे उद्दंड यात्रियों पर तत्काल काबू पा सकें। विमान में यात्रा करने वाले अन्य सैकड़ों यात्रियों और विमान चालक दल की हवाई यात्रा के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कई बार कहा है कि देश में हवाई चप्पल पहनने वाले को भी हवाई यात्रा की सुविधा मिलनी चाहिए। पिछले वर्षों में हवाईयात्रियों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है। लेकिन असभ्य विमान यात्रियों की बढ़ती संख्या देश और खासकर अमीरों की छवि खराब करती है जिनको तुलनात्मक रूप से सभ्य माना जाता है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### विपक्षी एकता

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी दलों को एकता करने की कोशिश में जुट गए हैं। इसी क्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। बाद में सभी शीर्ष नेताओं ने मुलाकात को अत्यंत सफल एवं ऐतिहासिक बताया। चुनाव में विपक्ष के नेतृत्व के प्रश्न पर किसी ने कुछ नहीं बोला। इतना जरूर कहा कि विचारधारा की लड़ाई है और सहमति रखने वाले सभी दलों को शामिल करेंगे। रांकापा प्रमुख शरद पवार के नए पैंतरे और राजस्थान कांग्रेस में अंतरकलह के बावजूद विपक्षी एकता की इस पहल से कांग्रेस को सुकून मिल सकता है। नीतीश कुमार ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद भी विमर्श किया था। उन्होंने आप के अरविंद केजरीवाल से भी मुलाकात की। केजरीवाल ने कहा कि सारा विपक्ष केंद्र में सरकार बदले। अगर सभी दल एक साथ हो जाएं तो भाजपा के विरुद्ध बड़ी चुनौती खड़ी कर सकते हैं। देखना होगा कि विपक्षी एकता के ये प्रयास कहां तक पहुंचते हैं और इनमें कांग्रेस को कितना स्थान मिलता है।

– **सदन जी,** पटना

### अभिव्यक्ति की शैली

**कहने** को तो हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में रहतें हैं। संविधान के अनुसार देश के हर नागरिक को अभिव्यक्ति का अधिकार मिला है। लेकिन अभिव्यक्त करने की शैली और विचार हर नागरिक के अलग-अलग हो सकते हैं। हमारी शैली किसी की विचारधारा का समर्थन या उनका विरोध कर सकती है। हमें अपनी शैली व विचारधारा पर इतना जोर नहीं देना चाहिए कि मेरी शैली और विचारधारा सही और दूसरों लोगों की गलत है। अगर हम अपने अंदर ऐसा विचार रखते हैं तो टकराव स्वभाविक है और यह सोच एक सभ्य समाज बनाने के लिए अनुचित है। मेरा मानना है कि हम लोगों को दक्षिणपंथी और वामपंथी विचारधाराओं से निकलकर एक ऐसी नवीन विचारधारा को समाज के सामने लाना चाहिए जिससे हमारे देश या समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की उन्नति हो। इसके साथ ही रूढ़िवादी परंपराओं का विरोध भी स्वीकार्य होना चाहिए। अभिव्यक्ति की शैली का निर्धारण सामाजिक जागरूकता व चेतना के आधार पर ही हो सकता है क्योंकि कई बार कानून के आधार पर किए जाने वाले परिवर्तन सहज स्वीकार नहीं किए जाते हैं।

– **अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### कोरोना वैक्सीन

**देश-दुनिया** ने कोरोना की तीन-तीन लहरें और उनके दर्द भरे परिणाम देख लिए हैं। जिस तरह से गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए बचपन में ही सावधानी बतौर बच्चों को कुछ अनिवार्य टीके लगाए जाते हैं और बाद में पोलियो की दवाएं निरंतर समय-समय पर दी जाती हैं ठीक इसी तरह सरकार को अब कोविड पर व्यापक शोध कर उसके बचाव व इलाज के तरीके खोजने चाहिए। करोड़ों की तादाद में लोगों ने अभी भी टीके नहीं लगवाये हैं। घर-घर अभियान चलाकर ऐसे लोगों की पहचान कर उनको टीका लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। किसी को यह अधिकार नहीं होना चाहिए कि वह अपने गलत विश्वास या भ्रम के कारण दूसरों का जीवन खतरे में डाले। वृद्ध व जीर्ण रोगों से ग्रस्त लोगों को अनिवार्य रूप से टीके की तीसरी खूराक दी जानी चाहिए। इसके लिए कंपनियों द्वारा टीका निर्माण को गति दी गई है। सरकार को कोरोना वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ उसे न लगवाने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने होंगे क्योंकि ऐसे लोग दूसरों के लिए संकट हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# एनकाउंटर के साथ ही टॉप ट्रेंड हुआ 'मिट्टी में मिला देंगे'

## ● अतीक के बेटे असद के एनकाउंटर पर सीएम योगी को मिला सोशल मीडिया का साथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी ने जिस माफिया को मिट्टी में मिलाने का प्रण लिया था, गुरुवार को यूपी एसटीएफ ने उसे कर दिखाया। माफिया अतीक अहमद का बेटा और उमेश पाल की हत्या का मुख्य आरोपी असद अहमद और उसके प्रमुख शूटर गुलाम को एसटीएफ ने एनकाउंटर में मार गिराया। एसटीएफ के इस एक्शन के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स को सीएम योगी का ये कथन याद आया तो लोग उनकी सराहना करने लगे। ट्विटर पर 'मिट्टी में मिला दूंगा' ट्रेंड करने लगा। काफी समय तक यह हैशटैग नंबर 1 पर ट्रेंड करता रहा। लोगों ने इसके माध्यम से माफि या के खिलाफ योगी सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया और सीएम योगी के पक्ष में जमकर ट्वीट, रिट्वीट, लाइक व शेयर किया।

'मिट्टी में मिला दूंगा' पर देर शाम तक 23.5 हजार लोगों ने अपने रिएक्शन दिए जबकि 58.8 हजार लोगों का इस हैशटैग पर इंगेजमेंट रहा तो वहीं 78.6 मिलियन (7.86 करोड़) लोगों तक इसकी पोटेंशियल रीच रही। असद और गुलाम का एनकाउंटर होने के बाद सोशल मीडिया पर कई अन्य हैशटैग भी तेजी से वायरल होने लगे। जिन पर लोगों ने खूब कमेंट किए। इसमें जहां लोग यूपी एसटीएफ की कार्रवाई की सराहना कर रहे थे तो अतीक अहमद के गुनाहों और उसके बेटे की करतूतों की चर्चा कर रहे थे। सीएम योगी की अपराधियों और माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति की भी लोगों ने दिल से सराहना की। यही नहीं, उमेश पाल की हत्या के बाद सदन में सीएम योगी का मिट्टी में मिला दूंगा' कहते हुए वीडियो भी खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में सीएम योगी विपक्ष के हमले का जवाब दे रहे थे। उन्होंने इसमें कहा था कि अतीक अहमद के खिलाफ पीड़ित परिवारों ने मुकदमा दर्ज कराया था। यह समाजवादी पार्टी द्वारा पोषित माफि या है। उसकी कमर तोड़ने का काम हमारी सरकार ने किया है। फि र से कह रहा हूं, इसी हाउस में कह रहा हूं, इस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।

असद और गुलाम की एनकाउंटर में मारे जाने की फ ोटोज के साथ भी लोगों ने ट्वीट किए। एक यूजर ने लिखा-मिट्टी में पड़ा हुआ माफि या का बेटा और शूटर। एक अन्य यूजर ने लिखा कि योगी जी ने बोला था, हैवानों हिस्ट्रीशीटर को मिट्टी में मिला देंगे हम, पूरे देश में योगीराज मॉडल लागू किया जाए। एक अन्य यूजर ने लिखा कि चाहे कोई कितनी ही बैटिंग कर ले, ये महाराज जी की सरकार है माफि या को मिट्टी में मिलाना जानती है। डॉ. प्राची साध्वी ने लिखा, योगी का मतलब न्याय, योगी का मतलब सुरक्षा। एक अन्य यूजर ने लिखा कि असद का एनकाउंटर उन लोगों के लिए एक सबक है जो यूपी में अपराध और हिंसा का रास्ता चुनना चाहते हैं।

## उमेश पाल की पत्नी बोली, सीएम ने मेरे सुहाग के कातिलों को सजा दिलाई

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज/ लखनऊ





**योगी** सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया की यूपी में न देर है और न अंधेर। उमेश पाल और उसके दो गनर को दिन दहाड़े मौत की नींद सुलाने वाले माफि या अतीक अहमद के गोलीबाज बेटे असद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा है कि आज मुख्यमंत्री योगी ने अपनी बेटी के सुहाग के कातिलों को सजा दिलाई है।

प्रयागराज में अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए जया पाल ने दोनों हाथ जोड़कर सीएम योगी का बार-बार आभार जाहिर करते हुए कहा कि बाबा मेरे लिए पिता समान हैं। उन्होंने जो किया अच्छा किया। उन्होंने हमें अच्छे से न्याय दिलाया है। पुलिस कर्मियों के सहयोग के लिए आभार, प्रशासन मुझे न्याय दिला रहा है। उमेश पाल की मां शांति पाल को जैसे ही उनके बेटे के कातिलों के एनकाउंटर की खबर मिली वो भावुक हो गई। शांति पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रदेश के पुलिस विभाग पर मुझे पहले से भरोसा था। अतीक के बेटे असद और गुलाम का एनकाउंटर उनके बेटे उमेश के लिए शुरुआती श्रद्धांजलि हैं।

**असद के एनकाउंटर पर अतीक का कुबूलनामा, सब मेरी वजह से हुआ**

उमेश पाल मर्डर केस में आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को आज प्रयागराज के सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। जहो सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने भी दोनों की 14 दिन की कस्टडी रिमांड मांगी लेकिन कोर्ट ने उन्हें 13 अप्रैल शाम 5 बजे से 17 अप्रैल शाम 5 बजे तक के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड दी है। एक जमाने तक जिस माफि या का खौफ इतना था कि लोग उसके सामने ऊंची आवाज में बोलने से घबराते थे आज कोर्ट से बाहर निकलते ही उसी माफिया पर वकीलों ने जूते चप्पल फेंके। कोर्ट परिसर में 'अतीक अहमद मुर्दाबाद, उमेश पाल अमर रहें', 'योगी-मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाए गए। पेशी के बाद नैनी जेल पहुंचे अतीक अहमद ने बेटे असद के एनकाउंटर पर अपना गुनाह कुबूल करते हुए कहा है कि सब मेरी वजह से हुआ है।

### पाकिस्तान द्वारा ड्रोन से पंजाब में गिराए गए असलहे मंगाता था अतीक

**सीजेम** कोर्ट प्रयागराज में आज पुलिस रिमांड पेपर की कॉपी से चौकाने वाला खुलासा हुआ है। रिमांड पेपर की कॉपी में इस बात का जिक्र है कि अतीक और उसका गैंग पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए पंजाब के रास्ते आने वाले हथियारों को खरीदकर अपना खौफ का साम्राज्य मजबूत करता था। रिमांड में लेकर पुलिस अतीक और अशरफ से उसके इस पाकिस्तान कनेक्शन पर भी पूछताछ करेगी जिससे इस माफिया के अपराध तंत्र की और परतें खुलेगी और उससे उसके अपराध तंत्र पर पुलिस और शिकंजा कस सकेगी।

## डिप्टी सीएम सहित सत्तापक्ष के नेताओं ने एसटीएफ की कार्रवाई पर दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**झांसी** में माफिया अतीक अहमद के बेटे और एक शूटर के एनकाउंटर में मारे जाने को लेकर जहां विपक्ष सवाल उठा रहा है वहीं प्रदेश के डिप्टी सीएम व सत्ता पक्ष के नेताओं ने एसटीएफ की इस कार्रवाई पर बधाई दी है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने झांसी में हुए एनकाउंटर को लेकर अपने आधिकारिक ट्विटर से ट्वीट कर कहा कि यूपी एसटीएफ को बधाई देता हूं। उमेश पाल एडवोकेट और पुलिस के जवानों के हत्यारों का यही हश्र होना था! वहीं भारतीय जनता पाटी उत्तर प्रदेश के आधिकारिक ट्विटर से पोस्ट में कहा गया कि प्रदेश में गुंडा और माफि या का राज नहीं चलेगा। कहा था मिट्टी में मिला देंगे। मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने माफि या अतीक के बेटे के एनकाउंटर को जीरो टालरेंस की नीति को लेकर सही बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि माफि याओं को मिट्टी में मिला देंगे और अपराधियों पर कार्रवाई होगी। एसटीएफ द्वारा झांसी में की गई कार्रवाई उसी को बयां करती है। हमारी सरकार यूपी को भयमुक्त बनाना चाहती है। इस कार्रवाई के लिए मंत्री ने एसटीएफ टीम को दी बधाई।

## अखिलेश ने एनकाउंटर पर खड़े किए सवाल मायावती ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**माफिया** अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। वहीं बसपा अध्यक्ष मायावती ने योगी सरकार से एनकाउंटर की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। अखिलेश यादव ने कहा कि झूठा एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है। भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। भाजपा सरकार के संरक्षण में फर्जी एनकाउन्टर हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश फर्जी एनकाउन्टर का उत्तम प्रदेश बन गया है। भाजपा सरकार हर स्तर पर लोगों के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि आज के व हालिया एनकाउटंर की भी गहन जांच-पड़ताल हो व दोषियों को छोड़ा न जाए। सही गलत के फैसले का अधिकार सत्ता का नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संविधान में दिए गए जनता के अधिकारों को छीन रही है। भाजपा शासन में देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। अपनी कुर्सी, पद बचाने के लिए भाजपा सरकार में अधिकारियों ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया हैं। अधिकारी सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी मिट्टी में मिलाने की बात करते हैं। क्या बलिया में नौजवान छात्र की पीट-पीट कर हत्या करने वाले अपने स्वजातीय अपराधियों को भी मिट्टी में मिलाएंगे।

## सीएम योगी व राज्यपाल ने दी बैसाखी पर्व व डॉ. अंबेडकर जयंती की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ व प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बैसाखी के पर्व और बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि बैसाखी का त्योहार हमारी गौरवशाली परम्परा एवं समृद्ध विरासत का प्रतीक है। नई फसल के कटने से जुड़ा यह त्योहार हमारे देश की कृषक परम्पराओं और समृद्ध संस्कृति का भी परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैसाखी के दिन दसवें सिख गुरु गोविन्द सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। यह दिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े उत्साह से अलग-अलग त्योहारों के रूप में मनाया जाता है। ये सभी त्योहार नव वर्ष के आगमन के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कामना की है कि हर्ष और उल्लास का पर्व बैसाखी सभी के जीवन में समृद्धि और प्रसन्नता लाए। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए बैसाखी के धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न करने की अपील की है। अपने एक अन्य संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब डॉ. आंबेडकर ने सामाजिक असमानता को दूर करने तथा वंचित वर्गां को सामाजिक न्याय दिलाने के उद्देश्य से भारत के संविधान में अनेक प्राविधान किए। डॉ. अंबेडकर के योगदान के लिए देशवासी सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहेंगे। उन्होंने आजीवन अनुसूचित जाति वर्ग सहित सभी उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सशक्तीकरण के लिए डॉ. अंबेडकर द्वारा किए गए प्रयास हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। भेदभाव रहित एवं समरस समाज का निर्माण ही डॉ. अंबेडकर के प्रति हम सभी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## यूपी से माफियाओं का हो रहा सफाया: ब्रजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डिप्टी** सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यूपी से माफियाओं का सफाया होगा। अपराधियों का साथ देने वालों पर भी कठोर कार्रवाई होगी। कानून से ऊपर कोई नहीं है। मौजूदा समय में प्रदेश के ज्यादातर माफिया घुटनों पर आ चुके हैं। अपराधियों को सजा दिलाने वाले राज्यों में यूपी देश में नम्बर एक पर है। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद व आरोपी गुलाम को यूपी एसटीएफ ने बृहस्पतिवार को झांसी में इनकाउंटर में मार गिराया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एसटीएफ को बधाई दी। डिप्टी सीएम ने कहा कि अपराध व अपराधियों के लिए यूपी में कोई भी जगह नहीं बची है। ज्यादातर अपराधियों का सफाया हो चुका है। जो बचे हैं, वे सलाखों के पीछे हैं। प्रदेश सरकार ने 2017 में जनता से भयमुक्त वातावरण मुहैया कराने का वादा किया था। सरकार अपने वादा पूरा करने की दिशा में प्रयास कर रही है। पुलिस कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई कर रही है। माफियाओं को अदालत के माध्यम से सजा दिलाई जा रही है। पुलिस अपना काम ईमानदारी व बिना किसी भेदभाव के कर रही है।

**पूर्व की सरकारों ने एक जिला एक माफिया दिया:** डिप्टी सीएम ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने एक जिला एक माफिया दिया, जो समाज के लिए लगातार खतरा बने थे। भाजपा सरकार विकास को तरजीह दे रही है। माफियाओं को मिटा रही है। डबल इंजन सरकार ने एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज का तोहफा दिया ताकि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से मुहैया कराई जा सकें।

## हज यात्री अब 15 तक जमा कर सकेंगे अग्रिम धनराशि

**लखनऊ।** हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई न चयनित हज यात्रियों को अग्रिम धनराशि 81800 रुपए जमा करने की तिथि 12 अप्रैल 2023 से बढ़ाकर 15 अप्रैल 2023 कर दी गई है। हज यात्रियों द्वारा धनराशि जमा करने के बाद पे-इन-स्लिप, हज आवेदन फार्म, घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट, मूल अंतराष्ट्रीय पासपोर्ट उप्र. राज्य हज समिति में जमा करने की तिथि 14 अप्रैल 2023 से बढ़ाकर 18 अप्रैल 2023 कर दी गई है।

## प्रदेश में उद्यमी मित्र की चयन प्रक्रिया प्रारंभ, 16 को आएगा परीक्षा का रिजल्ट

**लखनऊ।** प्रदेश में उद्यमी मित्रों की चयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले चरण में सभी उद्यमी मित्रों की लिखित परीक्षा का आयोजन पूर्ण हो चुका है। अब 16 अप्रैल को लिखित परीक्षा का परिणाम आने के बाद आगे की चयन प्रक्रिया पर सरकार आगे बढ़ेगी। संभावना है कि मई माह में चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी और सभी 105 उद्यमी मित्रों को जनपदों और इन्वेस्ट यूपी कार्यालय एवं मुख्यालय पर नियुक्ति दे दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश में हुए 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू को धरातल पर उतारने और उद्यमियों की सहायता के लिए उद्यमी मित्र नियुक्त करने का निर्णय लिया था। इन उद्यमी मित्रों को विभागीय और सभी जिलों में नियुक्त किया जाएगा और वेतन के रूप में 70 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा। औद्योगिक विकास विभाग के अधीन इन्वेस्ट यूपी द्वारा इन उद्यमी मित्रों की नियुक्ति की प्रक्रिया का काम किया जा रहा है। एक अधिकारी के अनुसार प्राप्त आवेदनों को वरिष्ठ अधिकारियों की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा वेरिफिकेशन के बाद 9 अप्रैल को उद्यमी मित्रों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। अब 16 अप्रैल को इसके परिणाण भी घोषित होने की संभावना है। विशेषज्ञों की टीम आवेदकों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रही है।

तय कट-ऑफ के अनुसार अगले चरण के लिए 300 से 400 अभ्यर्थियों का चयन किया जा सकता है। इसके बाद इन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार और कंप्यूटर टेस्ट के बाद अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा। इनके लिए अलग से कमेटियों का गठन किया गया है।

## निकाय चुनाव के पहले चरण में दो दिनों में अब तक हुए 66 नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण में नौ मण्डलों के 37 जिलों में नामांकन दाखिले की प्रक्रिया जारी है। पिछले दो दिनों में इन 37 जिलों में कुल 66 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

आयोग से मिली जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा 13 नामांकन देवरिया में दाखिल हुए हैं। इनमें नगर निगमों के पार्षद पद के लिए चार, नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए तीन, सदस्य पद के लिए 14, नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए छह और सदस्य पद के लिए 39 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किए हैं। मुजफ्फरनगर में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर दो, मुरादाबाद व रामपुर में नगर पालिका सदस्य पद के लिए एक-एक, सम्भल में नगर पंचायत सदस्य के लिए एक, फिरोजाबाद में नगर निगम पार्षद पद पर दो, फतेहपुर में नगर पालिका परिषद सदस्य पद पर एक, प्रयागराज में नगर निगम पार्षद पद पर एक और नगर पंचायत सदस्य पद पर पांच उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। रायबरेली में नगर पालिका सदस्य पद पर दो, नगर पंचायत सदस्य पद पर एक, उन्नाव में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर एक और सदस्य पद पर तीन, हरदोई में नगर पालिका सदस्य पद पर चार और नगर पंचायत सदस्य पद पर एक, लखीमपुर खीरी में नगर पालिका सदस्य पद पर दो और नगर पंचायत सदस्य पद पर चार नामांकन दाखिल हुए। गोण्डा में नगर पालिका अध्यक्ष पद पर तीन, नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर एक और सदस्य पद पर तीन, गोरखपुर में नगर निगम पार्षद पर एक, महाराजगंज में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर एक और सदस्य पद पर पांच, कुशीनगर में नगर पालिका सदस्य पद पर तीन, देवरिया में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर एक और सदस्य पद पर 12, जौनपुर में नगर पंचायत सदस्य पद पर दो उम्मीदवारों ने अपने पर्चे भरे हैं।

## लापरवाही पर सील हुए अमरोहा के दो अस्पताल

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग में कार्रवाई का दौर लगातार जारी है। गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर अमरोहा के दो अस्पतालों को सील कर दिया गया। अलग-अलग जिलों में भी कार्रवाई हुई हैं। उप मुख्यमंत्री का कहना है कि कार्य में लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि जनपद अमरोहा के गजरौला स्थित हसन नर्सिंग होम व धनौरा में अपोलो हॉस्पीटल पर कार्रवाई की गई है। दोनों अस्पतालों में लापरवाही के चलते महिलाओं की मृत्यु होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। उक्त दोनों अस्पतालों को सील कर मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट आएगी। प्रकरण में मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है। वहीं सीएचसी बीकापुर (अयोध्या) में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ अभिषेक विश्वास द्वारा मरीज को बाहर की दवाएं लिखे जाने संबंधी प्रकरण का संज्ञान लेते हुए उनका तबादला कर दिया गया है। साथ ही सीएचसी के अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए गए हैं।

## बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए: मुख्य सचिव



### ● सीएस दुर्गा शंकर मिश्र ने की रीवैम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम व ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने रीवैम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम की वर्तमान स्थिति एवं ऊर्जा विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदेश में बिजली कनेक्शन बढ़ाने के लिए विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। अभियान के दौरान लोगों को बिजली कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जाए। इस अभियान में स्कूली बच्चों और महिलाओं को शामिल किया जाए। इसके अलावा उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत करने का भी सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि आगामी गर्मी के दिनों में लो-वोल्टेज व लोकल फाल्ट की समस्या से निजात दिलाने के लिए विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता में वृद्धि की जाए तथा जर्जर लाइनों को बदलकर एबीसी केबल लगाए जाए, साथ ही पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के लिए नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। जहां कहीं भी लकड़ी के खंभों के सहारे विद्युत कनेक्शन दिए गए हैं उन्हें उन्हें हटाकर नए विद्युत पोल लगाए जाएं। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि उपभोक्ताओं को सही बिल मिले और समय पर मिले। बिल का समय पर भुगतान करने के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाए। उल्लेखनीय है कि रिवैम्पड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत लाइन हानियों में कमी लाए जाने के लिए विद्युत वितरण के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत महेश कुमार गुप्ता, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, चेयरमैन यूपीपीसीएल एम. देवराज, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार समेत सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम ने चंद्रगुप्त मौर्य के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किए श्रद्धासुमन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डिप्टी** सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर महान योद्धा चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा चंद्रगुप्त मौर्य भारत के महानतम सम्राट थे। उन्होंने मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी। डिप्टी सीएम ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर भी प्रकाश डाला।

## एक भी किसान का नुकसान नहीं होने देगी सरकार: शाही

### ● बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान का गंभीरता से किया जा रहा आकलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि हाल ही में जो बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान हुआ है उसका प्रदेश सरकार गंभीरता से आंकलन कर रही है। गेहूं खरीद के लिए विशेषज्ञों की टीम लगी हुई है। स्थिति का मूल्यांकन किया जा रहा है और पीड़ित किसानों का पूरा ध्यान प्रदेश सरकार रखेगी। उन्होंने कहा कि ये सरकार नीति से चलती है और किसान हमारी प्राथमिकता में है और ये बात प्रदेश का हर किसान जनता है। वो जानता है कि ये सरकार उनका अहित नहीं होने देगी।

शाही ने कहा कि विकास और तरक्की की राह पर आगे बढ़ रही योगी सरकार की यह उपलब्धि कुछ लोगों को रास नहीं आ रही। ये वो लोग हैं जिन्होंने अपने समय में किसानों की जमीनें हड़प लीं, उन्हें कर्ज के बोझ तले संघर्ष करने को अकेला छोड़ दिया। ये वो लोग हैं जिनके समय में अन्नदाता किसान गरीबी में जीने को मजबूर था, सरकार के पास न उनकी स्थिति में सुधार के लिए कोई नीति थी और न ही नीयत। गुंडागर्दी, लूटपाट, दंगे जैसी चीजें आम बात थी और इन सबके बीच सरकार अपने कुनबे के साथ जश्न में मशगूल रहती थी। ऐसे लोगों पर किसानों की चिंता का ढोंग अच्छा नहीं लगता।

प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ और दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी हर पल किसानों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। उनकी आय बढ़ाने के उपाय किए जा रहे हैं। किसी भी आपदा से अन्नदाता को राहत देने के लिए हमारे पास एक पुख्ता मैकेनिज्म है। सरकार हर वक्त किसानों के साथ खड़ी है। कृषि मंत्री ने कहा कि ये सरकार नीति से चलती है और किसान हमारी प्राथमिकता में है और ये बात प्रदेश का हर किसान जनता है। वो जानता है कि ये सरकार उनका अहित नहीं होने देगी। जो लोग अपने समय में किसानों की ओर पीठ करके सोते थे, वो अब अनर्गल बयानबाजी करके किसानों को भृमित करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन प्रदेश के किसान उन्हें उनकी सही जगह पहुंचा चुके हैं और अब उनकी हर कोशिश बेकार जाएगी। सूर्य प्रताप शाही ने किसानों के लिए चलाई जा रही राज्य और केंद्रीय योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ये सरकार किसानों के प्रति सजग है, इसीलिए मोदी और योगी सरकार ने फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि समेत अनेक योजनाओं के माध्यम से किसानों को राहत प्रदान की है। किसानों की आय में पहले कि तुलना में कहीं ज्यादा बढ़ोतरी हो चुकी है और सरकार आय को दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि बुंदेलखंड जैसे पिछड़े इलाकों के किसान भी तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। किसानों के सुसाइड के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। विपक्षी नेताओं को किसानों की ये तरक्की रास नहीं आ रही।

## माहवार निर्धारित करें टारगेट: केशव प्रसाद मौर्य

### ● स्वयं सहायता समूहों के गठन के कार्यों में और अधिक तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीणों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं को समय से पूरा करने के लिए माहवार टारगेट निर्धारित किया जाए और निर्धारित टारगेट को निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूरा कराया जाए। इसी के साथ उसी के अनुरूप बजट का भी व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

मौर्य बृहस्पतिवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस है, उस दिन गांवों में बने अमृत सरोवरों की अच्छी-अच्छी फोटो की सेल्फी ले करके व उनकी वीडियो क्लिप बनाकर के ट्वीट किया जाए, जिसमें अमृत सरोवरों में जल की उपलब्धता, वहां बने खेल के मैदान, ओपेन जिम, वृक्षारोपण आदि के फ ोटो व वीडियो क्लिप ट्वीट किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के गठन के कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाए। महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के गठन में और अधिक तेजी लाई जाए, समूहों के क्रियाकलापों से महिला स्वावलंबन के रास्ते और सुगम होते हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए ग्राम्य विकास के उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों की छोटी-छोटी वीडियो क्लिप क्लिप बनाकर सोशल मीडिया पर डाला जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा टी एच आर प्लांटों को संचालित करने की प्रक्रिया में और अधिक तेजी लाई जाए ।

### दस हजार अमृत सरोवर पूर्ण, देश में यूपी प्रथम स्थान पर

**उन्होंने** कहा कि चेक प्वाइंट बनाकर अमृत सरोवरों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। बताया गया कि उत्तर प्रदेश में 10 हजार अमृत सरोवर पूर्ण कर दिए गए हैं और अमृत सरोवरो के निर्माण में उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है । डिप्टी सीएम ने निर्देश दिए कि अमृत सरोवरो के रख-रखाव के लिए भी उचित कार्रवाई की जाए। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए ग्राम्य विकास विभाग में चल रहे कॉल सेंटर को और अधिक सक्रिय किया जाए, ताकि ग्रामीण लोगों को ग्राम्य विकास की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल सके। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग में खाली पदों का अधियाचन समय से भेजने के निर्देश दिए।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023



# शिवम् जौहरी हत्याकांड में चार आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के पास से आलाकत्ल भी हुआ बरामद

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**एसपी** के अथक प्रयास के चलते पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर ही शिवम् जौहरी हत्याकांड में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके पास से आलाकत्ल भी बरामद कर लिया। गुरुवार को आईजी बरेली डॉ राकेश सिंह ने पुलिस लाइन में मीडिया से वार्ता में हत्या के आरोप में गिरफ्तार चार अभियुक्तों की प्लानिंग के बारे में बताते हुए कहा कि पुलिस ने शिवम् जौहरी हत्याकांड में चार आरोपियों शिवम गुप्ता- बंकिम सूरी गोविन्द गुप्ता व राघव गुप्ता को गिरतार किया इनके पास से आलाकत्ल भी बरामद किया। कहा कि अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि मृतक शिवम जौहरी विगत करीब 07 वर्षों से मो अजीजगंज स्थित सूरी ट्रान्सपोर्ट पर नौकरी करता था। बहादुरगंज(सदर बाजार) स्थित कन्हैया हौजरी का सामान सूरी ट्रान्सपोर्ट के माध्यम से आता था। उस दिन जो सामान कन्हैया हौजरी पर आया उसमे से कुछ सामान (बोरे) कम थे । कम सामान के बाबत सूरी ट्रान्सपोर्ट के मालिक बंकिम सूरी ने कुणाल से फोन करके मृतक शिवम को उसके साथ कन्हैया हौजरी लाने को कहा तो कुणाल, शिवम जौहरी को अपने साथ लेकर हौजरी आ गया। मृतक का फोन ट्रान्सपोर्ट पर ही रखवा दिया गया था। बंकिम सूरी भी वहाँ पहुँच गया था । सभी लोग मृतक को कन्हैया हौजरी के चतुर्थ फ्लोर पर ले गये जहाँ पर उसे एक लोहे के पिलर से बॉधकर प्लास्टिक के पाईप एवं डंडे से मारपीट की गयी। उस समय वहां कन्हैया हौजरी के मालिक नीरज गुप्ता, सूरी ट्रान्सपोर्ट के मालिक बंकिम सूरी, नीरज गुप्ता के रिस्तेदार शिवम गुप्ता, गोविन्द, राघव, एंव हौजरी पर काम करने वाले नदीम, प्रदीप, राहुल, सुमित, फरीद, आशीश, रजत एवं नईम उर्फ गुडडु मौजूद थे। करीब डेढ़ बजे पिटाई से मृतक शिवम जौहरी की तबियत खराब हो गयी तो शिवम गुप्ता ने नीरज गुप्ता के बड़े भाई पंकज गुप्ता के बेटे डा करन, जो जिला अस्पताल में सेवारत है, को फोन करके घर पर बुलाया तो उन्होंने उसे तत्काल अस्पताल ले जाना बताया तो मृतक को वहां मौजूद व्यक्तियों द्वारा पीछे वाली सीढ़ियो से उतारकर मकान की तरफ गली से आमिर, विकास, केशव के साथ जिला अस्पताल भेजा गया। ये गाड़ी डैम रोड से नगरिया मोड़, बरेली मोड़ होकर जिला अस्पताल पहुंची। शिवम गुप्ता डा करन के साथ बाइक से पहले ही जिला अस्पताल पहुंचकर शिवम जौहरी के उपचार की व्यवस्था करा रहा था। चूंकि कन्हैया हौजरी में सीसीटीवी कैमरा चल रहे थे अत: नीरज गुप्ता के कहने पर राघव गुप्ता ने डीवीआर की हार्ड डिस्क निकालकर अपने कर्मचारी रवि द्वारा नीरज गुप्ता के बेटे नमन के पास कृष्णा सोलर फार्म्स, जमौर भिजवा दी थी, जहां पर नमन द्वारा हार्ड डिस्क को अपने कम्प्यूटर पर लगाकर फार्मेट करके हार्ड डिस्क को वापस शिवम गुप्ता को दे दिया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया पुलिस ने नीरज गुप्ता वंकिम सूरी कुणाल अरोरा शिवम गुप्ता – नीरज गुप्ता का एकाउन्टेन्ट केशव व अन्य व्यक्तियों नाम पता अज्ञात द्वारा वादी के घर से पुत्र शिवम को ले जाने व एक राय होकर अमानवीय शारीरिक प्रताडना देने के कारण शिवम उर्फ अंशुल की मृत्यु हो गई है ।

# स्थगित विकास योजनाओं को लेकर पंचायत सदस्यों ने जड़े गम्भीर आरोप

**संवाददाता।** सीतापुर

**पंचायत** सदस्यों ने क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर कई आरोप जड़े। हालांकि बीडीओ और विधायक प्रतिनिधि ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। सदस्यों ने मानदेय, विकास कार्य और उचित सम्मान न मिलने का हवाला देकर बैठक का बहिष्कार किया। विकास खण्ड कार्यालय रेउसा सभागार में एकत्र क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सेउता विधायक ज्ञान तिवारी के प्रतिनिधि उनके छोटे भाई रामेन्द्र तिवारी और बीडीओ विवेक मणि त्रिपाठी ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया, पर वह नहीं माने। जिसके चलते बैठक स्थगित किए जाने की घोषणा मंच से की गई। हालांकि बीडीओ का कहना है कि रेउसा ब्लाक प्रमुख मंजू चौहान का अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने की वजह से बैठक को स्थगित कर दिया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्यों में किस बात को लेकर नाराजगी है। उन्होंने बैठक का बहिष्कार क्यों किया। इसे समझने के लिए आइए पहले सुन लेते हैं क्षेत्र पंचायत सदस्य राधिका के पति, बीडीसी कनीजा खातून और वार्ड संख्या 76 से बीडीसी प्रतिनिधि नीरज कुमार को। रेउसा ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक बैठक गुरूवार को ब्लाक परिसर में आयोजित की गई। बैठक में रेउसा क्षेत्र के 142 सदस्यों में से लगभग एक सौ के आसपास क्षेत्र पंचायत सदस्य पहुंचे। इनमें से करीब 60 सदस्यों ने बैठक का विरोध करते हुए बहिष्कार किया। बैठक में वार्षिक कार्य योजना को लेकर विचार विमर्श किया जाना था। लेकिन बैठक स्थगित होने की वजह से कोई चर्चा नहीं हो सकी। आरोप है कि बीडीओ ठीक तरह से बात भी नहीं करते ऐसे में पद से त्याग पत्र दे देना ही अच्छा है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों का कहना है कि उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। जबकि जनता उनसे सवाल करती है।

# आबकारी आयुक्त व पुलिस टीम ने पकड़ी भारी मात्रा में अवैध शराब

**लखीमपुर खीरी।** आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रशासन, पुलिस, आबकारी की संयुक्त टीम ने दैनिक प्रवर्तन अभियान चलाया। गुरुवार को जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने मय स्टाफ ग्राम टाट कुशमा एवं सकेतु थाना खीरी में दबिश दी। दबिश के दौरान संदिग्ध खेतों, घरों से कच्ची शराब और प्लास्टिक के ड्रमों व प्लास्टिक के थैलियों में लहन बरामद किया। साथ ही देशी शराब के 13 पौवे विन्दीज ब्रांड 200 एमएल संदिग्ध घर से बिक्रित करते हुए बरामद किए। मौके पर चढ़ी भट्ठी और लहन को नष्ट किया गया व 03 अभियुक्तों को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत क्षेत्र 2 मोहम्मदी व रेहरिया पुलिस चौकी प्रभारी अभिषेक पाण्डेय मय स्टाफ एवं मोहम्मदी पुलिस थाना महिला आरक्षी संयुक्त के साथ संयुक्त टीम बनाकर दलबल के साथ ग्राम साहबगंज कॉलोनी थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश में कॉलोनी से भारी मात्रा में कच्ची शराब, चढ़ी भट्ठियां, लहन से भरे ड्रम बरामद किए। दबिश टीम ने चढ़ी भट्ठियों, लहन से भरे ड्रमों को नष्ट करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफग्राम देवीपुर नाला थाना पलिया में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घर से कच्ची शराब बरामद की। सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाए।

# ग्राम विकास अधिकारी पर रिश्वत का आरोप पात्रों को नहीं मिली आवास की किश्त

- सचिव द्वारा लाभार्थियों से मांगी जा रही मोटी रकम
- सेक्रेटरी सीलम वर्मा पर पहले भी लगे हैं गम्भीर आरोप

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** का ब्लाक रामपुर मथुरा भ्रष्टाचार को लेकर लगातार सुर्खियों में है। इस बार मुंह मांगी रकम न मिलने से आवास योजना के पात्रों को अपात्र घोषित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी ने पात्रों को योजना का लाभ पाने का हकदार बताया लेकिन जब उन्हें मुंह मांगी रकम नही मिली तो उन्हें किश्त ही नहीं जारी हो रही है। जाहिर सी बात है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्रों को अपात्र घोषित करने का खेल थम नही रहा है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ लगातार ग्रामीण शिकायत कर रहे है। फिर भी उन शिकायतों को नजरंदाज किया जा रहा है। हम बात कर रहे हैं ब्लाक रामपुरमथुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोण्डा देवरिया की। यहां की लाभार्थी सीता पति संजय, सुमन देवी आदि का कहना है कि आवासीय योजना में उनका नाम वित्तीय वर्ष 2022-23 में शामिल था। जिसका सत्यापन ग्राम विकास अधिकारी सीलम वर्मा ने किया था। नाम फीड भी कराए गए थे आरोप है कि सीलम वर्मा ने लाभार्थियों से पैसों की मांग की। आवास पाने की चाहत में ग्राम विकास अधिकारी सीलम वर्मा पर रूपये मांगने का आरोप लगाने वाले लाभार्थियों को जब किश्त के रूप में मिलने वाली रकम नहीं मिली तो मुख्यमंत्री, डीएम से पोर्टल पर शिकायत की। बीडीओ रामपुरमथुरा को भी शिकायती पत्र सौंपा है। बीडीओ मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि प्रकरण में शनिवार को गांव जाकर जांच करेंगे। जब नाम फीड है तो किश्त क्यों नहीं जारी हुई। इसके कारणों का भी पता लगाया जाएगा।

# रीजेन्सी पब्लिक स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**सीतापुर।** रस्योरा स्थित रीजेन्सी पब्लिक स्कूल के छात्र – छात्राओं ने अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में अंग्रेजी भाषा में ऐसे अकाट्य तर्क और भाषण प्रस्तुत हुए जिन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अर्न्तसदन अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता माइंड-स्प्री में कक्षा 9 से 12 तक की कक्षा के 32 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यूबर्ग संस्था के अनिल कुमार त्रिपाठी ने किया। विद्यालय प्रबन्धक एमएफ जैदी ने मुख्य अतिथि अनिल कुमार त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 'टीचर्स कैन बी रीप्लेस्ड बॉय कम्प्यूटर्स', 'सोशल मीडिया इज़ मेकिंग अस लेस सोशल' एवं 'कम्पटीशन इज़ अ नेसेसरी पार्ट ऑफ एज्यूकेशन' विषयों पर अपने विचार रखने थे। इन विषयों पर सभी प्रतिभागियों ने अपने वर्ग के निर्धारित विषय पर आत्मविश्वास से तर्क देते हुए अपना पक्ष रखा।

# संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़े के तहत सभी आशाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**संवाददाता।** रमियाबेहड़-खीरी



**विकासखंड** रमिया बेहड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आशा बहुओं को संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़े के तहत आज 13 अप्रैल को रमिया बेहड़ ब्लॉक सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आशा बहुओं को बताया कि संचारी रोग वे रोग होते हैं जो एक व्यक्ति या जानवर से दूसरे व्यक्ति में फैलते हैं। अमरीश कुमार ने बताया कि संचारी रोग एक ऐसी बीमारी है जो लोगों या जानवरों के बीच से गुजरती है लोग कभी-कभी संचारी रोगों के संक्रमण या संक्रमण रोगों के रूप में संदर्भित करते हैं । बैक्टीरिया वायरस कवक प्रोटोजोआ सहित रोगजनक हैजा मलेरिया खसरा चेचक प्ले स्वाइन फ्लू इत्यादि रोगों का कारण बनते हैं। सभी आशा बहुएं बड़ी सावधानी से सभी मरीजों का डाटा एकत्रित करके रिपोर्ट करें। बीसीपीएम अनिल कुमार ने सभी आशा बहुओं को संबोधित करते हुए बताया कि जब कोई वायरस मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर जाता है तो व्यक्ति रोग की चपेट में आ जाता है इसलिए परिवार को बहुत सावधानी बरतनी चाहिए जैसे अपने हाथों को अच्छी तरह से धोना, घर पर सतहों को कीटाणु रहित करना, विशेष रूप से खिड़की दरवाजे और रसोई घर। अक्सर बरसात के मौसम में संचारी रोग फैलते हैं संचारी रोग को फैलने से रोकने के लिए हम सभी को चाहिए कि हम अपने घरों के बाहर पानी इकट्ठा ना होने दें जिससे घरों में संचारी रोग ना फैले। हमें चाहिए कि हम घर के बाहर कूड़ा करकट भी इकट्ठा ना होने दें, साफ सफाई रखे। कूड़ा कूड़ेदान में डालें। घरों में बिल्कुल भी गंदगी ना होने दें। इसी कड़ी में अक्षय पोरवाल ने बताया कि चूहा एवं छछूंदर से फैलने वाली बीमारी से बचना चाहिए। घरों में चूहे हो तो जिंक फास्फाइड नामक दवा लाएं या अन्य खाने वाली चीजों में मिलाकर रखें और इन्हें बच्चों से दूर रखें। डेंगू मच्छर के फैलाव से बुखार होने की आशंका होती है यदि ऐसी आशंका उत्पन्न होती है तो डॉक्टर के पास जरूर जाएं। बिना चिकित्सक की सलाह से अनावश्यक औषधि का सेवन ना करें बच्चों को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनाएं एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें बच्चों को रात में बिना खाना खाए ना सोने दें।

## क्विक न्यूज

### गर्मी बढ़ने के साथ ही गहराया पेयजल का संकट

**सीतापुर।** गर्मी बढ़ने के साथ ही मिश्रिख नगर में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। नगर के अधिकतर हैण्डपम्प खराब पड़े हैं। पेयजल को लेकर उदासीनता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है, पिछले करीब पांच वर्षों से नगर क्षेत्र में कोई इंडियामार्का हैण्डपम्प नहीं लगवाया गया। रिबोर के नाम पर जिन हैण्डपम्पों की रिबोरिंग होती है तो वह कुछ दिनों बाद ही फिर से दगा देने लगते हैं। महर्षि दधीचि मार्ग पर जिस रास्ते प्रतिदिन तमाम श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। वहां के नलों की मरम्मत भी नहीं कराई जा रही है। इस मार्ग पर दो हैण्डपम्प लगे हैं। लेकिन किसी में शुद्ध पानी नहीं निकल रहा है, वह पिछले काफी समय से खराब पड़े हैं।

### डीएम ने किया कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के संग नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित एवं संचालित कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कियाए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने कंट्रोल रूम प्रभारी चकबन्दी अधिकारी राजेन्द्र राम से कंट्रोल रूम संचालन के संबंध में जरूरी जानकारी लीए निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का नियमित अनुश्रवणए पर्यवेक्षण करते हुए समयबद्ध गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। गंभीर एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उनका मार्गदर्शन समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जाए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि निर्वाचन कंट्रोल रूम एवं शिकायत प्रकोष्ठ निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक 24x7 कार्यरत रहेगा। इसके प्रभारी चकबन्दी अधिकारी राजेन्द्र राम बनाये गये हैं तथा तीन पालियों में सहायक प्रभारी अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। निर्वाचन कंट्रोल रूम एवं शिकायत प्रकोष्ठ का मोबाइल नम्बर 8957472810 है। इस मोबाइल नम्बर पर निर्वाचन से सम्बन्धित कोई भी शिकायत दर्ज करायी जा सकती है तथा सूचना ध् जानकारी प्राप्त की जा सकती है।



### ट्रैक्टर की चपेट में आकर बच्चे की मौत

**बरेली।** माता-पिता के साथ खेत पर मौजूद एक बच्चे की ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आंवला थाना क्षेत्र के गांव डोकोला निवासी राकेश कुमार के 1 वर्षीय बेटे उदय राज कि कल शाम गांव के पास स्थित अपने खेत पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद राकेश ने बताया कि कल दिन में उसकी पत्नी व सभी बच्चे खेत पर गए थे जहां पर उसकी 5 वर्षीय बेटी तनु छोटे भाई उदय राज को जमीन पर बिठाकर दूध पिला रही थी इसी दौरान गांव का रहने वाला सचिन गांव के ही रहने वाले नीरज का ट्रैक्टर तेजी से चलाते हुए उदय राज के पास से गुजरा घरवालों ने सचिन को रोकने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना और तेजी से ट्रैक्टर चलाता हुआ आगे बढ़ गया जिससे उदय राज ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई मौके पर मौजूद घरवालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और सचिन को ट्रैक्टर समेत पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक उदयराज पांच बहनों का अकेला सबसे छोटा भाई था उसकी मां का नाम रिंकी है।

### ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**बरेली।** लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । शाही थाना क्षेत्र के गांव सेवा ज्वालापुर निवासी 24 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र बेचेलाल कि कल शाम शाही के गांव बसावन पूर्व में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि वीरेंद्र कल दिन में अपने किसी काम से कस्बा शाही गया था जहां से शाम को घर वापस लौटते समय बसावन पुर के पास उसकी मोटरसाइकिल को तेजी से आ रही लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी जिससे वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर ट्राली और उसके चालक को पकड़कर घटना की जानकारी पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची वीरेंद्र की मौत हो चुकी थी मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी गई जो मौके पर पहुंचे और पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक एक बेटी का पिता था पुलिस ने ट्रैक्टर चला रहे युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

### वकीलों और सुरक्षा कर्मियों में हुई तनातनी सिटी मजिस्ट्रेट के दफ्तर में की नारेबाजी

**शाहजहांपुर ।** अधिवक्ताओं और डीएम की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। सिटी मजिस्ट्रेट के दफ्तर में जाकर नारेबाजी की। ज्ञापन देने जा रहे अधिवक्ताओं का ज्ञापन लेने के लिए कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। तब अधिवक्ता डीएम के आफिस की तरफबढ़ने लगे, तभी सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की।महिला अधिवक्ताओं ने पुलिसकर्मियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। कानपुर में न्यायधीश का रवैया अधिवक्ताओं के प्रति ठीक नहीं होने का आरोप लगाकर0 अधिवक्ताओं ने न्यायधीश का तबादला करने और उनको बर्खास्त करने की मांग की। हालांकि बाद में माफी मांग लेने के बाद अधिवक्ताओं का गुस्सा शांत हो गया। कानपुर में न्यायधीश पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए शाहजहांपुर के अधिवक्ता ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सिटी मजिस्ट्रेट वेदप्रकाश मिश्रा के दफ्तर के बाहर पहुंचे। हालांकि उस समय सिटी मजिस्ट्रेट आफिस में नहीं थे। अधिवक्ताओं का आरोप है कि, जब ज्ञापन देने का समय पहले ही दे दिया था तो सिटी मजिस्ट्रेट को आफिस में होना चाहिए था। उसके बाद अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए डीएम आफिस के पास पहुंच गए। अधिवक्ताओं ने लोहे के चौनल को पार करने की कोशिश की तो, सुरक्षाकर्मियों ने उनको जबरन रोक लिया। पुलिस और सुरक्षाकर्मियों में धक्का-मुक्की होती रही। इस दौरान अधिवक्ताओं ने महिला अधिवक्ताओं के साथ पुलिसकर्मियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। करीब दस मिनट बाद डीएम आफिस में आए और उन्होंने अधिवक्ताओं का ज्ञापन लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिवक्ता राजेश अवस्थी ने कहा कि कानपुर के न्यायाधीश की कार्यप्रणाली को लेकर अधिवक्ता आन्दोलन पर हैं। उन्होंने न्यायधीश के तबादले और उनको बर्खास्त करने की मांग की है।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत, 3 घायल

**बरेली।** क्योंलड़िया थाना क्षेत्र के गांव धनोरा जागीर निवासी 45 वर्षीय मुन्नालाल पुत्र नन्नू लाल की कल शाम नवाबगंज के गांव ज्योरा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मुन्नालाल अपनी पत्नी नन्ही देवी बेटे फूल बाबू और साले श्यामाचरण के साथ मोटरसाइकिल पर बहेड़ी के गांव गुड़वारा निवासी अपनी बेटी लक्ष्मी देवी के घर जाने के लिए अपने घर से चला था लेकिन रास्ते में जब उनकी मोटरसाइकिल नवाबगंज के ज्योरा गांव के पास पहुंची तभी पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।

# डीएम ने एकीकृत कोविड कमांड और कंट्रोल सेंटर का किया औचक निरीक्षण

- ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं कॉलिंग की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित एकीकृत कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं कालिंग की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कड़े निर्देश दिए। कहा कि कोरोना के प्रकरणों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जाये। मरीजों से नियमित रूप से फोन द्वारा संपर्क किए जाने हेतु भी निर्देश दिए। एकीकृत कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में तैनात कर्मचारियों द्वारा अभिलेखीकरण एवं अन्य कार्यों में लापरवाही बरतने पर चेतावनी देते हुए सुधार के निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि एकीकृत कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में एक एडिशनल सीएमओ को भी तैनात किया जाए, जिससे प्रभावी रूप से व्यवस्थाओं को संचालित किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों की तैनाती की जाए एवं उनके कार्यों का विभाजन करते हुए नियमित रूप से अनुश्रवण भी किया जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलिंग के बारे में जानकारी ली । एमओआईसी कांट द्वारा करोना प्रभावित लोगों के गलत मोबाइल नं0 उपलब्ध कराये जाने पर जवाब देही तय करते हुये कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। डीएम ने आम जनता से सतर्कता बरतने की अपील करते हुये कहा कि सभी लोग मास्क प्रयोग अवश्य करें। सोशल डिस्टेसिंग का शत प्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करें। कहा कि कोविड नियमों का कड़ाई से पालन करें। बताया कि जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम संचालित है जिनके नं0 05842-220017, 05842-220018,05842-220019 हैं। जांच व ईलाज से सम्बन्धित किसी भी सहायता हेतु इन नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, एडीएम त्रिभुवन, एडीएम न्यायिकराशिद अली सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लाखों की स्मैक समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस और ड्रग सेल की संयुक्त टीम ने आज मुखबिर की सूचना के बाद स्मैक के साथ जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से लाखों के स्मैक बरामद की गई पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों को जेल भेजा। इज्जत नगर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद लखनऊ हाईवे पर विलय धाम के पास आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव तिलिया पुर निवासी शाहिद पुत्र बबलू और सीबीगंज के गांव धुनसा निवासी मोहम्मद कासिम पुत्र मोहम्मद फैज को हिरासत में ले लिया और तलाशी के दौरान उनके पास से 25 लाख की 250 ग्राम स्मैक, 210 रुपए, दो मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किए। गिरफ्तार किए गए तस्करों ने बताया कि उन्होंने स्मैक को फतेहगंज पश्चिमी थाने के भोले नगर निवासी उस्मान कुरैशी पुत्र साबिर कुरेशी से खरीदी थी और वो इसे अलग-अलग स्थानों पर बेचने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# डीएम ने नामांकन कक्षों में लिया व्यवस्थाओं का जायजा, दिए निर्देश



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिला** निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गुरुवार को नगर पालिका परिषद लखीमपुर के लिए कलेक्ट्रेट में बनाए गए नामांकन कक्षों का जायजा लियाए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ नामांकन कक्षों का निरीक्षण करने पहुंचे, सभी व्यवस्थाएं उन्हें दुरुस्त मिलीं। नामांकन पत्र लेने आने वाले व्यक्ति के संबंध में नाम और पता के साक्ष्य के तौर पर आधार या किसी पहचान पत्र को जरूर देखा जाए। नामांकन कक्ष में मौजूद आरओ/ एआरओ से नामांकन की अद्यतन स्थिति जानी। निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। डीएम ने नामांकन परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान सतर्क दृष्टि रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह एसडीएम विधेश, धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# हजरत अली की शहादत पर मजलिस और मातम का चला दौर

**मोहम्मदी खीरी।** हजरत अली की शहादत पर कल सुबह से लेकर शाम तक इमामबाड़े मे मजलिस और मातम का दौर चलता रहा, जिसमे बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की और हजरत अली का ताबूत भी बरामद हुआ, जिसमे सभी की आखें अश्कबार हो गये। तावूत से पूर्व मौलाना मो अब्बास जैदी हरदोई ने मजलिस को खेताब किया और हजरत अली के जीवन परिचय के साथ उनके कारनामों का जिक्र किया। कहा कि मौला मुश्किल कुशा हजरत अली को हर धर्म के मानने बाले उनका नाम बड़ी अकीदत के साथ लेते है, उनके बेटे इमाम हुसैन ने करबला के मैदान में अपनी शहादत पेश कर इस्लाम को नई जिंदगी दी। बताया कि कैसे मस्जिद मे इमाम को रोजे की हारत में शहीद किया गया। हम आप मौला अली के बताये रास्ते पर चलते हुए अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाएं। इस कार्यक्रम मे बडी संख्या मे लोगो ने शिरकत कर अपनी अकीदत पेश की।

# एमसीएच विंग ओएल में जनता को जल्द मिलेंगी मेडिकल कालेज जैसी सुविधाएं

- मेडिकल कॉलेज प्राचार्य शैलेंद्र कुमार गोयल ने किया निरीक्षण, वार्ड और सेवाएं मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर किए जाने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**एमसीएच** विंग ओयल में मेडिकल कॉलेज की तरह सेवाएं जल्द ही जनमानस को मिलने लगेगी। इसके लिए जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। इन्हीं व्यवस्थाओं के निरीक्षण को लेकर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. शैलेश कुमार गोयल द्वारा निरीक्षण किया गया और व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ सीएमएस एमसीएच विंग डॉ. एसी श्रीवास्तव, सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ. आईके रामचंदानी और डॉ. एसके मिश्रा भी मौजूद रहे। निरीक्षण दौरान उन्होंने ग्राउंड फ्लोर पर संचालित इमरजेंसी, ओपीडी, अल्ट्रासाउंडए एक्स-रे रूम और लैब का निरीक्षण किया। उसके बाद द्वितीय तल पर सर्जिकल वार्ड पुरुष और महिलाए आर्थो वार्ड, ओटी सामान्य, ओटी नेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी वार्डों में एक-एक ट्रॉली रखने के निर्देश दिए। इसी के साथ पहली मंजिल पर ही ईसीजी मशीन और डिसीबिलेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे मरीजों को तत्काल उसी फ्लोर पर सेवा मिल सके। उपरांत दूसरी मंजिल पर कोविड आइसोलेशन वार्ड, एनआईसीयू, जिरियाट्रिक वार्ड का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने द्वितीय तल पर ईएनटी, आयोर्थमिक वार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसमें पुरुष और महिला मरीजों के लिए 10-10 बेड सुरक्षित रहेंगे। इसी के साथ पायलेटियू वार्ड और मेडिसिन वार्ड को बनाने के निर्देश दिए। इसमें कुल 24 बेड की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान उन्होंने बाल रोग विशेषज्ञ डा. आरपी वर्मा से वर्तमान समय में दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली और उन्हें एमुनाइजेशन शुरू करने को कहा। 15 नंबर कमरे को डेमोंसट्रेशन रूम बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद वे ईएनटी डॉ. रामकिशन से मिले, जहां उन्होंने उनसे प्रदत्त सेवाओं की जानकारी ली। इसके बाद वे तृतीय तल पर पहुंचे जहां मीटिंग हॉल को लेक्चर थिएटर में बदलने को कहा। पंचम तल पर साइकेट्रिक वार्ड और बर्न व कम्युनिकेबल डिजीज के साथ ही आर्थो और सर्जिकल वार्ड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# चुनाव की तैयारी को लेकर अधिकारियों की बैठक

**संवाददाता।** बरेली

**एडीजी,** बरेली जोन पीसी मीणा एवं डीआईजी मुरादाबाद परिक्षेत्र द्वारा थाना स्वार जनपद रामपुर में जनपद के समस्त गजटेड अधिकारियों के साथ आगामी स्वार विधान-सभा उप निर्वाचन नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु कृत कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एडीजी, बरेली जोन एवं आईजी, मुरादाबाद शलभ माथुर द्वारा थाना स्वार जनपद रामपुर में एसपी जनपद रामपुर एवं जनपद रामपुर के समस्त राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी कर आगामी स्वार विधान-सभा उप निर्वाचन व नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु की गयी तैयारियों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिये। कहा कि स्वार विधान-सभा उप निर्वाचन और नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व में ही कार्ययोजना तैयार कर ली जाये एवं चुनाव आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाये, जनपद रामपुर में 4 मई को होने वाले प्रथम चरण के नगर निकाय चुनाव व 10 मई को स्वार विधान-सभा उप निर्वाचन होना है। चुनाव के परिप्रेक्ष्य में अराजक तत्वों पर निगरानी रखते हुये उनके विरूद्ध आवश्यक एवं निरोधात्मक वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाये। अंतरराष्ट्रीय, अन्तर्राज्यीय और अन्तर्जनपदीय बॉर्डर पर सतर्क दृष्टि रखते हुये प्रभावी चैकिंग प्रारम्भ कर दी जाये, इन सभी बैरियरों पर संचार माध्यमों की व्यवस्था भी कर ली जाये, मतदान के दिन डायल 112 के वाहनों का रूट चार्ट एवं उनकी डियूटी के स्थान को चिन्हित कर लिया जाये, वीवीआईपी, वीआईपी भ्रमण के दौरान नियम अनुसार सुरक्षा व्यवस्था का प्रबन्ध कराते हुये सतर्क दृष्टि रखी जाये, पोलिंग पार्टियों को समय से रवाना करने के पश्चात सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी द्वारा उनको चैक की जाये, संवेदनशील मतदान केन्दों की ड्रोन कैमरों से निगरानी करने की व्यवस्था की जाये।

# पुलिस ने अंतरराज्यीय तस्करों को दबोचकर 40 गौवंश किये बरामद



● 40 गौवंशो के साथ पकड़े गए पांच तस्कर

● गौवंशों को मप्र के शडोल ले जाकर करते है गौकशी

**संवाददाता।** चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में वरिष्ठ रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में रैपुरा पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गौ तस्कर गिरोह का पर्दाफाश कर पांच तस्करों को 40 गौवंशों समेत दबोचा है।

गुरुवार को सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय ने पत्रकारों को बताया कि रैपुरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अगरहुण्डा गांव के पास से मानसिंह नायक, गुल्लू पुत्र कन्ना सिंह निवासी पोगरी थाना सुहागपुर जिला सहडोल मप्र व कृष्ण नायक पुत्र अमरादेश खेतोली थाना सुहागपुर सहडोल मप्र, शंकर, अनन्य, अजय नायक, अमरा नायक निवासी नेपानिया थाना सुहागपुर सहडोल मप्र, देवा नायक, हेमा निवासी पटसी थाना सुहागपुर शाहडोल मप्र, अजमेर अली, अरिछोटू पुत्र मुन्ना खांवासी बछरन थाना पहाड़ी को देखा। ये लोग गौवध करने को 40 गौवंशों को क्रूरतापूर्वक बांधकर ले जा रहे थे। सख्ती से पूंछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे पैदल जंगल के रास्ते गौवंशों को मप्र सीमा तक ले जाते हैं। वहां से किसी वाहन से जिला सहडोल मप्र ले जाते हैं।

जहां गौकसी करते हैं। इसके पहले भी वे लोग इसी तरह से मप्र सीमा ले जाकर गौवंशों की गौकसी का कार्य करते थे। पुलिस टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय, दरोगा राकेश सिंह यादव, दरोगा अमर बहादुर सिंह, सिपाही अजीत यादव, नंदलाल व राजमंगल बिन्द शामिल रहे।

# निकाय चुनाव संपन्न कराने को डीएम-एसपी ने कसी कमर



**संवाददाता।** चित्रकूट

**स्वतंत्र**, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मद्देनजर प्राथमिक विद्यालय इस्लामिया तरौहा, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी, कम्पोजिट विद्यालय बनकट, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज कर्वी, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, चित्रकूट बाल विद्यालय कर्वी का भ्रमण कर बनाये बूथों में बुनियादी सुविधायें देखी। बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैम्प, आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने अवर अभियंता नगर पालिका को निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालय इस्लामिया तरौहा एवं चित्रकूट बाल विद्यालय में रैंप नहीं हैं। यहां पर तत्काल रैंप बनवायें। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में स्ट्रांग रूम की जांच कर मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चारों तरफ से सीसीटीवी कैमरा से कवर, खिड़की को बंद कराया जाए। विद्युत व्यवस्था की भी तार हटाई जाये। बैरिकेडिंग की व्यवस्था करायें। डीएम-एसपी ने तहसील कर्वी के सभागार में जो नगर पालिका परिषद कर्वी के निकाय चुनाव को लेकर सभासद के नामांकन स्थल था, अध्यक्ष पद को न्यायालय नायब तहसीलदार कर्वी के कक्ष का भी निरीक्षण किया।

# टिकट की घोषणा के बाद भाजपा के समक्ष होगी असंतुष्टों की बड़ी चुनौती

● भाजपा के टिकटार्थियों की बड़ी है संख्या

● सपा भी दम-खम के साथ लड़ेगी चुनाव

**संवाददाता।** फतेहपुर

**निकाय** चुनाव की बजी दुंदुभी के बाद दावेदारों की सक्रियता बढ़ी है वैसे तो जिले में 2 नगरपालिका परिषद एवं 8 नगर पंचायतों में चुनाव होना है लेकिन दिलचस्प मुकाबला नगर पालिका परिषद फतेहपुर में देखने को मिलेगा। टिकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी में कवायद तेज है लेकिन अभी कांग्रेस, बसपा एवं आम आदमी पार्टी ने अपने पत्ते बंद कर रखे हैं। सबसे अधिक मुसीबत भारतीय जनता पार्टी के सामने है जहां दावेदारों की लंबी फौज है। इनमें वे दावेदार हैं जिन्होंने संघ एवं भाजपा में अपना पूरा जीवन खपा दिया है तो ऐसे भी नए-नवेले दावेदार हैं जो टिकट की लाइन में खड़े होकर अपना दावा कर रहे हैं। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद फैसला सीमित दावेदारों तक होना तय हो गया है। नेतृत्व को फैसला करना है लेकिन एक बात साफ है कि जैसे ही टिकट की घोषणा होगी वैसे ही भारतीय जनता पार्टी में पर्दे के पीछे एवं सामने से घमासान मचना तय है। संगठन की खेमे बाजी भी बड़ा गुल खिलाएगी।

निकाय चुनाव तो फतेहपुर जिले में 10 नगरपालिका परिषद व नगरपंचायतों में होना है। यहां 10 अध्यक्षों एवं 174 सभासदों का चुनाव 390761 मतदाता आगामी 4 मई को करेंगे लेकिन उसके पहले टिकट का बंटवारा राजनैतिक दलों के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। सबसे ज्यादा मुसीबतें भारतीय जनता पार्टी के सामने हैं। अपनों की बगावत एवं अंदर खाने खेल होने की संभावना से भाजपा इंकार नहीं कर सकती।

नगर पालिका परिषद फतेहपुर से समाजवादी पार्टी का टिकट तय है, केवल उसकी औपचारिक घोषणा होनी बाकी है। अन्य जगहों में भी सपा मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी जिससे 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एक बड़ा संदेश दिया जा सके। भाजपा भी इसी संदेश को आगे पहुंचाने का काम करने की जी-तोड़ कोशिश करेगी लेकिन बड़ा सवाल यह है कि टिकट की घोषणा के बाद आने वाले भूचाल एवं तूफान को संगठन किस तरह से रोकने में कामयाब होगा। से आवेदन करने वाले कई ऐसे चेहरे भी अंदर ही अंदर मन बनाए बैठे हैं कि अगर टिकट उन्हें ना मिला तो वह निर्दल के रूप में भी अपनी किस्मत आजमाएंगे।

# अमृतपुर विधायक ने क्षत्रिय समाज पर दिए गए विवादित बयान पर मांगी माफ़ी

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने क्षत्रिय समाज पर दिए गए बयान पर माफ़ी मांगी है। क्षत्रिय समाज पर दिये गये अपने विवादित वयान पर अमृतपुर विधायक बैकफुट पर आ गये है। उन्होंने इसके लिये मीडिया के सामने माफी भी मांगी है। लेकिन करणी सेना अभी विधायक की मांफी पर सहमत नहीं है। दरअसल विधायक ने दिये गये बयान पर अपने आवास विकास स्थित आवास पर प्रेस वार्ता बुलायी और अपनी सफ़ाई दी। जिसमे उन्होंने कहा कि मैंने सिंह और ठाकुर को लेकर ऐतिहासिक तथ्य रखे थे। उन्होंने किसी जाति विशेष के अपमान के इरादे से कुछ भी नही कहा। विधायक ने कहा कि हो सकता है कि अज्ञानता बस कुछ बोल गया हूं तो वह माफ़ी भी मांग रहे हैं। उधर विधायक के बयान पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर विधायक की माफी से सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि विधायक नें खुले मंच से ठाकुर और सिंह पर सबाल खड़े किये। लिहाजा इस तरह से माफी मांग लेनें से करणी सेना मानने वाली नही है। उन्हें लिखित में माफ़ी मांगनी होगी। एक प्रश्न के उत्तर में श्री शाक्य ने कहा कि संकिसा में पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव की पत्नी के संकिसा चेयरमैन पद की भाजपा से टिकिट मांगी थी जिस पर मैने अपनी असहमति व्यक्त कर दी है।

## बयान के खिलाफ धरने पर बैठे भाकियू जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद।** क्षत्रिय समाज पर विवादित वयान को लेकर भाजपा विधायक के खिलाफ भाकियू जिलाध्यक्ष धरनें पर बैठ गये। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही ह।भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी जमापुर चौराहे निकट पूर्व प्रधान अनूप अग्निहोत्री की दुकान के सामने धरने पर बैठ गये । भाकियू जिलाध्यक्ष नें भाजपा विधायक सुशील शाक्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह क्षत्रिय समाज से है लिहाजा उनका समाज विधायक के बयान से आहत हुआ है। जब तक कार्रवाई नही होगी वह धरने से नहीं उठेंगे।

# गुण्डा एक्ट की कार्रवाई से अपराधियों में मची खलबली

**चित्रकूट।** आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने की गरज से पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले 14 लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है। गुरुवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने हुड्डी आरख, सुधीर पुत्रगण कालका निवासी आर्यनगर, संदीप, कुलदीप पुत्रगण राजाबाबू, राजाबाबू पुत्र रामगोपाल निवासी बराहमाफी, सुनील, दुर्गेश पुत्रगण हीरामणि निवासी उमरी, बच्चा पुत्र बबुलिया, छोटू, संजय पुत्रगण भट्टी उर्फ देशराज, छोटू उर्फ अनिल पुत्र बच्चा निवासी शिवनगर के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर ने शिवमिलन पुत्र कुंजल, शिवगोपाल पुत्र राममिलन, शिवबोधी पुत्र राममिलन निवासी अशोह के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने देवदत्त पुत्र दुखी निषाद निवासी केवटन पुरवा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब बरामद कर दबोचा है। आरोपी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# जिले की चारों सीटों पर लहरायेगा सपा का परचम : शिवशंकर यादव

● नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष का समर्थकों ने किया स्वागत

**संवाददाता।** चित्रकूट



**समाजवादी** पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव के जिलाध्यक्ष बनने पर पहली बार जिला आगमन पर सपाइयों ने हजारों की तादाद में उनका स्वागत किया। जिले की सीमा राजापुर पहुंचते ही फूल-मालाओं एवं नारों से स्वागत किया। राजापुर से लेकर जिला मुख्यालय कर्वी तक पूरे मार्ग में जगह-जगह पार्टी के समर्थकों एवं नेताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया।

गुरुवार को जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ जिला कार्यालय पहुंचे। सपा संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों से उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के प्रति आभार जताया। कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे निष्ठा, ईमानदारी से निभाऊंगा। कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के लिए हर समय सुलभ रहूंगा। पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे पूरा करुंगा। बूथ स्तर पर सपा को मजबूती देते हुए जन-जन तक सपा की रीति-नीति एवं प्रदेश के विकास पुरुष अखिलेश यादव की नीतियों को पहुंचाने का काम करेंगे। श्री यादव ने कहा कि होने वाले निकाय चुनाव में सपा भाजपा का सफाया करने जा रही है। निकाय चुनाव में सपा को खासा लाभ मिलेगा। सपा पुराने एवं लोकप्रिय नेताओं को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव में जिताने का काम करेगी।

## क्विक न्यूज

### घर घर दस्तक स्कूल चलो अभियान की हुई शुरुआत

**राजापुर, चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षा नीति के अंतर्गत 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कड़े निर्देश जारी किए गए हैं और घर घर दस्तक अभियान चलाकर हर परिवार में बच्चों को चिन्हित कर स्कूल में दाखिला कराने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तुलसी इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य सूर्यभान सिंह द्वारा नगर में चार चार अध्यापकों की टीम बनाकर नगर पंचायत के अंतर्गत 15 वार्डों में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को चिन्हित कर स्कूल चलो और दाखिला कराओ का अभियान चलाया गया। तुलसी इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य सूर्यभान सिंह ने बताया है कि नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से प्रारम्भ हो गया है और उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षा नीति के अंतर्गत 6वर्ष से 14 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को स्कूल चलो और दाखिला कराकर शिक्षित होकर समाज तथा प्रदेश के विकास में सहभागी बनने की प्रेरणा दी जाती है। जिसमें तुलसी इण्टर कॉलेज के अध्यापकों की 6 टोली बनाकर घर घर दस्तक देकर अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चे को शिक्षा की ओर प्रेरित कर स्कूल में दाखिला कराने का अभियान 20अप्रैल तक चलाया जाएगा।

### आचार संहिता का कड़ाई से करें अनुपालन: जिलाधिकारी

**फतेहपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन के अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए कार्य किये जायें अन्यथा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता तथा अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल, उम्मीदवार, प्रतिनिधि ऐसा कोई कार्य लिखकर, बोलकर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नही करेंगे जिससे कि किसी धर्म/सम्प्रदाय, सामाजिक वर्ग की भावनाएं आहत हो। चुनाव प्रचार हेतु किसी भी व्यक्ति की भूमि, भवन, दीवार का उपयोग झंडा लगाने, बैनर टांगने आदि का कार्य व्यक्ति की अनुमति के बिना नही करेंगे।

### शराब के नशे में युवक ने लगाई फांसी

**मौदहा, हमीरपुर।** शराब के नशे में युवक ने फांसी लगा ली,जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से युवक की हालत खराब होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम रतौली निवासी संजय साहू (22) ने गुरुवार की दोपहर को शराब के नशे में फांसी लगा ली। जिसे परिजनों आनन फानन फांसी के फंदे से उतारकर इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से युवक को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है परिजनों ने बताया की सब्जी बेचने का व्यवसाय कर परिवार का भरण पोषण करते हैं सब्जी के लिए दो हजार रुपये दिए थे। पैसों को लेकर आज गांव में अपने साथियों के साथ दिनभर शराब पीता रहा शराब के नशे में ही घर में लगे पंखे मैं धोती से फांसी लगा ली।

### छात्राओं ने सीखा बिना बर्तन जंगल में भोजन बनाने का तरीका

**फतेहपुर।** डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रवेश और निपुण शिविर का समापन गुरूवार को हो गया। शिविर के दौरान छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रमों और क्रिया विधियों को सिखाया। जिसमें तंबू निर्माण, पुल निर्माण, गाड़ी लगाना, प्राथमिक चिकित्सा, बिना बर्तनों के जंगल में भोजन बनाना आदि शामिल है। डॉ अपर्णा मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से छात्राओं में नेतृत्व की भावना, सहयोग और सौहार्द की भावना के साथ ही विभिन्न व्यक्तित्व के गुणों का विकास होता है। इसमें सिखाई गई बातों का प्रयोग छात्राएं देश समाज और राष्ट्र के लिए अवश्य करेंगी। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट गाइड अतुल सिंह ने बताया कि रेंजर्स प्रशिक्षण का उद्देश समाजसेवा है।

### सहकारी समिति अध्यक्ष ने ली शपथ

**फतेहपुर।** विकास खण्ड असोथर के अंतर्गत क्षेत्रीय सहकारी समिति असोथर के जयदेव सिंह गौतम अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। गुरुवार को एडीओ कोपरेटिव राजकुमार विश्वकर्मा ने उन्हें पद और गोपनीयता कि शपथ दिलाई। समिति भवन में निर्वाचित अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा शिवप्रताप सिंह, समिति उपाध्यक्ष राजेश शिवहरे,सचिव मृदुल तिवारी,संचालक राजेंद्र कुमार, शिवहरि पासवान, उपस्थित रहे।

# नलकूपों की मरम्मत के लिए चलाया अभियान

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

**शासन** ने पहली मर्तवा किसानों की सिचाई समस्याओं को नजदीक से जानने के लिये रोजाना फोन से राजकीय नलकूप के अधिशासी अभिंयता व सहायक अभियंता को दस-दस किसानों से फोन कर उनसे राजकीय नलकूपों से संबंधित समस्याएं जानकारी कर रिपोर्ट शासन को अवगत कराने को कहा है। जिले में धीरे धीरे राजकीय नलकूपों से संबंधित समस्याएं दूर दूर होती जा रही है।

राजकीय नलकूप के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार श्रीवास्तव ने आज बताया कि प्रदेश में राजकीय नलकूपों से ज्यादातर किसान पीड़ित रहते थे, कई नलकूपों में बिजली समस्या, तकनीकी समस्याओं से राजकीय नलकूप बंद रहते थे बुंदेलखंड में बरसात में नलकूप बंद होने से ज्यादातर नलकूपों के ट्रांसफार्मर न केबिल, स्टार्टर चोरी हो जाते थे जिसकी पुलिस रिपोर्ट नही लिखती थी जिस कारण नलकूपों का सामान स्टोर से उपलब्ध नही हो पाता था और सिचाई के पीक सीजन में सैकड़ो राजकीय नलकूप बंद रहते थे। परिणाम स्वरुप किसानों की फसलें सूख जाती थीं जिससे कई गांवों में किसान आत्महत्या कर लेता था। कई गांवों में राजकीय नलकूपों में चालक मनमानी करता था कई गांवों में दबंग राजकीय नलकूप को अपनी बपौती समझ उसमे कब्जा कर लेते थे गरीब किसान मनमार कर रह जाता था। जिससे किसानों की सिचाई समस्याएं दूर होने के बजाय बढ़ती जाती थी। इससे उनके उत्पादन में असर पड़ता था।

यही नहीं किसान नलकूप चालक को राजकीय नलकूप बंद होने के बारे में बताने के बाद भी नलकूप ठीक नही होता था,सिचाई को लेकर किसानों में मारपीट व सिरफुटौव्वल होता था। इन्ही तमाम समस्याओं को देखते हुये सरकार ने हरेक राजकीय नलकूप के अधिशासी अभियंता व सहायक अभिंयता को रोजाना दोनो अधिकारी दस दस किसानों से नलकूपों की समस्या व सिचाई के बारे में जानकारी करेगा यह कार्यक्रम एक सप्ताह से चल रहा है।

## डिजिटल लायब्रेरी स्थापित कर नलकूपों की फीड की जा रही जन्मकुंडली

**हमीरपुर।** शासन ने राजकीय नलकूपों की पूरी जन्मकुंडली खंगालने के लिये हरेक जिले में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की है जिसमे नलकूप स्थापित करने का वर्ष,नलकूप के अधिशासी अभिंयता का नाम, ग्राम का नाम, प्रधान व नलकूप चालक का नाम,उनका मोबाइल नंबर, जिला व ब्लाक का नाम अंकित कर शासन को भेजा जायेगा। जिले में अब तक करीब डेढ़ सौ राजकीय नलकूप डिजिटल लायब्रेरी में फीड हो चुके हैं, शासन की मंशा है कि राजकीय नलकूपों की पूरी जानकारी होने के बाद उच्चाधिकारी उनकी समस्या को कभी भी जानकारी कर सकते है व अधिशासी अभिंयता व नलकूप चालक व ग्राम प्रधान से बात कर नलकूप के वारे में शासन में बैठकर बात कर सकते हैं।

# छात्रों को ट्रैफिक प्रभारी ने किया जागरूक

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात सुरक्षा अभियान के तहत यातायात को मजबूत करने के प्रति लोगों को यातायात प्रभारी मनोज कुमार चौधरी व उनकी टीम ने जागरूक किया। जागरूकता अभियान के तहत सीपी सिंह इंटर कॉलेज में जाकर यातायात पुलिस ने कॉलेज के बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। सभी को नियमो का पालन करने की सलाह देते हुए यातायात प्रभारी ने कहा कि मोटरबाइक चलते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करे।

गुरुवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि तीन सवारी बैठाकर यात्रा न करें। सीमित गति में ही मोटरबाइक चलाये। दुर्घटना होने से भी बचा जा सकता है। कॉलेज के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कहा कि देश में सड़क हादसे से लाखों लोगों की जान जाती है। इसलिए सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें, हादसे से बच सकें।

# क्रीड़ा अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को स्टेडियम आने के लिए किया प्रेरित

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि उप्र सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए पूरी तरह समर्पित है। खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास को संकल्पित खेल निदेशालय के तहत स्पोर्ट्स हॉस्टल, स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना करके कक्षा छह से खिलाड़ियों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं को तैयार किया जा रहा है। गुरुवार को उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई जहां खिलाड़ियों को निःशुल्क भोजन, आवास, खेल उपकरण, शिक्षा आदि की बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। स्पोर्ट्स कॉलेज, स्पोर्ट्स हॉस्टल में रहकर खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करके प्रदेश का नाम रोशन किया है। चित्रकूटधाम मंडल के वर्ष 2023-24 में 19 खिलाड़ियों का चयन केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर को किया गया है। पहली बार एक टेबल टेनिस के खिलाड़ी का भी चयन हुआ है।

छात्रों, नवयुवकों, छात्राओं को खेलों से जुड़ने को खेल योजनाओं की जानकारी देने को वह चित्रकूट इंटर कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जाकर खिलाड़ियों को खेल सुविधाओं व खेल से मिलने वाली नौकरियों, पुरस्कारों, स्पोर्टस हॉस्टल, स्पोर्टस कॉलेज में प्रवेश की जानकारी देकर उन्हें स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास करने को आमंत्रित किया है।

प्रधानाचार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज डॉ रणवीर सिंह चौहान, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ने भी छात्राओं व छात्रों को स्टेडियम में बढ़ रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्हें स्टेडियम जाने को प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी लगातार खेल सुविधाएं बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## अतीक का...

घटना के बाद से ही स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एसटीएफ की विभिन्न टीमें, जिनका नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा था। एडीजी ने बताया कि अतीक को साबरमती जेल से लाने के दौरान हमला कर छुड़ाने की कोशिश होने वाली थी। उसे छुड़ाने के लिए ही झांसी में बदमाश ठहरे हुए थे। इंटेलिजेंस की सटीक रिपोर्ट के बाद बदमाशों की घेरेबंदी हुई और अतीक के बेटे असद के साथ गुलाम मारा गया। एडीजी ने कहा कि वारंट बी लेकर साबरमती जेल से से अतीक और बरेली से उसके भाई अरशद को भी प्रयागराज लाया गया है। इंटेलिजेंस के इनपुट से पता चला कि रास्ते में अपराधियों को छुड़ाया जा सकता है। इससे अतीक के काफिले की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इसी बीच एसटीएफ को सूचना मिली की साबरतमी से प्रयागराज के रास्ते झांसी में हमला हो सकता है। इंटेलिजेंस की सूचना के बाद एसटीएफ के तेजतर्रार अफसरों की टीम ने झांसी में मोर्चा संभाला। शुक्रवार को दिन में साढ़े 12 से एक बजे के बीच सूचना के बाद बड़गांव थाना क्षेत्र में पारीक्षा बांध के पास कुछ लोगों को घेरा गया तो दोनों ओर से गोलियां चलीं। इस एनकाउंटर में एसटीएफ की टीम की गोली से दो बदमाश घायल हो गए। बाद में दोनों की मौत हो गई। दोनों की पहचान असद पुत्र अतीक अहमद एवं गुलाम पुत्र मकसूदन के रूप में हुई। असद के ढेर होने से कंफर्म हो गया कि इंटेलिजेंस को मिली सूचना पुख्ता थी। अगर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था नहीं बढ़ाई होती तो कुछ भी बड़ा हो सकता था। झांसी को ही ठिकाना बनाने के सवाल पर एडीजी ने कहा कि यूपी और एमपी बार्डर पर झांसी होने के कारण बदमाश आसानी से अपराध करके एक राज्य से दूसरे राज्य में फरार हो जाते हैं। यहां पर कार्रवाई करने के लिए एक राज्य की पुलिस को दूसरे राज्य में घुसने से पहले बकायदा इजाजत लेनी पड़ती है। इसमें काफी समय लग जाता है।

## अतीक अहमद...

शाम पांच बजे तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। अग्रहरि ने बताया कि आदेश में यह भी कहा गया है कि पुलिस हिरासत में लेने से पूर्व दोनों अभियुक्तों का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाए और अभियुक्त चाहें तो अपने अधिवक्ता को अपने साथ रख सकते हैं, लेकिन अधिवक्ता 100 मीटर दूरी से ही कार्वाई को देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस कस्टडी की अवधि पूरी होने के बाद अतीक अहमद को साबरमती जेल के लिए और अशरफ को बरेली जेल भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। बृहस्पतिवार को भारी सुरक्षा के बीच अतीक अहमद और अशरफ को नैनी स्थित केंद्रीय कारागार से जनपद न्यायालय लाया गया। इस दौरान, अदालत परिसर में वकीलों ने अतीक और अशरफ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपशब्द कहे। अदालत कक्ष में मौजूद एक अधिवक्ता ने बताया कि झांसी में अतीक के बेटे असद की पुलिस मुठभेड़ में मौत की खबर फैलते ही अतीक और अशरफ गमगीन नजर आए।

## बढ़ी सियासी...

जीतन राम मांझी ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस घटनाक्रम के बाद राज्य में नए सियासी समीकरण बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने किसी भी तरह की अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की और अपने इस दावे को दोहराया कि नीतीश में देश का प्रधानमंत्री बनने के सभी गुण हैं। मांझी ने कहा कि उन्होंने नीतीश के साथ बने रहने की शपथ ली है। मांझी की शाह से मुलाकात, दशरथ मांझी को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की हम की मांग की पृष्ठभूमि में हुई है। शाह के साथ अपनी बैठक के बाद हम प्रमुख, नीतीश से मिलने भी पहुंचे ताकि ऐसी किसी भी धारणा को दूर किया जा सके कि वह फिर से अपना रुख बदल सकते हैं। वहीं बैठक के बाद खरगे, पवार और राहुल तीनों नेताओं ने कहा कि विपक्षी दलों को एकजुट करने की जरूरत है और सभी लोग इसको लेकर प्रतिबद्ध हैं। यह बैठक खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग (नई दिल्ली) पर हुई। खरगे ने संवाददाताओं से कहा, कल नीतीश जी, तेजस्वी ने बात की थी...सभी लोकतंत्र, संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बचाने के लिए और महंगाई एवं युवाओं के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा, पवार साहब का कहना है कि सबसे मिलकर बात करेंगे और सब एक होने की कोशिश करेंगे। हम सब मिलकर काम करें, देशहित में काम करें। बाद में खरगे ने ट्वीट किया, एकसाथ और मजबूत हैं। हम जनता के बेहतर, उज्ज्वल और साझा भविष्य के लिए एकजुट हैं। राहुल गांधी जी और शरद पवार जी के साथ आगे के कदमों पर चर्चा हुई। पवार ने कहा, हमारी सोच भी वही है जो खरगे जी ने कहा है। परंतु सिर्फ सोच से मदद नहीं मिलेगी। एक प्रक्रिया शुरू करने की जरूरत है। यह सिर्फ शुरुआत है। इसके बाद ममता बनर्जी (टीएमसी) अरविंद केजरीवाल (आप) और अन्य दलों के साथ बातचीत करनी है ताकि इस प्रक्रिया में उन्हें शामिल किया जा सके। पवार ने कहा कि विपक्षी दलों को साथ लाने का प्रयास किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा, यह प्रक्रिया आरंभ हुई है। हम सब पार्टियां इस प्रक्रिया को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यह बैठक उस समय हुई है जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर सबको एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। यह मुलाकात इस संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में शरद पवार ने अडाणी मामले पर कांग्रेस से अलग रुख जाहिर किया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने पिछले दिनों कहा था कि अडाणी मामले में संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया जाता है तो केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसद में संख्या बल को देखते हुए उसमें (समिति में) उसका बहुमत होगा और इससे इस तरह की जांच के परिणाम पर संदेह उत्पन्न होगा। 11 अप्रैल को ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जेपीसी से जांच कराने की भाजपा विरोधी पार्टियों की मांग से हालांकि सहमत नहीं है, लेकिन वह विपक्षी दलों की एकता की खातिर उनके रुख के खिलाफ नहीं जाएगी। जनता दल (यूनाइटेड) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी।

## राहुल की...

कांग्रेस नेता के खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमे में सुनवाई निष्पक्ष नहीं थी और इस मामले में अधिकतम सजा दिए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। गांधी की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील आर एस चीमा ने न्यायाधीश से कहा कि सुनवाई निष्पक्ष नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट का आदेश अजीब है, क्योंकि निचली अदालत के न्यायाधीश ने रिकॉर्ड में उपलब्ध सभी सबूतों का घालमेल कर दिया।

## प्रवर्तन निदेशालय...

थी। इस सर्वे को लेकर भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी दलों के बीच तीखी राजनीतिक बहस शुरु हो गई थी। विपक्ष ने इस कदम की जहां निंदा की थी तो वहीं भाजपा ने बीबीसी पर भारत के खिलाफ जहरीली रिपोर्टिंग करने का आरोप लगाया था। आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने उस समय कहा था कि मीडिया समूह बीबीसी की भारत में संचालित विभिन्न संस्थाओं की तरफ से दिखाए गए आय एवं लाभ के आंकड़े भारत में उनके परिचालन के अनुरूप नहीं हैं और उसकी विदेशी इकाइयों ने विदेश भेजी गई कुछ रकम पर कर का भुगतान नहीं किया है। सर्वे के बाद बीबीसी ने कहा था कि वे अधिकारियों के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे और उम्मीद करते हैं कि मामले को जल्द से जल्द सुलझा लिया जाएगा।

## कोरोना की...

जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220,66,24,653 खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में 20 नवंबर को कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 90 लाख से अधिक हो गई थी।

## ललित मोदी...

(ललित मोदी) द्वारा दायर जवाबी हलफनामे पर गौर किया है। हम दिए गए स्पष्टीकरण से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं। हमारा विचार है कि स्पष्टीकरण भी न्यायपालिका की छवि को खराब करेगा। पीठ ने मामले को 24 अप्रैल को सुनवाई के लिए स्थगित करते हुए कहा, प्रतिवादी के वकील ए एम सिंघवी ने बार में कहा है कि सभी सोशल मीडिया मंचों पर बिना शर्त माफी मांगी जाएगी, जहां उनके फॉलोवर हैं और दिल्ली, मुंबई, बंगलुरू, मद्रास और कोलकाता संस्करणों के प्रमुख समाचार पत्रों में भी माफी मांगी जाएगी।

# सुरक्षा चुनौतियों से निपट सकता है भारत : जयशंकर

## ● पाकिस्तान और चीन को देंगे मुहतोड़ जवाब

**भाषा।** कंपाला



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने कहा है कि दशकों से भारत के खिलाफ सीमा पार से आतंकवाद को अंजाम दे रही ताकतें अब जान गई हैं कि यह एक नया भारत है जो उन्हें जवाब देगा। साथ ही, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि देश पाकिस्तान और चीन द्वारा इसकी (भारत की) राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पैदा की गई चुनौतियों से आज निपट सकता है। युगांडा में बुधवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए जयशंकर ने देश के एक नए भारत में तब्दील होने का उल्लेख किया। अपनी सीमाओं पर भारत द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों के बारे में जयशंकर ने कहा, आज, लोग एक नया भारत देख रहे हैं जो सामना करने को इच्छुक है और चाहे यह उरी हो या बालाकोट, भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटेगा।

उन्होंने 2016 में पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के उरी में थलसेना के ब्रिगेड मुख्यालय पर किए गए हमले, और पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों द्वारा किए गए हवाई हमले का हवाला देते हुए यह कहा। विदेश मंत्री ने कहा, भारत के खिलाफ दशकों से सीमा पार से आतंकवाद में संलिप्त ताकतें, जिन्हें भारत ने सहन किया है, अब जान चुकी हैं कि यह एक नया भारत है और यह भारत उन्हें जवाब देगा। उन्होंने चीन से लगी सीमा पर मौजूद चुनौतियों के बारे में भी बात की। जयशंकर ने कहा, पिछले तीन वर्षों से, समझौतों का उल्लंघन करते हुए, चीनियों ने बड़ी संख्या में सैनिक जमा किए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारतीय सैनिक बहुत ही विषम परिस्थितियों वाले अत्यधिक ऊंचे स्थानों पर तैनात हैं।

उन्होंने कहा कि स्थिति अतीत से बिल्कुल अलग है क्योंकि भारतीय सैनिकों को अब पूरा समर्थन प्राप्त है और उनके पास सही उपकरण तथा बुनियादी ढांचा है। विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि चीन से लगी सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए और अधिक कार्य करने की जरूरत है क्योंकि अतीत में इसकी अनदेखी की गई है। यह एक नया भारत है जो अपने हितों के लिए खड़ा होगा और विश्व उसे मान्यता देगा। जयशंकर ने कहा कि भारत पर अन्य देशों द्वारा यह दबाव नहीं बनाया जा सकता कि हमें कहां से अपना तेल खरीदना है और कहां से तेल नहीं खरीदना है। यह एक ऐसा भारत है जो अपने नागरिकों और उपभोक्ताओं के हित में कार्य करेगा। यूक्रेन पर हमले को लेकर मास्को पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंध लगाने के बाद रियायती दर पर उपलब्ध रूसी तेल भारत खरीद रहा है।

### भारतीय-अमेरिकी संबंधों को मजबूत करने के लिए अमेरिकी संसद भवन में 26 अप्रैल को होगी बैठक

**वाशिंगटन।** कांग्रेशनल कॉकस ऑन इंडिया एंड इंडियन अमेरिकन ने प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाकर अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक बैठक करने की घोषणा की है। यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) में 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस बैठक को द्विदलीय समर्थन प्राप्त है। भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रमुख सदस्य, कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य, प्रशासन के महत्वपूर्ण नेता तथा विदेश नीति के विशेषज्ञ 26 अप्रैल को बैठक करेंगे ताकि अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की जा सके। खन्ना कांग्रेशनल कॉकस ऑन इंडिया एंड इंडियन अमेरिकन के सह-अध्यक्ष है। खन्ना ने अमेरिकी कांग्रेस में भारत-अमेरिका की अपनी तरह की पहली बैठक आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# ट्रंप दूसरी बार देंगे गवाही

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी कंपनी के कारोबार से जुड़ी गतिविधियों को लेकर एक कानूनी लड़ाई में दूसरी बार गवाही देने के लिए बृहस्पतिवार को न्यूयॉर्क की अटार्नी जनरल के कार्यालय जा सकते हैं। रिपब्लिकन नेता का अटार्नी जनरल लेतीतिया जेम्स के वकीलों से मिलने का कार्यक्रम है। जेम्स ने पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ पिछले साल वाद दायर किया था। अटार्नी जनरल के वाद में दावा किया गया है कि ट्रंप और उनके परिवार ने अपनी निवल संपत्ति (नेटवर्थ) और होटल एवं गोल्फ कोर्स जैसी संपत्ति के मूल्य के बारे में झूठी सूचना देकर बैंकों को गुमराह किया। यह वाद मैनहट्टन जिला अटार्नी द्वारा ट्रंप के खिलाफ दायर आपराधिक आरोपों से अलग है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार सुबह सोशल मीडिया पर किए गए अपने एक पोस्ट में वाद को चुनाव को प्रभावित करने से जुड़े अन्य मामलों की तरह हास्यास्पद बताया। इससे पहले के एक पोस्ट में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था, वाद के बारे में एक अच्छी चीज यह है कि मैं यह प्रदर्शित कर सकूंगा कि मैंने कितनी बड़ी, लाभकारी और मूल्यवान कंपनी बनाई है। ट्रंप और उनके वकीलों ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ डेमोक्रेट पार्टी की ओर से दायर वाद राजनीति से प्रेरित है और कानून पर खरा नहीं उतरता है। ट्रंप और उनकी कंपनी ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है।

## पेंटागन लीक मामले में कुछ खास चिंता की बात नहीं : बाइडन

**डबलिन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस बात से चिंतित थे कि संवेदनशील सरकारी दस्तावेज लीक हो गए हैं हालांकि, ऐसा कुछ भी समसामयिक नहीं है जो बहुत महत्वपूर्ण हो। यह पहली बार था जब बाइडन ने सार्वजनिक रूप से अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के उन दस्तावेजों के लीक होने के बारे में टिप्पणी की है जिन्हें कई सोशल मीडिया साइटों पर पोस्ट किया गया था। ए दस्तावेज यूक्रेन को अमेरिकी और नाटो सहायता तथा अमेरिकी सहयोगियों के बारे में अमेरिकी खुफिया आकलन का विवरण देते हैं जो उन राष्ट्रों के साथ संबंधों को तनावपूर्ण बना सकते हैं। याय विभाग ने इस संबंध में जांच शुरू की है। बाइडन फिलहाल डबलिन में आयरलैंड के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं।

## चाकू मारने के आरोप में भारतीय मूल का व्यक्ति गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूजर्सी मे पैसे को लेकर हुए विवाद के बाद यौनकर्मी को चाकू मारने के आरोप मे 26 वर्षीय भारतीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सेकॉक्स पुलिस ने एक बयान मे कहा कि जर्सी सिटी के निवासी विनीत खुरी को 9 अप्रैल को सेकॉक्स के अलॉफ्ट होटल से गिरफ्तार किया गया। बयान मे कहा गया है कि खुरी और महिला पैसे के बदले यौन संबंध बनाने के उद्देश्य से होटल मे मिले थे, लेकिन जब महिला ने उसे कमरे से बाहर जाने के लिए कहा, तो उसने चाकू दिखाया और अपने पैसे वापस मांगे।

## कराची में कपड़ा फैक्ट्री में आग, चार की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के कराची मे बृहस्पतिवार को एक कपड़ा फैक्ट्री मे भीषण आग लगने से कम से कम चार दमकलकर्मियो की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय जिला उपायुक्त (डीसी) ताहा सलीम ने बताया कि न्यू कराची मे घनी आबादी वाले औद्योगिक क्षेत्र मे स्थित कारखाने मे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। मामले की जांच की जा रही है। वही, सिंध के गवर्नर कामरान तेसौरी ने पुष्टि की कि चादर और तौलिए बनाने वाली फैक्ट्री मे आग बुझाने के दौरान चार दमकलकर्मियो की मौत हो गई।

## स्वीडन ने सुरक्षा कारणों से पाक में अपना दूतावास बंद किया

**इस्लामाबाद।** स्वीडन ने सुरक्षा कारणो से पाकिस्तान मे अपने दूतावास को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की घोषणा की है। दूतावास ने हालांकि इस संबंध मे विस्तार से जानकारी नही दी। सरकार और उच्चतम न्यायालय के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की राजनीतिक स्थिति खराब होती जा रही है। पाकिस्तान का सर्वोच्च न्यायालय विभिन्न मामलो के लिए अपनी पसंद की समितियां बनाने के लिए प्रधान न्यायाधीश की शक्तियो पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक विधेयक को रद्द करने की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। दूतावास की वेबसाइट पर एक नोटिस मे कहा गया है, इस्लामाबाद मे मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण, स्वीडन का दूतावास आगंतुको के लिए बंद है। प्रवासन अनुभाग इस समय किसी भी प्रकार के अनुरोध पर कार्यवाही नही कर रहा है।

## नेपाल : सड़क दुर्घटना में चार भारतीयों की मौत

काठमांडू (नेपाल)समस्तीपुर (बिहार)। नेपाल के बागमती प्रांत के एक सुदूर क्षेत्र मे एक कार के खाई मे गिर जाने से चार भारतीय नागरिको की मौत हो गई जबकिएक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार देर रात हुई जब कार के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे कार सिंधुली जिले के कमला माई नगर पालिका मे बनेपा बर्दिबास राजमार्ग से करीब 500 मीटर नीचे खाई मे गिर गई। ाठमांडू पोस्ट अखबार ने जिले के पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिलवाल के हवाले से कहा कि चारो मृतक पुरुष है। तीन लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। सिलवाल ने कहा कि सिंधुली अस्पताल ले जाए गए एक अन्य घायल यात्री की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शाहरुख, व राजामौली शामिल

**न्यूयॉर्क।** भारतीय अभिनेता शाहरुख खान, फिल्म निर्देशकएस.एस. राजामौली, लेखक सलमान रुश्दी और टेलीविजन प्रस्तोता और निर्णायकपद्मा लक्ष्मी 2023 के दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगो मे शामिल है। टाइम पत्रिका ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूची मे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, महाराजा चार्ल्स, सीरिया मे जन्मी तैराक और कार्यकर्ता सारा मर्दिनी और युसरा मर्दिनी, मॉडल बेला हदीद, अरबपति सीईओ एलन मस्क और प्रतिष्ठित गायिका और कलाकार ब्योंसे भी शामिल है।

## अमेरिकी खुफिया दस्तावेज लीक होने से दक्षिण कोरिया के साथ शिखर वार्ता उलझी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की अमेरिका यात्रा से ठीक पहले अमेरिकी खुफिया दस्तावेजों के लीक होने से असहज स्थिति पैदा हो गई है क्योंकि लीक हुए दस्तावेजों में यूक्रेन को लेकर वरिष्ठ दक्षिण कोरियाई अधिकारियों की आपसी बातचीत भी कथित तौर पर शामिल है। इस प्रकार के दस्तावेज संकेत देते हैं कि अमेरिका अपने एक प्रमुख एशियाई सहयोगी देश पर नजर रख रहा था। गौरतलब है कि पिछले साल पदभार ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति यून सुक योल ने उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरों और सैन्य चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिका के साथ मजबूत सैन्य साझेदारी को अपनी विदेश नीति के केंद्र में रखा है। दोनों देशों के बीच आगामी 26 अप्रैल को शिखर वार्ता होने वाली है जिसे सुरक्षा प्रतिबद्धता, आर्थिक और प्रौद्योगिकी नीतियों को लेकर महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। लीक दस्तावेजों को ऑनलाइन पोस्ट किया गया जिसे अमेरिकी खुफिया व्यवस्था का उल्लंघन कहा जा रहा है।

# उ.कोरिया ने जापान व कोरियाई समुद्र में बैलिस्टिक मिसाइल दागी

**भाषा।** सियोल

**उत्तर कोरिया ने** अपने हथियारों का परीक्षण जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जो कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच गिरी।

पड़ोसी देशों ने कहा कि उत्तर कोरिया ने संभवत: एक नई तरह की अधिक गतिशील मिसाइल का परीक्षण किया है, जिसके बारे में पता लगाना कहीं ज्यादा मुश्किल है। मिसाइल प्रक्षेपण के मद्देनजर जापान को अपने एक द्वीप के निवासियों को एहतियातन सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहना पड़ा। हालांकि, बाद में इस आदेश को वापस ले लिया गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान जारी कर कहा कि उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के पास से ऊंचाई से दागी गई यह मिसाइल एक हजार किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में गिरी। बयान में इस मिसाइल को मध्यम या लंबी दूरी का हथियार बताया गया है। वहीं, अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इसे लंबी दूरी की मिसाइल बताया, जबकि जापान ने



कहा कि उत्तर कोरिया ने संभवत: अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का परीक्षण किया है। दक्षिण कोरिया के एक रक्षा अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि उनके देश की सेना को लगता है कि उत्तर कोरिया ने एक नई तरह की बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया, जो संभवत: ठोस ईंधन का इस्तेमाल करती है। उत्तर कोरिया की सभी ज्ञात अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल तरल प्रणोदक का इस्तेमाल करती हैं, जिन्हें प्रक्षेपण से पहले भरे जाने की जरूरत पड़ती है, लेकिन ठोस-प्रणोदक वाले हथियार में ईंधन पहले से ही भरा होता है, जिससे उसका प्रक्षेपण कहीं आसान, तेज और सुविधाजनक हो जाता है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने अमेरिका के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए जिन अत्याधुनिक हथियारों के विकास के संकल्प लिया है, उनमें ठोस ईंधन से संचालित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रियन वॉटसन ने कहा कि ताजा प्रक्षेपण अनावश्यक रूप से तनाव बढ़ाता है और क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को अस्थिर करने का जोखिम पैदा करता है। इससे पहले, जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा ने संवाददाताओं से कहा था कि उत्तर कोरिया ने संभवत: एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया।

## चीन का मुकाबला करने के लिए समान विचार वाले देशों को सैन्य सहायता देगा जापान

**बीजिंग।** जापान ने विशेष रूप से एशिया मे समान विचार वाले देशो को सैन्य सहायता मुहैया करने की एक योजना पेश की है क्योंकि वह ताइवान और दक्षिण चीन सागर मुद्दो को लेकर चीन के आक्रामक रुख का मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे अपना प्रभाव बढ़ाने पर गौर कर रहा है। जापान टाइम्स की खबर के अनुसार, तोक्यो ने इस महीने की शुरूआत में कुछ दिशानिर्देश घोषित किए थे, जिनमे आधिकारिक सुरक्षा सहायता मुहैया कर समान विचार वाले देशो की सेना को मजबूत करने का एक नया कार्यक्रम भी शामिल है। जापान का यह कदम, आपदा राहत को छोड़ कर सैन्य उद्देश्यों के लिए विकास सहायता मुहैया नही करने की उसकी पूर्ववर्ती नीति को तोड़ता है। खबर मे कहा गया है कि देश के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि विदेश सुरक्षा सहायता पाने वाले प्रथम लाभार्थी मे फिलीपीन भी एकदेश होगा। साथ ही, मलेशिया, बांग्लादेश और फिजी के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। जापान चार देशो के समूह क्वाड का सदस्य है।

## क्विक न्यूज

### तालिबान ने सोशल मीडिया पर अपने सर्वोच्च नेता का ऑडियो संदेश साझा किया

**काबुल।** तालिबान ने अपने सर्वोच्च नेता का एक ऑडियो संदेश साझा किया है, जिसमें उन्हें यह कहते सुना जा सकता है कि अफगान सरकार के बने रहने के लिए न्याय एक जरिया है। इस्लामी विद्वान हिबातुल्ला अखुंदजादा सार्वजनिक रूप से यदा-कदा ही नजर आते हैं और दक्षिणी कंधार प्रांत में तालिबान के गढ़ से कभी-कभार ही बाहर जाते हैं। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता द्वारा बुधवार को ट्विटर पर साझा किए गए अपने ऑडियो संदेश में अखुंदजादा ने कहा है कि सरकार के बने रहने के लिए न्याय एक जरिया है।

### रूस वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार की अदला-बदली पर कर सकता है चर्चा : अधिकारी

**मॉस्को।** रूस, एक अदालत द्वारा अपना फैसला सुनाए जाने के बाद जेल में बंद वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच के साथ एक संभावित कैदी की अदला-बदली पर अमेरिका के साथ चर्चा करने के लिए तैयार हो सकता है। उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने सरकारी समाचार एजेंसी तास को बताया कि संभावित अदला-बदली के बारे में बातचीत एक विशेष चैनल के माध्यम से हो सकती है जिसे रूसी और अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसे उद्देश्यों के लिए स्थापित किया है।

### बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच चीन ने सैन्य भर्ती के लिए नए नियम जारी किए

**बीजिंग।** चीन ने युद्धकाल में सैन्य भर्ती के लिए संशोधित नियमों का एक नया सेट जारी किया है, जिसमें पूर्व सैनिकों को प्राथमिकता देना, अधिक क्षमता वाले सैनिकों को नियुक्त करना, अनिवार्य सैन्य सेवा का मानकीकरण करना आदि शामिल हैं। उसके इस कदम को ताइवान के साथ युद्ध की तैयारियों के तौर पर देखा जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बुधवार को एक खबर में कहा कि सैन्य भर्ती से जुड़े संशोधित नियमों को स्टेट काउंसिल और केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) ने जारी किया है।

### नेपाल में भारत के राजदूत ने उप-प्रधानमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से शिष्टाचार मुलाकात की

**काठमांडू।** नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने बुधवार को नेपाल के उप-प्रधानमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से शिष्टाचार मुलाकात की। दोनों ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड की भारत की प्रस्तावित आधिकारिक यात्रा, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग और सीमा सुरक्षा के मुद्दों सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा की। उप-प्रधानमंत्री के सचिवालय ने कहा कि नारायणकाजी श्रेष्ठ ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत यात्रा के कार्यक्रम को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा और साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के बीच संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

### जब इंद्रियों से दिमाग को भेजे जाने वाले संदेश होते हैं बेमेल

**सिएटल।** मोशन सिकनेस के साथ मेरा पहला अनुभव एक कॉलेज छात्र के रूप में था, एक समुद्री अनुसंधान पोत के पीछे खड़े होकर कैलिफोर्निया तट से दूर समुद्र तल से निकली दिलचस्प चीजों को देख रहा था। यह एक दिन की यात्रा थी, मौसम अच्छा था और समुद्र शांत था। मैं पानी पर हिचकोले ले रहे पोत पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय अपने सामने एक मेज पर पड़े समुद्री मिट्टी और जीवों को देख रहा था।

# क्रीमिया पर अपने रुख पर कायम है यूक्रेन

## ● चाहता है सभी क्षेत्रों से पीछे हटे रूस: कुलेबा

**भाषा।** कीव



**यूक्रेन के विदेश** मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका देश अपनी इस मांग से पीछे नहीं हटेगा कि रूस क्रीमिया, यूक्रेन के अन्य हिस्सों से अपनी सेना हटा ले, जिस पर मास्को ने हाल में अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। कुलेबा ने कहा कि 13 महीने से अधिक समय पहले रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद क्रेमलिन से निपटने में उनके देश के सभी क्षेत्रों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए।

कुलेबा ने रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में एक सभा को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा, हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर सिद्धांतों और साझा विश्वास से एकजुट हैं कि क्रीमिया यूक्रेन है और यह यूक्रेन के नियंत्रण में वापस आएगा। उन्होंने काला सागर सुरक्षा सम्मेलन में कहा, हर बार जब आप दुनिया के किसी भी कोने से किसी को यह कहते हुए सुनते हैं कि क्रीमिया किसी तरह विशेष है और यूक्रेन को वापस नहीं किया जाना चाहिए तो आपको यह जानना होगा कि यूक्रेन स्पष्ट रूप से इन बयानों से असहमत है। क्रेमलिन चाहता है कि कीव क्रीमिया पर रूस की संप्रभुता को स्वीकार करे और सितंबर में डोनेत्स्क, खेरसॉन, लुहांस्क और जेपोरिजिया के यूक्रेनी प्रांतों के कब्जे को भी मान्यता दे। यूक्रेन ने उन मांगों को खारिज कर दिया है और कहा है कि वह रूस के साथ तब तक बातचीत नहीं करेगा जब तक मॉस्को की सेना सभी कब्जे वाले क्षेत्रों से पीछे नहीं हट जाती।

# रूस ने कैफे विस्फोट मामले में यूक्रेनी संदिग्ध की पहचान की

**भाषा।** कीव

**रूस की** शीर्ष सुरक्षा एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन के एक व्यक्ति पर उस बमबारी में शामिल होने का आरोप लगाया, जिसमें सेंट पीटर्सबर्ग के एक कैफे में एक प्रसिद्ध रूसी सैन्य ब्लॉगर की मौत हो गई थी। यूक्रेन में रूस के हमले के समर्थक व्लादलेन तातार्स्की (40) अग्रिम मोर्चे से लड़ाई की नियमित खबरें देते थे। उन्होंने सेंट पीटर्सबर्ग के कैफे में एक परिचर्चा का नेतृत्व किया था और उसी दौरान हुए एक विस्फोट में मारे गए थे। उस विस्फोट में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस मामले में सेंट पीटर्सबर्ग की निवासी दरिया त्रेपोवा (26) को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया था। उसे विस्फोट से पहले एक वीडियो में तातार्स्की को एक प्रतिमा भेंट करते हुए देखा गया था। आरोप है कि विस्फोटक उसी प्रतिमा में छुपाया गया था। रूसी मीडिया की खबरों के अनुसार, त्रेपोवा ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसे वह प्रतिमा देने के लिए कहा गया था, लेकिन उसे नहीं पता था कि उसके अंदर क्या है।

## जासूसी के संदेह में नॉर्वे ने 15 रूसी राजनयिकों को निष्कासित किया

**कोपनहेगन।** नॉर्वे की सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ओस्लो में रूसी दूतावास में काम करने के दौरान जासूसी करने के संदेह मे 15 रूसी राजनयिको को देश से निष्कासित कर रही है। विदेश मंत्री एनीकेन ह्यूटफेल्ड ने कहा कि यह कदम नॉर्वे मे रूसी खुफिया गतिविधियो के दायरे को कम करने और इस तरह हमारे राष्ट्रीय हितो को सुरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है। ह्यूटफेल्ड ने कहा कि अवांछित घोषित किए गए रूसियो को थोड़े समय के भीतर नॉर्वे छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा, हम नार्वे के वीजा के लिए आवेदन करने वाले खुफिया अधिकारियो को वीजा नही देंगे।

## विधेयक पर सरकार व राजनीतिक दलों को नोटिस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने प्रधान न्यायाधीश की शक्तियों मे कटौती से संबंधित विधेयक के खिलाफ याचिकाओ पर बृहस्पतिवार को सुनवाई की और सत्तारूढ़ गठबंधन एवं न्यायपालिका के बीच बढ़ते विवाद के बीच संघीय सरकार और राजनीतिक दलो को नोटिस जारी किया।

# सिंथेटिक बंदर भ्रूण से हो सकता है स्टेम-सेल बच्चों की पैदाइश



**भाषा।** नोवा स्कोटिय

**जनवरी 2017 में,** मैं जियानकुई हे से मिला, जो अब कुख्यात चीनी वैज्ञानिक हैं, जो दुनिया के पहले जीनोम-एडिटिड शिशु बनाने जा रहे हैं। यह बर्कले, कैलिफ़ोर्निया में एक बैठक में हुआ, जिसकी मेजबानी जेनिफर डौडना ने की थी, जिन्हें इमैनुएल कारपेंटियर के साथ सीआरआईएसपीआर जीनोम-एडिटिंग तकनीक पर उनके काम के लिए रसायन विज्ञान में 2020 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस बैठक में, आनुवंशिकीविद जॉर्ज चर्च ने स्टेम सेल से प्राप्त सिंथेटिक मानव भ्रूर्ण पर शोध का वर्णन किया। चर्च को फरदार हाथी को पुनर्जीवित करने के अपने काम के लिए जाना जाता है। चर्च ने इन भ्रूण जैसी संरचनाओं को ‟भ्रूण जैसी विशेषताओं वाली सिंथेटिक मानव संरचनौ करार दिया। उस समय, चर्च ने मानव भ्रूण अनुसंधान के लिए 14 दिन की सीमा के नैतिक पहलुओं पर सावधानीपूर्वक निरंतर संवाद का आह्वान किया। **बंदर भ्रूण जैसी संरचनाएं :** इस महीने, चीनी वैज्ञानिकों की एक टीम ने स्टेम सेल से सिंथेटिक बंदर भ्रूणै या अधिक सटीक रूप से सिंथेटिक बंदर भ्रूण जैसी संरचनाएं बनाईं और प्रजनन के लिए इनका इस्तेमाल किया। रिपोर्ट किए गए शोध में इन विट्रो अध्ययन शामिल था - जिसका अर्थ है कि यह प्रयोगशाला में आयोजित किया गया था - साथ ही शरीर में किया गया एक इन विवो अध्ययन भी शामिल था। इन विट्रो अध्ययन में प्रयोगशाला में पनप रही बंदर भ्रूण जैसी संरचनाओं के कल्चर को शामिल किया गया था, यह देखने के लिए कि वे उस समय के बाद कैसे विकसित हो सकते हैं जब आम तौर पर आरोपण होता है। माइक्रोस्कोप से देखने पर, ए भ्रूण जैसी संरचनाएं शुरू में ‟प्राकृतिकै प्रारंभिक चरण के भ्रूण की तरह दिखती थीं - अंडे, शुक्राणु और निषेचन का उपयोग करके बनाए गए भ्रूण। हालांकि, वे समय के साथ अव्यवस्थित हो गए, और प्रारंभिक चरण के 484 सिंथेटिक भ्रूणों में से केवल पांच 17 दिन तक जीवित रहे। इन विवो अध्ययन में गर्भावस्था शुरू करने की आशा में सात दिन पुरानी बंदर भ्रूण जैसी संरचनाओं को आठ मादा बंदरों में स्थानांतरित करना शामिल था। तीन बंदरों में प्रत्यारोपण हुआ, लेकिन गर्भधारण अल्पकालिक था। स्थानांतरण के 20 दिनों के भीतर सिंथेटिक बंदर भ्रूण का विकास बंद हो गया और कोई भ्रूण नहीं बना।

### गर्भावस्था की शुरुआत

गैर-मानव भ्रूण जैसी संरचनाओ का निर्माण कोई नई बात नही है। 2022 मे, दो शोध दल - एक इज़राइल मे और दूसरा यूनाइटेड किंगडम मे - ने माउस स्टेम सेल से माउस भ्रूण जैसी संरचनाओ के निर्माण की सूचना दी। बंदर भ्रूण जैसी संरचनाओ का उपयोग करके मादा बंदरो मे गर्भावस्था शुरू करने का प्रयास नया है, और यह सुझाव देता है कि एक दिन मनुष्यो मे भी ऐसा ही प्रयास करना संभव हो सकता है। संभवतः लक्ष्य वैज्ञानिको को न्यूरोडेवलपमेंट सहित प्रारंभिक मानव विकास का अध्ययन करने और गर्भावस्था के नुकसान का अध्ययन करने मे मदद देना होगा। यह सबसे हालिया शोध एक महत्वपूर्ण नैतिक प्रश्न उठाता हैः क्या मानव भ्रूण अनुसंधान पर वर्तमान सीमाओ से मुक्त होने के लिए निषेचन द्वारा बनाए गए मानव भ्रूण से सिंथेटिक मानव-जैसी भ्रूण संरचनाएं पर्याप्त रूप से भिन्न है? यह सवाल समयोचित है क्योकि शोधकर्ताओ ने पहले ही मानव ब्लास्टोसिस्ट मॉडल बनाने के लिए मानव स्टेम सेल का उपयोग किया है।

# पाकिस्तान में अदालत ने इमरान खान के तीन मामलों में चार मई तक अंतरिम जमानत दी

**भाषा।** लाहौर



**पाकिस्तान** में एक आतंकवाद रोधी अदालत ने पिछले महीने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने के अभियान के दौरान उनके समर्थकों और पुलिस के बीच हुई झड़प से जुड़े तीन मामलों में बृहस्पतिवार को खान की अंतरिम जमानत 4 मई तक बढ़ा दी। लाहौर की आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी) ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान को मामले में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई में पेश होने की एक बार की अनुमति दी। खान ने आतंकवाद रोधी कानूनों के तहत रेस कोर्स पुलिस थाने में दर्ज तीन प्राथमिकियों में जमानत के लिए याचिकाएं दायर की थीं। सत्तर वर्षीय खान बार-बार यह दावा कर रहे हैं कि उनकी जान को खतरा है, जिसके कारण वह अदालती सुनवाई में भाग लेने से परहेज कर रहे हैं। एटीसी न्यायाधीश एजाज अहमद भुट्टा ने खान के वकील सलमान सफदर से पूछा कि उन्होंने ऐसा क्या किया जिसके लिए उन्हें जान का खतरा है।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Madhu & Mrs. Geeta** who are purchasing the Built Up Third Floor with roof rights ("Floor") of Property bearing No.8452 Khasra No.715, Plot No.92, area measuring 68 Sq. Yards, situated in Arya Nagar, Mohalla Qadam Sharif, Delhi; from **Mr. Kedar Nath**, who is owner of the aforesaid property vide Relinquishment Deed dated 27.05.2011, which is duly registered vide Document No.4748, at SRO-III, Delhi, on 02.06.2011, after demise of his mother Mrs. Ram Dulari W/o. Mr. Ram Kishore; and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
Plot no.136, (Basement) Uday Park,
New Delhi-110049; Contact # 011-40046316

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) ASHOK_LEY_AL_1214
UP37AT2456 -YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 6,97,388.94

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 28.04.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : GUNJAN SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT /+918510032426
EMAIL-gunjan.singh1@kotak.com

# नई नीतियों और रणनीतियों के साथ आगे बढ़ रहा भारत : प्रधानमंत्री

**कहा, मुद्रा योजना का मजाक उड़ाने वालों को सामान्य जन की क्षमताओं का एहसास नहीं**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि नया भारत नई नीतियों और रणनीतियों के साथ आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार अतीत के प्रतिक्रिया आधारित दृष्टिकोण को छोड़ प्रौद्योगिकी एवं बुनियादी ढांचे के मामलों में सक्रिय दृष्टिकोण अपनाकर काम कर रही है। मोदी ने रोजगार मेले को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए मुद्रा ऋण परियोजना से आठ करोड़ से अधिक नए उद्यमी तैयार हुए हैं और सरकार की नीतियों एवं रणनीतियों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने उन लोगों पर भी निशाना साधा जो खुद को बड़ा अर्थशास्त्री मानते हैं, और ए लोग बड़े कारोबारियों को फोन पर कर्ज देते थे और आज मुद्रा योजना का मजाक उड़ा रहे हैं। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका कटाक्ष स्पष्ट रूप से कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम पर था। चिदंबरम ने हाल में मुद्रा योजना पर सवाल उठाया था और आश्चर्य जताया था कि 50,000 रुपए के ऋण के साथ किस तरह के व्यवसाय शुरू किए जा सकते हैं।

मोदी ने कहा कि इस योजना के तहत 23 लाख करोड़ रुपए का ऋण दिया गया है, जिसमें 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि माइक्रो फाइनेंसिंग जमीनी स्तर की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में बहुत कुछ करता है, लेकिन कुछ लोग जो खुद को बड़ा अर्थशास्त्री मानते हैं, उन्हें कभी इसका एहसास नहीं हुआ और वे आम आदमी की क्षमताओं को नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा, इस योजना ने आठ करोड़ नए उद्यमी तैयार किए हैं। ए वे लोग हैं जिन्होंने पहली बार मुद्रा योजना की मदद से अपना कारोबार शुरू किया है। कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में 71,506 भर्तियों के लिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए।

गांवों में छह लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाई गई है।

मोदी ने कहा कि देश में 148 हवाई अड्डे हैं जबकि पहले यह संख्या 74 थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में केंद्र सरकार ने पूंजीगत व्यय में चार गुना की वृद्धि की है जिसकी वजह से न सिर्फ रोजगार के अवसर बढ़े बल्कि लोगों की आय में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान गांव से लेकर शहरों तक, भारत में रोजगार के करोड़ों अवसर पैदा करने वाला अभियान है। प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था करार देते हुए कहा कि आज जहां पूरी दुनिया कोविड महामारी के बाद मंदी से जूझ रही है और ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है, वहीं इन सबके बावजूद पूरी दुनिया भारत को एक उभरती ताकत (ब्राइट स्पॉट) के रूप में देख रही है।

मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से बदलाव के पैमाने को रेखांकित करने के लिए विकास के कई आंकड़ों का हवाला दिया।

2014 तक सात दशकों में केवल 20,000 किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण किया गया था, लेकिन पिछले नौ वर्षों में यह आंकड़ा 40,000 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने कहा कि 2014 तक ग्रामीण सड़क की लंबाई चार लाख किलोमीटर थी लेकिन अब यह 7.25 लाख किलोमीटर हो गई है जबकि

## 1,100 साल पुराने तमिल शिलालेख में भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का जिक्र : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र है जिसमें लोकतांत्रिक सिद्धांतों के कई ऐतिहासिक संदर्भ हैं। तमिलनाडु के1,100 साल से भी ज्यादा पुराने एक शिलालेख में स्थानीय निकाय के नियमों का जिक्र है जिसमें किसी सदस्य को अयोग्य ठहराने का प्रावधान भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के आवास पर आयोजित तमिल नववर्ष समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि तमिल दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा है और हर भारतीय को इस पर गर्व है। पारंपरिक तमिल पोशाक पहने प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तमिल साहित्य का भी व्यापक रूप से सम्मान किया जाता है तथा तमिल फिल्म उद्योग ने कई यादगार फिल्में दी हैं। भारत दुनिया का सबसे प्राचीन लोकतंत्र है, यह लोकतंत्र की जननी है। कई ऐतिहासिक संदर्भ हैं। एक महत्वपूर्ण संदर्भ तमिलनाडु है। तमिलनाडु के उतिरामेरुर में 1100-1200 साल पुराना एक शिलालेख है जिसमें देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की झलक दिखती है। मोदी ने कहा, वहां जो शिलालेख मिला है, वह वहां ग्राम सभा के लिए स्थानीय संविधान की तरह है। इसमें बताया गया है कि सदन कैसे चलना चाहिए, सदस्यों की योग्यता क्या होनी चाहिए, सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। इतना ही नहीं, उस दौर में, उन्होंने यह फैसला भी किया था कि किसी सदस्य को कैसे अयोग्य घोषित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, एक देश के रूप में, यह हमारी जिम्मेदारी है कि इस संस्कृति और परंपरा को आगे ले जाएं लेकिन हम सभी जानते हैं कि पहले क्या हुआ था। अब मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है। मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति में काफी कुछ ऐसा है जिससे भारत को एक राष्ट्र के रूप में आकार मिला है। लोगों से अपने भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने का नए साल का संकल्प लेने का आह्ववान किया। इस कार्यक्रम में तमिल कलाकारों ने कार्यक्रम पेश किए और तमिलनाडु के कई लोगों ने भाग लिया।

# कोई भी देश अलग-थलग रहकर विकास नहीं कर सकता: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को जलवायु परिवर्तन का उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी देश अलग-थलग रहकर प्रगति नहीं कर सकता और वैश्विक शांति तथा विकास के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन यह साबित करने का जीता-जागता उदाहरण है कि दुनिया एक है और मानवता के सुरक्षित भविष्य के लिए जलवायु परिवर्तन के खतरों का सामूहिक रूप से मुकाबला करना होगा। उपराष्ट्रपति ने यहां फ्रांस-इंडिया फाउंडेशन के युवा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता के लोकाचार ने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम् (दुनिया एक परिवार है) के विचार को बढ़ावा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है को रेखांकित करते हुए धनखड़ ने कहा, हमें एक ऐसी दुनिया में रहना है जहां सहयोग और साझेदारी ही विकल्प हैं। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, धनखड़ ने कहा कि भारत में एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाया गया है, जहां हर युवा या महिला अपनी क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने में सक्षम है।

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारत ने आधुनिकता की दिशा में अभूतपूर्व रूप से एक बड़ा कदम उठाया है और एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। बातचीत के दौरान, उपराष्ट्रपति ने दोनों देशों के युवा नेताओं से मानवता के व्यापक लाभ के लिए सामाजिक और आर्थिक विकास के सिलसिले में मिलकर काम करने को कहा।



अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर में बैशाखी पर्व के अवसर पर प्रार्थना करते हुए श्रद्धालु।

## केंद्र ने पानी की कमी वाले देश के 150 जिलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** केंद्र ने देश भर में जल संकट वाले 150 जिलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं ताकि कैच द रेन कार्यक्रम के तहत काम का जायजा लिया जा सके। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कैच द रेन कार्यक्रम वर्षा जल के संचय और संरक्षित करने पर केंद्रित है। अधिकरियों ने एक आधिकारिक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि नोडल अधिकारी वर्षा जल संचयन, संरक्षण उपायों सहित विभिन्न पहलुओं के कार्यान्वयन के समन्वय के लिए संबंधित जिलों का दौरा करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार मार्च को जल शक्ति अभियान: कैच द रेन (जेएसए: सीटीआर) की शुरुआत की थी। इस संबंध में, भारत सरकार के अधिकारियों को पानी की कमी वाले चिन्हित 150 जिलों में जेएसए: सीटीआर -2023 के तहत कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय नोडल अधिकारी (सीएनओ) नियुक्त किया जाता है, साथ ही उन्हें जिलों का दौरा करने के निर्देश दिए जाते हैं।

# प्राचीन भाषा तमिल पर हिंदी नहीं थोपी जा सकती: तमिलनाडु के राज्यपाल

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** के राज्यपाल आर. एन. रवि ने बृहस्पतिवार को कहा कि तमिल, हिंदी से कहीं अधिक पुरानी भाषा है और प्राचीनता में शायद संस्कृत के करीब है। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि हिंदी को किसी भी भाषा पर नहीं थोपा जा सकता। राज्यपाल ने कहा कि दुर्भाग्य से समय के साथ ऐसी कुछ नीतियां थीं, जिन्होंने 1960 में हिंदी को एक भाषा के रूप में थोपने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, तमिल, हिंदी से कहीं अधिक पुरानी है और यदि कोई भाषा जो अपनी प्राचीनता में तमिल के करीब आ सकती है, वह संस्कृत है, न कि कोई अन्य भारतीय भाषा।

रवि ने यहां राजभवन में तमिलनाडु दर्शन के दौरान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के तमिल भाषा के छात्रों के साथ बातचीत में कहा, तमिल पर किसी अन्य भाषा को थोपने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि इससे एक दूरी पैदा होती है। उन्होंने कहा, तमिल बहुत ही प्राचीन और समृद्ध साहित्य है। जब तक मैं यहां नहीं आया, तमिल साहित्य, इतिहास और संस्कृति के बारे में मेरा ज्ञान बहुत सीमित था।

राज्यपाल ने दावा किया, तमिलनाडु हमारे देश की आत्मा है और यह हमारे देश की आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक राजधानी है, जबकि काशी सबके आकर्षण का केंद्र है। नवंबर और दिसंबर 2022 के महीनों में आयोजित काशी तमिल संगमम के दौरान, रवि ने बीएचयू में तमिल में विभिन्न पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने वाले छात्रों से मुलाकात की और उन्हें तमिलनाडु दर्शन पर आमंत्रित किया था। यह यात्रा तमिल सीखने वाले गैर-तमिल छात्रों को तमिल संस्कृति, परंपराओं, व्यंजनों और कलाकृतियों का अनुभव प्राप्त करने और भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक विरासत को आकार देने में तमिल की अनूठी भूमिका को समझने का अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित की गई है। छात्रों ने तमिल भारतीय भाषा विभाग, बीएचयू के अपने संकाय सदस्यों, सहायक प्रोफेसरों के साथ चार अप्रैल को अपने दौरे की शुरुआत की थी और 11 जिलों का दौरा किया। राज्यपाल ने देश भर में तमिल भाषा और तमिल साहित्य के ज्ञान को फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा गैर-तमिल क्षेत्रों से तमिल विद्वानों के आने पर भी जोर दिया।

## उच्च न्यायालय से शेखावत को अंतरिम राहत, गिरफ्तारी पर रोक

**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी मामले में अंतरिम राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। इस 900 करोड़ रुपए से ज्यादा के कथित घोटाले की प्राथमिकी में मंत्री का नाम आरोपी के रूप में दर्ज नहीं है, इसके बावजूद उन्होंने राहत का अनुरोध करते हुए विशेष याचिका दायर की थी। इस मामले की जांच राजस्थान विशेष अभियान समूह (एसओजी) कर रहा है। न्यायमूर्ति कुलदीप माथुर की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की और गिरफ्तारी से उन्हें राहत दे दी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद रखी है। शेखावत ने मामले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने और जांच सीबीआई को सौंपने की मांग को लेकर 24 मार्च को याचिका दायर की थी। उनके वकील ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं बनता, इसलिए उन्होंने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की है।

## राजस्थान को आईटी हब बनाने का प्रयास कर रही है केन्द्र सरकार: वैष्णव

**जयपुर।** केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार राजस्थान को देश का पहला आई टी हब बनाने का प्रयास कर रही है लेकिन यह राज्य सरकार के सहयोग से ही संभव है। वैष्णव यहां सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की इनक्यूबेशन सुविधा के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, राजस्थान को देश का प्रथम आई टी हब बनाने के लिए केन्द्र सरकार प्रयासरत है लेकिन हम इस पायदान तक तभी पहुंच सकते है जब राज्य सरकार भी इसमें सहयोग करे। राज्य में आईटी/आईटीईएस उद्योग एवं उद्यमिता की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए एसटीपीआई द्वारा जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में एक 20000 वर्ग फुट क्षेत्रफल की एक इनक्यूबेशन फैसिलिटी स्थापित की गई है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्ट अप संस्कृति को बढावा देने मे जो अविश्वनीय काम किया है।

## एनसीईआरटी की 11वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक से मौलाना आजाद का उल्लेख हटा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की 11वीं कक्षा की राजनीतिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के उल्लेख को हटा दिया गया है। पिछले वर्ष पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने और कुछ अंशों के अप्रासंगिक होने के आधार पर एनसीईआरटी ने गुजरात दंगों, मुगल दरबार, आपातकाल, शीत युद्ध, नक्सल आंदोलन आदि के कुछ अंशों को पाठ्यपुस्तक से हटा दिया था। पुस्तक को युक्तिसंगत बनाने संबंधी नोट में 11वीं कक्षा के राजनीतिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में किसी तरह के बदलाव का उल्लेख नहीं किया गया था। एनसीईआरटी ने हालांकि यह दावा किया है कि इस वर्ष पाठ्यक्रम में कोई काटछांट नहीं की गई है और पाठ्यक्रम को पिछले वर्ष जून में युक्तिसंगत बनाया गया था।

परिषद के प्रमुख दिनेश सकलानी ने बुधवार को कहा कि यह अनजाने में चूक हो सकती है कि पिछले वर्ष पाठ्यपुस्तकों को युक्तिसंगत बनाने की कवायद में कुछ अंशों को हटाने की घोषणा नहीं की गई। संशोधित पंक्ति को अब ऐसा पढ़ा जाएगा, आमतौर पर जवाहर लाल नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद, सरदार पटेल या बी आर अंबेडकर ने इन समितियों की अध्यक्षता की थी। इसी पुस्तक के दसवें पाठ संविधान का दर्शन में जम्मू कश्मीर का सशर्त विलय उल्लेख को हटा दिया गया है। इस पुस्तक में इस पैराग्राफ को हटा दिय गया... जम्मू कश्मीर का भारतीय संघ में विलय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत स्वायत्ता की प्रतिबद्धता पर आधारित थी। पिछले वर्ष मौलाना आजाद फेलोशिप को अल्पसंख्यक मंत्रालय ने रोक दिया था। नए शैक्षणिक सत्र के लिए 12वीं कक्षा की राजनीतिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में महात्मा गांधी की मौत का देश की साम्प्रदायिक स्थिति पर प्रभाव, गांधी की हिन्दू मुस्लिम एकता की अवधारणा ने हिन्दू कट्टरपंथियों को उकसाया।

# संबलपुर में इंटरनेट सेवाएं निलंबित, 43 हिरासत में

**हनुमान जयंती पर हिंसा**

**भाषा।** संबलपुर (ओडिशा)

**ओडिशा** सरकार ने हनुमान जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान हिंसा भड़कने के बाद संबलपुर जिले में बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे से 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हिंसा के मामले में अभी तक 43 लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिंसा में एक महिला कर्मी सहित कम से कम 10 पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। हालांकि पुलिस ने हिंसा में हताहत हुए नागरिकों की जानकारी नहीं दी। अधिकारियों ने बताया कि संभावित हिंसा को रोकने लिए पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डी. के. सिंह ने संबलपुर में इंटरनेट पर रोक के संबंध में एक अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, स्थिति गंभीर है और संबलपुर जिले में सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए उपद्रवी सोशल मीडिया के जरिए झूठे और भड़काऊ संदेश प्रसारित कर रहे हैं।

प्रशासन ने संबलपुर शहर के छह थाना क्षेत्रों टाउन, धनुपाली, खेतराजपुर, ऐंथापाली, बरेईपाली और सदर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में अपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। सिंह ने कहा कि भड़काऊऔर उकसावे वाले उन संदेशों के प्रसार को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं, जिनसे सांप्रदायिक भावनाएं भड़क सकती हैं।

अधिसूचना के अनुसार, सोशल मीडिया मंच व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि तक पहुंच नहीं होगी। सभी एमएसपी व आईएसपी और ब्रॉडबैंड डायल अप सिस्टम की इंटरनेटाडाटा सेवाएं निलंबित रहेंगी। संबलपुर पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी. गंगाधर ने बताया कि 43 लोगों को हिरासत में लिया गया है और 26 लोगों पर अब तक भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इलाके में पुलिस बल की 30 टुकड़ियों को तैनात किया गया है। हिंसा में किसी तरह की साजिश होने के सवाल पर गंगाधर ने कहा, हमें लगता है कि यह एक छिटपुट घटना है। जांच की जा रही है। स्थिति अब नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कुछ लोगों के पास से पेट्रोल बम भी बरामद किए हैं।

संबलपुर शहर में ज्यादातर स्थानों पर लोगों की आवाजाही न होने की वजह से सन्नाटा पसरा है और अधिकतर दुकानें बंद हैं। गंगाधर ने बताया कि शुक्रवार को प्रस्तावित हनुमान जयंती समारोह और शोभायात्रा की अनुमति दी जाए या नहीं, इस पर विचार के लिए जल्द ही एक बैठक बुलाई जाएगी। इस साल शुक्रवार को महा विसुबा संक्रांति है। महा विसुबा संक्रांति के दिन ओडिशा में हनुमान जयंती मनाई जाती है।

## गंगा में प्रदूषण: एनजीटी ने उप्र के मुख्य सचिव को प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को बलिया जिले में गंगा नदी के प्रदूषण से संबंधित एक मामले में दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने सहित उपचारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अधिकरण गंगा से जुड़े कटहल नाले में सीवेज और अपशिष्ट को बहाए जाने का दावा करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। लगभग दो करोड़ लीटर अपशिष्ट पानी प्रति दिन नाले के माध्यम से नदी में बहाए जाने का उल्लेख करते हुए एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की पीठ ने कहा, हम राज्य प्रशासन की विफलता, विशेष रूप से सार्वजनिक धन की बर्बादी और गंगा नदी को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए दोषी अधिकारियों को जवाबदेह ठहराने में नाकामी पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हैं।

पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल तथा अफरोज अहमद भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, मुख्य सचिव राज्य में संबंधित अन्य प्राधिकारों के साथ समन्वय करके वर्तमान मामले में उपचारात्मक कार्वाई सुनिश्चित कर सकते हैं, जिसके लिए दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने सहित उपचारात्मक उपायों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिए एक महीने के भीतर संबंधित अधिकारियों की एक विशेष बैठक बुलाई जाएगी। पीठ ने कहा कि एनजीटी के पहले के आदेश के अनुसार दाखिल की गई एक कार्वाई रिपोर्ट में बुनियादी जिम्मेदारी से बचने के बहाने पैसे की भारी मांग को छोड़कर राज्य के अधिकारियों की बिल्कुल निष्क्रियता दिखी। पीठ ने कहा कि पहले आवंटित धन का उपयोग नहीं किया गया, न ही स्थानीय स्तर पर धन एकत्र करने का कोई प्रयास किया गया और दोषी अधिकारियों पर जवाबदेही तय की गई।

# गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध अभी जारी रहेगा: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि भारत को अपने घरेलू बाजार के लिए इस खाद्यान्न की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ महंगाई पर नियंत्रण रखना है। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीद शुरू हो गई है और खरीद के पहले सप्ताह के आंकड़े बेहद संतोषजनक हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे भरोसा है कि बेमौसम बारिश के बावजूद फसल अच्छी होगी... हमें भारतीय बाजार के लिए पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी और एक बार खरीद की अवधि समाप्त हो जाने के बाद, यह महत्वपूर्ण होगा कि देश में मुद्रास्फीति को कम किया जाए और इसलिए यह जरूरी है कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रहे। वह भारत और इटली के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए नेताओं और औद्योगिक घरानों से मिलने के लिए दो दिवसीय दौरे पर यहां हैं।

## दूरसंचार में हो रहे नए-नए प्रयोग

**नई दिल्ली।** दुनिया के प्रमुख वैश्विक दूर-संचार प्लकटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आईफोन पर अपने उत्पाद के लिए महत्वपूर्ण अपडेट पेश करने की घोषणा की है। यह अपडेट नई, रोमांचक सुविधायें प्रदान करता है जो दुनिया भर में आईफोन का उपयोग करनेवाले लोगों के लिए बात-चीत का एक बेहतर और अधिक सुरक्षित संचार अनुभव प्रदान करेगा। लाइव कॉलर आई.डी. का पूर्ण अनुभव अब आईफोन पर पहली बार आया है, जो आपको यह बताने के लिए कि कौन कॉल कर रहा है एक साधारण से सिरी शॉर्टकट का उपयोग करता है। ट्रूकॉलर में भारत के प्रबंध निदेशक, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों के द्वारा अपनाया जा रहा है और हम इस प्लेटफॉर्म के भीतर लगातार अभिनवता ला रहे हैं।

# देश का निर्यात 6 प्रतिशत बढ़कर 447 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2022-23 में करीब छह प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 447 अरब डॉलर रहा। मुख्य रूप से पेट्रोलियम, औषधि, रसायन तथा समुद्री उत्पादों के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से निर्यात अच्छा रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में निर्यात 422 अरब डॉलर था। देश का आयात भी आलोच्य वित्त वर्ष में 16.5 प्रतिशत बढ़कर 714 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले 2021-22 में 613 अरब डॉलर था। वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात नई उंचाई पर पहुंचा है और 2022-23 में 14 प्रतिशत बढ़कर 770 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले 676 अरब डॉलर था। भारत के निर्यात का प्रदर्शन शानदार रहा है। देश से कुल निर्यात 2022-23 में 770 अरब डॉलर की नई उंचाई पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में यह 14 प्रतिशत अधिक है। 2020 में यह 500 अरब डॉलर तथा 2021-22 में 676 अरब डॉलर था।

गोयल 11 से 13 अप्रैल के दौरान फ्रांस और इटली की तीन दिन यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान व्यापार और निवेश संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए दोनों देशों के नेताओं और विभिन्न कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। देश का सेवा निर्यात भी 2022-23 में 27.16 प्रतिशत बढ़कर 323 अरब डॉलर रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 254 अरब डॉलर था। यह वास्तव में भारत के अंतरराष्ट्रीय बाजार में विस्तार का संकेत है। देश का कुल वस्तुओं और सेवाओं का आयात आलोच्य तिमाही में 892 अरब डॉलर रहा। यह बताता है कि देश की आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं और इससे निर्यात को समर्थन मिल रहा है।

गोयल ने कहा कि निर्यात में वृद्धि से चालू खाते के घाटे को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सेवा क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी, लेखा और बिजनेस प्रोसेसिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि हुई है। वस्तुओं की श्रेणी में जिन क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की गई, उनमें ऑयल मील, इलेक्ट्रॉनिक सामान, तंबाकू, तिलहन, चावल, कॉफी, फल और सब्जियां, चमड़े का सामान, सेरेमिक, औषधि, समुद्री उत्पाद, रसायन और तैयार वस्त्र शामिल हैं।

सेवा आयात 2022-23 में 178 अरब डॉलर रहने का अनुमान है जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 147 अरब डॉलर था। गोयल ने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात लगभग 100 अरब डॉलर बढ़कर 770 अरब डॉलर को पार कर गया है। यह तब हासिल किया गया है जब दुनिया में अंतरराष्ट्रीय व्यापार में नरमी है। विकसित देशों में मंदी की स्थिति और कई देशों में महंगाई की उंची दर देखी जा रही है। रूस, यूक्रेन में संघर्ष के कारण चिंताएं थीं। उन्होंने कहा कि इस बात को लेकर भी चिंता थी कि विकसित दुनिया में माल भंडार हमें इस तरह के शानदार प्रदर्शन को हासिल करने में मदद नहीं कर सकता है।

गोयल ने कहा, यह वास्तव में संतोष की बात है कि हमने वस्तुओं और सेवाओं दोनों के निर्यात में वृद्धि दर्ज की है...। जब हम पूरे आर्थिक परिदृश्य को देखते हैं, जहां जीएसटी (माल एवं सेवा कर) संग्रह उंचा है, निर्यात रिकॉर्ड उंचाई पर है और जहां मुद्रास्फीत की दर घटी है...600 अरब डॉलर से अधिक विदेशी मुद्रा भंडार वास्तव में देश के रुख को बताता है। गोयल ने कहा कि जब दुनिया वैश्विक मूल्य श्रृंखला में बढ़ रही है तो भारत आयात और निर्यात दोनों में अपने विस्तार की संभावना देखेगा। आंकड़े यह भी बताते हैं कि चालू खाते का घाटा (सीएडी) नियंत्रण में रहेगा क्योंकि विदेश से भेजा गया।

## भारत के आयात में चीन की हिस्सेदारी घटकर 13.79 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** भारत के आयात में चीन की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 में घटकर 13.79 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले वित्त वर्ष में 15.43 प्रतिशत थी। उर्वरक और इलेक्ट्रॉनिक जैसी प्रमुख वस्तुओं का आयात वैकल्पिक बाजारों से हो रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। चीन से कुल आयात 2022-23 में बढ़कर 98.51 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में 94.57 अरब डॉलर था। भारत का कुल आयात 17.38 प्रतिशत बढ़कर 2022-23 में 892.18 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2021-22 (अप्रैल-मार्च) में 760.06 अरब डॉलर था। भारत से चीन को निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 28 प्रतिशत घटकर 15.32 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 21.26 अरब डॉलर था। भारत का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं का संयुक्त रूप से) वित्त वर्ष 2022-23 में 13.84 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 770.18 प्रतिशत होने की संभावना है, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 676.53 अरब डॉलर था। देश का व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 122 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 83.53 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि चीन से इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात और उसकी भारत के कुल आयात में हिस्सेदारी घटी है। भारत का निर्यात रूस (369.44 प्रतिशत), इंडोनेशिया (62.8 प्रतिशत), सऊदी अरब (23.31 प्रतिशत), सिंगापुर (24.43 प्रतिशत) और कोरिया (21.46 प्रतिशत) जैसे देशों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 173 प्रतिशत उछलकर 19.68 लाख करोड़ रुपए से अधिक

**नई दिल्ली।** देश में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह बीते वित्त वर्ष 2022-23 में 173 प्रतिशत उछलकर 19.68 करोड़ रुपए से अधिक रहा। कर वापसी के समायोजन के बाद शुद्ध रूप से प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 के दौरान 160 प्रतिशत बढ़कर 16.61 लाख करोड़ रुपए रहा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2021-22 के लिए अद्यतन आंकड़े जारी किए हैं। साथ ही 2022-23 के लिए अस्थाई आंकड़े दिए है। जीडीपी में बदलाव के संदर्भ में प्रत्यक्ष कर राजस्व में वृद्धि वित्त वर्ष 2021-22 में 2.52 प्रतिशत रही।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023



# गुजरात टाइटन्स ने दिया किंग्स को करारा झटका

## ● पंजाब से छह विकेट से मैच जीता

मोहाली। (भाषा)



**गत चैम्पियन** गुजरात टाइटन्स ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। इससे पहले पंजाब किंग्स की टीम शुरुआती झटकों और गत गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स की शानदार गेंदबाजी से गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में आठ विकेट 153 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर शानदार फॉर्म में चल रहे शिखर धवन (08) और युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह धमाल नहीं दिखा सके और सस्ते में आउट हो गए। मैथ्यू शॉर्ट 36 रन (24 गेंद, छह चौके, एक छक्का) बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल में वापसी करने वाले अनुभवी गेंदबाज मोहित शर्मा ने 18 रन देकर दो विकेट झटके। मोहम्मद शमी (44 रन देकर एक विकेट) ने पहले ही ओवर में सफलता दिलाई। राशिद खान, जोश लिटिल और अल्जारी जोसफ को भी एक एक विकेट मिला। पंजाब किंग्स ने अंतिम पांच ओवर में 54 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए जिसमें से दो खिलाड़ी 20वें ओवर में रन आउट हुए। इस स्कोर में उसके विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 25 जबकि सैम करन और शाहरूख खान ने 22-22 रन का योगदान दिया। पारी की दूसरी गेंद पर पंजाब किंग्स ने पहला विकेट गंवा दिया। प्रभसिमरन खाता भी नहीं खोल सके और शमी की गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में आसान सा कैच देकर आउट हुए। शॉर्ट ने क्रीज पर आते ही लगातार दो चौके जड़ दिए। धवन ने दूसरे ओवर में दो चौके जड़कर अपने इरादे दिखाए और फिर अगले ही ओवर में शॉर्ट ने शमी पर कवर्स और मिडऑफ में लगातार चौके लगाए। लेकिन धवन की बड़ी पारी खेलने की उम्मीद लिटिल ने तोड़ दी। इस गेंदबाज की गुडलेंथ गेंद को मिडऑन पर खेलने के प्रयास में वह जोसफ को कैच दे बैठे, इस तरह गुजरात ने बड़ा विकेट हासिल किया। धवन के विकेट गिरने की खुशी कप्तान हार्दिक पंड्या ने तालियां बजाकर जाहिर की। दो विकेट गिरने के बावजूद शॉर्ट ने रन गति पर इसका असर नहीं पड़ने दिया। उन्होंने पांचवें ओवर की अंतिम गेंद पर डीप मिडविकेट पर पारी का पहला छक्का जड़ा जिससे पावरप्ले में पंजाब किंग्स का स्कोर दो विकेट पर 52 रन था। लेग स्पिनर राशिद ने अपने पहले ही ओवर में खूबसूरत गुगली से शॉर्ट की 36 रन (छह चौके, एक छक्का) की पारी समाप्त की जिससे मेजबान टीम का स्कोर तीन विकेट पर 55 रन हो गया। जितेश शर्मा (25 रन) और भानुका राजपक्षे (20 रन) ने चौथे विकेट के लिए 37 रन जोड़े लेकिन कभी भी आक्रामक नहीं दिखे। पावरप्ले के बाद पंजाब किंग्स की रन गति में काफी तेजी से गिरावट आने लगी और फिर मोहित गेंदबाजी करने उतरे जिन्होंने अपना अंतिम आईपीएल मैच 2020 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेला था। मोहित ने अपने दूसरे ओवर में जितेश का विकेट झटक लिया जो रिव्यू के बाद पवेलियन पहुंचे। पंजाब किंग्स ने 15.2 ओवर में 100 रन पूरे किए और इसी ओवर में सैम करन ने पारी का दूसरा छक्का राशिद खान की गेंद को मिडविकेट पर पहुंचाकर जड़ा। राजपक्षे ने काफी धीमी बल्लेबाजी की और 17वें ओवर में जोसफ ने उनकी 20 रन की पारी को विराम लगाया। शाहरूख ने आते ही पहली गेंद पर जोसफ पर डीप मिडविकेट पर गगनचुंबी छक्का लगाया। करन (22 गेंद, एक चौका, एक छक्का) और शाहरूख ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाकर स्कोर यहां तक पहुंचाया, वर्ना स्थिति और खराब हो सकती थी। शाहरूख ने अंतिम ओवर में रन आउट होने से पहले नौ गेंद में एक चौके और दो छक्के लगाए। पंजाब ने पहले 10 ओवर 75 रन और फिर अगले 10 ओवर में 78 रन बनाए।

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स :** प्रभसिमरन का राशि बो शमी 00, धवन का जोसफ बो लिटिल 08, शॉर्ट बो राशिद 36, राजपक्षे का गिल बो जोसफ 20, शर्मा का साहा बो मोहित 25, करन का गिल बो मोहित 22, खान रन आउट 22, बराड़ नाबाद 08, धवन रन आउट 01, **अतिरिक्त :** 11, **कुल योग :** 20 ओवर में आठ विकेट पर 153 रन, **विकेट पतन :** I-0, 2-28, 3-55, 4-92, 5-115, 6-136, 7-152, 8-153, **गेंदबाजी :** शमी 4-0-44-I, लिटिल 4-0-31-I, जोसफ 4-0-32-I, राशिद 4-0-26-I, शर्मा 4-0-18-2

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### बिशप की बुमराह को चुनिंदा टूर्नामेंट में खेलने की सलाह



**नई दिल्ली।** अपने क्रिकेट करियर के दौरान पीठ की चोटों से जूझने वाले वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अब अपने एक्शन में बदलाव नहीं कर सकते और उन्हें चोटों से बचने के लिए चुनिंदा टूर्नामेंट में ही खेलना चाहिए। बुमराह पीठ में दर्द के कारण पिछले साल सितंबर से कोई मैच नहीं खेले हैं और उनका इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में सर्जरी कराई थी। बुमराह को अपने अनूठे एक्शन का फायदा भी मिला लेकिन इससे उनकी पीठ पर अधिक जोर पड़ता है जिससे वह अक्सर चोटिल हो जाते हैं। वेस्टइंडीज की तरफ से 43 टेस्ट और 84 वनडे खेलने वाले बिशप का मानना है कि करियर के इस मोड़ पर बुमराह के लिए एक्शन बदलना संभव नहीं होगा और उन्हें व्यस्त कार्यक्रम के बीच कुछ चुनिंदा टूर्नामेंट में ही खेलना चाहिए। बिशप ने पीटीआई से कहा, मुझे नहीं लगता कि तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन का कोई नुस्खा है क्योंकि हम इन बेहतरीन खिलाड़ियों के दिमाग और शरीर को लेकर फैसला नहीं कर सकते। इस पर फैसला स्वयं खिलाड़ी और उसके करीबी प्रशासकों को करना है लेकिन मैं संचालन संस्थाओं को एक सलाह दे सकता हूं कि आप इन खिलाड़ियों (जैसे बुमराह) को प्रत्एक टूर्नामेंट में नहीं खिला सकते हो। इतनी अधिक क्रिकेट चल रही है और ऐसे में खिलाड़ियों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट का चयन करना शुरू करना होगा। आप चाहते हैं कि बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाज अपनी गति बनाए रखकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। तभी उनका महत्व भी है लेकिन उनको खिलाने में बेहद सावधानी बरतें। बिशप ने इसके साथ ही कहा कि भले ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हाल में टेस्ट श्रृंखला में अपनी घरेलू धरती पर पराजित किया लेकिन जून में लंदन के ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में परिस्थिति पूरी तरह से भिन्न होगी। भारत लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलेगा।

### नही लगता कि रसेल उम्मीद के मुताबिक नही खेल पा रहा: फर्ग्युसन



**कोलकाता।** आंद्रे रसेल इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में अब तक भले ही बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हों लेकिन तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन का मानना है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उनके स्टार साथी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अगले मैच में पासा पलट देंगे। केकेआर ने अपने पिछले दो मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार चीज दर्ज की लेकिन रसेल शून्य और एक रन की पारी ही खेल पाए। फर्ग्युसन ने हालांकि कहा कि जमैका का यह विस्फोटक बल्लेबाज जल्द ही बड़ी पारी खेलेगा। मुझे नहीं लगता कि आंद्रे उम्मीद के मुताबिक रन नहीं बना पा रहा। उसने पहले मैच (पंजाब किंग्स के खिलाफ 35 रन) में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बाद दो मैच में जल्दी आउट हुआ मैं कहूंगा कि वह कमतर प्रदर्शन से बहुत दूर है। उन्होंने 2019 में केकेआर के साथ पहले सत्र को याद करते हुए कहा, हम सभी जानते हैं कि आंद्रे क्या कर सकता है, विशेष रूप से यहां वह मेरा पहला सत्र था और आंद्रे का शानदार अनुभव। मैंने किसी व्यक्ति को इस तरह गेंद को हिट करते नहीं देखा। मुझे यकीन है कि वह हमारे लिए कल रात शानदार प्रदर्शन करेगा। गुजरात टाइटंस से ट्रेडिंग के बाद न्यूजीलैंड का यह तेज गेंदबाज केकेआर में लौट आया। चंद्रकांत पंडित के रूप में एक भारतीय कोच के मार्गदर्शन में खेलने पर फर्ग्युसन ने कहा कि वह टीम के लिए अच्छा माहौल तैयार करने के लिए काम कर रहे हैं। शुरुआत से ही चंद्रू के साथ एक शानदार अनुभव रहा है।

### भारत बिली चीन किंग कप में चीन से हारा

**ताशकंद।** भारत को बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशियाओसियाना ग्रुप एक के अपने तीसरे मुकाबले में चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम तीसरे स्थान पर खिसक गई। मुकाबले के पहले एकल मैच में भारत की रुतुजा भोसले को चीन की शिन्यु जियांग के खिलाफ सीधे सेट में 3-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। अनुभवी अंकिता रैना भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नही कर पाई और दूसरे एकल मैच में युई युआन से 5-7 I-6 से हार गई जिससे चीन ने 2-0 की विजई बढ़त बना ली।

### हुसैन ने पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में बढ़त बनाई

**चंडीगढ़।** बांग्लादेश के जमाल हुसैन ने पांच अंडर 67 के दूसरे दिन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ गुरुवार को यहां एक करोड़ रुपए इनामी पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में बढ़त बना ली। ढाका के जमाल का कुल स्कोर सात अंडर 137 है। पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर चल रहे जमाल ने नोएडा के अर्जुन शर्मा (68), कोलकाता के मोहम्मद संजू (71), चंडीगढ़ के हरेंद्र गुप्ता (70) और अमेरिका के वरुण चोपड़ा (71) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है।

### भारत की निशानेबाजी विश्व कप के लिए 39 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** भारत ने जर्मनी के सुहल में एक से छह जून तक होने वाली आईएसएसएफ विश्व कप जूनियर राइफलापिस्टलाशॉटगन निशानेबाजी प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को 39 सदस्ईय टीम घोषित की। जूनियर विश्व कप के बाद कोरिया में चांगवोन में जुलाई में जूनियर विश्व चैंपियनशिप भी होगी।

### गुरजोत का परफेक्ट 75 का स्कोर, गनेमत आगे

**नई दिल्ली।** पंजाब के स्कीट निशानेबाज गुरजोत सिंह खंगूड़ा ने गुरुवार को यहां शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल के पहले दिन परफेक्ट 75 का स्कोर बनाया जबकि उनके राज्य की गनेमत शेखों भी महिला वर्ग में पहले तीन दौर के बाद बढ़त पर है। पुरुषों के वर्ग में गुरजोत 26 खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर चल रहे है जबकि गनेमत 20 महिला खिलाड़ियो में सबसे आगे है।

### टी-20 फैन फेस्ट से और बढ़ेगा रोमांच

**नई दिल्ली।** भारत में 200 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ ग्लांस, टी20 फैन फेस्ट को देश के सबसे बड़े क्रिकेट उत्सव में से एक बनाने के लिए तैयार है। देश भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए टी 20 को एक हॉलिस्टक एक्सपीरियंस लेने के लिए यूजर अपने स्मार्ट लॉक स्क्रीन पर टी-20 लाइव स्कोर, रीयलटाइम मैच अपडेट, लाइव शो, एक्सक्लूसिव गेम और शॉपिंग डील एक्सेस कर सकते हैं। प्रतिदिन 30 से अधिक अनूठे और विशिष्ट क्रिकेट आधारित शो और गतिविधियां होंगी। यह विशिष्ट रूप से डिजाइन किया गया फेस्टिवल न केवल यूजर को मैदान पर और मैदान के बाहर होने वाली क्रिकेट गतिविधियों के बारे में रीयलटाइम मैच अपडेट देता है। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विकास चौधरी ने कहा कि जैसा कि नाम से पता चलता है, ग्लांस टी20 फैन फेस्ट क्रिकेट प्रेमियों को लाइव क्रि केट अपडेट के अलावा और भी बहुत कुछ प्रदान करता है।

### रुद्रांक्ष और अंजुम को मिलेगी पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली।** भारत के विश्व चैम्पियन राइफल निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल और महिला निशानेबाज अंजुम मोदगिल को आखिरकार पिछले साल प्रतिष्ठित प्रेसिडेंट कप में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतने के लिए पुरस्कार राशि मिलेगी।

# केकेआर का सामना अब सनराइजर्स से

## ● विजयी हैट्रिक व रिंकू सिंह पर नजर

भाषा। कोलकाता



**रिंकू सिंह** की तूफानी पारी के बाद उत्साह से लबरेज कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना जब शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो उसकी निगाहें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी।

इस सत्र के अपने पहले मैच में मोहाली में पंजाब किंग्स से हार का सामना करने के बाद केकेआर को दो नए नायक मिले जिन्होंने उसे अगले दोनों मैचों में जीत दिलाई। पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ शार्दुल ठाकुर ने अपने बल्ले से कमाल दिखाया और 29 गेंदों पर 68 रन की तूफानी पारी खेलकर केकेआर को 81 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद रिंकू सिंह ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम पांच गेंदों पर छक्के जड़कर अपनी टीम को अप्रत्याशित जीत दिलाई थी। इस तरह से केकेआर की निगाहें जीत की हैट्रिक पूरी करने पर लगी हैं। नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर और स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की कमी केकेआर को खल रही है लेकिन अचानक ही वह मजबूत टीम के रूप में उभर कर सामने आई है। केकेआर की दोनों जीत में उसके स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और कप्तान नितीश राणा की खास योगदान नहीं रहा और अब टीम प्रबंधन यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेगा कि उसे ए जीत संयोग से नहीं मिली थी। रसेल ने पंजाब के खिलाफ पहले मैच में 19 गेंदों पर 35 रन बनाए थे लेकिन अगले दो मैचों में वह शून्य और एक रन ही बना पाए।

### केकेआर के खिलाफ मार्करम को अंतिम ओवरों में गेंदबाजों पर भरोसा

**कोलकाता।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ऐडन मार्कराम ने गुरुवार को कहा कि उनकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के रिंकू सिंह और शार्दुल ठाकुर के पिछले दो मैचों मे शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से भयभीत नही है और उन्हें भरोसा है कि उनके गेंदबाज अंतिम ओवरों में उनकी योजना के हिसाब से गेंदबाजी करेंगे। केकेआर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार मैचों में 200 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया जिससे उसने पिछले दो मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और गुजरात टाइटन्स को पराजित किया।

### ओस के कारण गेंद बदला, अंपायरों के फैसले से हैरान

**चेन्नई।** राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हैरानी जताई चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान अंपायरों ने ओस के कारण खुद ही गेंद बदलने का फैसला किया और उन्होंने इस तरह के निर्णय में निरंतरता बनाए रखने की अपील की। मैच के दौरान काफी ओस पड़ रही थी जिसके कारण अंपायरों ने स्वयं ही हस्तक्षेप करके दूसरी पारी के दौरान गेंद बदल दी थी जिससे अश्विन हैरान थे। इस ऑफ स्पिनर ने मैच में 25 रन देकर दो विकेट लिए। राजस्थान में यह मैच तीन रन से जीता। उन्होंने इससे पहले ऐसा कभी नहीं देखा जबकि अंपायरों ने बहुत अधिक ओस गिरने पर गेंद बदली हो। यह हैरानी भरा रहा कि अंपायरों ने ओस के कारण अपनी मर्जी से गेंद बदल दी। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था और मैं हैरान था।

# आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए अश्विन पर जुर्माना

भाषा। चेन्नई



**राजस्थान रॉयल्स के** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन पर यहां चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए गुरुवार को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। अश्विन पर मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.7 के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया था। उनकी टीम ने बुधवार रात यह मैच तीन रन से जीता था। आईपीएल ने बयान में कहा, ईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.7 के तहत अश्विन ने लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है। बयान में अपराध की प्रकृति का उल्लेख नहीं है लेकिन खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की आचार संहिता का नियम 2.7 सार्वजनिक आलोचना, या किसी मैच से जुड़ी घटना या किसी खिलाड़ी, टीम अधिकारी, मैच अधिकारी से जुड़ी घटना के संबंध में अनुचित टिप्पणी से संबंधित है। मैच के बाद अश्विन ने कहा था कि बुधवार को चेपक में ओस के कारण अंपायरों द्वारा अपनी मर्जी से गेंद को बदलने के फैसले से वह हैरान रह गए थे और इस तरह के फैसले लेते समय निरंतरता होनी चाहिए। एमए चिदंबरम स्टेडियम में सुपरकिंग्स के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान भारी ओस के कारण अंपायरों को हस्तक्षेप करने और गेंद को बदलने को मजबूर होना पड़ा जिससे मैच में 25 रन देकर दो विकेट चटकाने वाले अश्विन हैरान थे। अश्विन ने कहा कि उन्होंने इससे पहले ऐसा कभी नहीं देखा कि अंपायरों ने बहुत अधिक ओस गिरने पर गेंद बदली हो। उन्होंने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह हैरानी भरा रहा कि अंपायरों ने ओस के कारण अपनी मर्जी से गेंद बदल दी। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था और मैं हैरान था। ईमानदारी से कहूं तो इस बार आईपीएल में मैदान पर लिए गए कुछ फैसलों से मैं थोड़ा आश्चर्यचकित हूं। मैन ऑफ द मैच चुने गए अश्विन ने कहा, मेरा कहने का मतलब है कि मैं इसलिए हैरान हूं क्योंकि इसके अच्छे या गलत परिणाम निकल सकते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि आपको थोड़ा संतुलन बनाने की जरूरत है।

### सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

**चेन्नई।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल में धीमी ओवर गति फिर से बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है क्योंकि अधिकतर मैच चार घंटे से अधिक समय तक खिंच रहे है। आईपीएल ने बयान में कहा, यह टीम का आईपीएल आचार संहिता के तहत धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध है, इसलिए कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। राजस्थान में आखिरी गेंद तक खिंचे इस मैच मे चेन्नई सुपर किंग्स को तीन रन से हराया था।

# घुटने की चोट से जूझ रहे हैं धोनी, मगाला दो सप्ताह के लिए बाहर : फ्लेमिंग

भाषा। चेन्नई



**चेन्नई सुपर** किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं जिससे उन्हें कुछ मूवमेंट में परेशानी हो रही है। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही चेन्नई की टीम के लिए एक और बुरी खबर है क्योंकि उसके दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला चोटिल होने के कारण दो सप्ताह के लिए बाहर हो गए हैं। फ्लेमिंग ने बुधवार को चेन्नई की राजस्थान रॉयल्स के हाथों तीन रन से करीबी हार के बाद संवाददाताओं से कहा, वह (धोनी) घुटने की चोट से जूझ रहे हैं जो कि आप उनके कुछ मूवमेंट में देख सकते हो। इससे उन्हें थोड़ा परेशानी हो रही है। उनकी फिटनेस पेशेवर खिलाड़ी की तरह रही है। वह टूर्नामेंट शुरू होने से कई महीने पहले तैयारियां शुरू कर देते हैं। उन्होंने रांची में नेट पर अभ्यास किया था लेकिन सत्र से पूर्व की तैयारी उनकी चेन्नई पहुंचने पर एक महीने पहले ही शुरू हुई थी। संदीप शर्मा ने अंतिम ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर केवल तीन रन देकर राजस्थान को जीत दिलाई, जबकि उस समय धोनी और रविंद्र जडेजा क्रीज पर थे। धोनी का यह कप्तान के रूप में 200वां मैच था। फ्लेमिंग को हालांकि विश्वास है कि पूर्व भारतीय कप्तान अपनी चोट को संभाल लेगा और टीम का नेतृत्व करना जारी रखेगा। वह मैच फॉर्म में वापस आने के लिए अपने तरीके से काम करते हैं और आप देख सकते हैं कि वह काफी अच्छा खेल रहा है। इस बीच मगाला बुधवार को केवल दो ओवर यह कर पाए और उन्हें चोटिल होने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। हम फिर से एक और खिलाड़ी की सेवाएं नहीं ले पाएंगे। हम पहले ही चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे हैं। इसलिए मैं चाहता हूं इस संख्या में बढ़ोतरी रुके। चेन्नई के चोटिल खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स एड़ी के चोट के कारण मैच में नहीं खेल पाए जबकि भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल 2023 से लगभग बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड में कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए गए श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना अब ठीक हो गए हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं।

### खेल मंत्रालय ने साब्ले की ट्रेनिंग को स्वीकृति दी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) ने राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज धावक अविनाश साब्ले के इस साल होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की तैयारी के लिए स्विट्जरलैंड के सेंट मोरिट्ज के ट्रेनिंग दौरे को स्वीकृति दे दी है। तीन हजार मीटर स्टीपलचेज धावक साब्ले की स्विट्जरलैंड में ट्रेनिंग का खर्चा मंत्रालय की टार्गेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत उठाया जाएगा।

### पुल्ली ने टाईब्रेकर के बाद खिताब जीता

**मुंबई।** आठवें वरीय शानमुखा पुल्ली ने गुरूवार को यहां छठी फिडे रेटिंग शतरंज चैम्पियनशिप में खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में कई उतार चढ़ाव देखने को मिले और शानमुखी के खिताब की दौड़ में शामिल होने की उम्मीद भी नहीं थी। अंतिम दौर में उन्होंने बीती रात के संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ी के तौर पर प्रबल दावेदार अर्णव खेरेडकर के साथ शुरुआत की।

# दोहा डाइमंड लीग के साथ सत्र की शुरुआत करेंगे नीरज चोपड़ा

भाषा। नई दिल्ली

**ओलंपिक** चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दोहा में पांच मई को सितारों से सजी डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ सत्र की शुरुआत करेंगे। पिछले साल सितंबर में डाइमंड लीग का ग्रैंड फिनाले जीतने वाले गत चैंपियन 25 साल के चोपड़ा के अलावा विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक रजत पदक विजेता याकुब वाडलेच भी इस 14 चरण की एक दिवसीय सीरीज की सत्र की पहली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। पिछले साल स्टॉकहोम में डाइमंड लीग प्रतियोगिता में रजत पदक के दौरान 89.94 मीटर का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चोपड़ा अभी तुर्किए में ट्रेनिंग कर रहे हैं और 31 मई तक वहां रहेंगे। चोट के कारण यह भारतीय सुपरस्टार दोहा 2022 डाइमंड लीग में नहीं खेल पाया था जहां पीटर्स ने 93.07 मीटर की दूरी के



साथ खिताब जीता था जो इतिहास की पांचवीं सबसे लंबी दूरी थी। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वाडलेच 90.88 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस स्टार तिकड़ी के अलावा दोहा प्रतियोगिता में यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकोट (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.16 मीटर), पूर्व विश्व चैंपियन और 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता कीनिया के जूलियस एगो (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 92.72 मीटर) भी टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। ट्रैक एवं फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय चोपड़ा की नजरें इस साल 90 मीटर के लक्ष्य को हासिल करने पर टिकी हैं। मैं 90 मीटर की दूरी के करीब पहुंच रहा हूं इसलिए इसे हासिल करना मेरे लिए काफी मायने रखता है। पिछला साल मेरे लिए अच्छा था जहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ मैंने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वांडा डाइमंड लीग जीती। यह साल नए मौके लेकर आएगा। इन गर्मियों में मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के साथ एशियाई खेल हैं और वांडा डाइमंड लीग खिताब का बचाव भी करना है। तोक्यो ओलंपिक में 2021 में इतिहास रचने के बाद चोपड़ा ने अमेरिका में 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत जीता जहां पीटर्स ने स्वर्ण जीता। वह हालांकि चोट के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक की रक्षा करने नहीं उतरे जो उन्होंने 2018 प्रतियोगिता में जीता था।

### एसी मिलान ने नेपोली को 1-0 से हराया

**मिलान।** एसी मिलान ने इस्माइल बेनेसर के गोल की मदद से चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में नेपोली को I-0 से पराजित किया। इस्माइल बेनेसर ने 40वें मिनट में गोल दागा जिससे एसी मिलान अपने कट्टर प्रतिद्वंदी पर बढ़त बनाने में सफल रहा। यह एसी मिलान की दो सप्ताह से भी कम समय में नेपोली पर दूसरी जीत है। उसने दो अप्रैल को सीरि ए के मुकाबले में नेपोली को 4-0 से हराया था।

### रियाल मैड्रिड ने चेल्सी पर बढ़त बनाई

**मैड्रिड।** करीम बेंजेमा ने चेल्सी के खिलाफ एक बार फिर गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड लगातार दूसरे सत्र में इंग्लैंड के क्लब को चैंपियंस लीग फुटबॉल से बाहर करने के करीब पहुंच गया है। विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड की तरफ से दोनों गोल करने में मदद की जिससे उनकी टीम ने क्वार्टर के पहले चरण में 2-0 से बढ़त बनाकर सेमीफाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

# अमन ने स्वर्ण पदक जीता

## ● एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

भाषा। अस्ताना



**अमन** सहरावत ने सीनियर स्तर पर प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां 57 किग्रा वर्ग में किर्गिस्तान के अल्माज समानबेकोव को हराकर भारत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। सहरावत ने फाइनल में समानबेकोव को 9-4 से शिकस्त दी। दिल्ली के प्रतिष्ठित छत्रसाल स्टेडियम में ट्रेनिंग करने वाले सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में जापान के रिकुतो अराई को 7-I से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन के वानहाओ झू को 7-4 से शिकस्त दी। पिछले साल अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले सहरावत ने 2023 सत्र में दूसरा पोडियम स्थान हासिल किया। उन्होंने फरवरी में जागरेब ओपन में भी कांस्य पदक जीता था। दो अन्य भारतीय पहलवान भी गुरुवार को कांस्य पदक के मुकाबले मे जगह बनाने में सफल रहे।

### मनु ने ट्रायल्स में 25 मीटर पिस्टल खिताब जीता



**भोपाल।** शीर्ष भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय राइफलापिस्टल चयन ट्रायल्स (3 और 4) के शुरुआती दिन महिलाओं की 25 पिस्टल खिताब अपने नाम किया। दिन में अन्य विजेताओं मे अर्जुन बबुता (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल) और आशी चौकसी (महिला 50 मीटर राइफल थ्री पाजिशन) शामिल रहे। विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेल जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय टीम के चयन के मद्देनजर ए ट्रायल्स काफी अहम है। जूनियर निशानेबाज भी जूनियर विश्व और जूनियर विश्व चैम्पियनशिप टीम में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। मनु भाकर ने स्थानीय प्रबल दावेदार चिंकी यादव को स्वर्ण पदक मैच में 31-29 से हराकर खिताब जीता। उन्होंने यहीं मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में विश्व कप का कांस्य पदक जीता था। रिदम सांगवान ने शूट-ऑफ मे नेहा को पछाड़कर कांस्य पदक जीता। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी3 स्पर्धा मं पंजाब के बबुता ने रेलवे के अखिल श्योराण को स्वर्ण पदक मैच में 16-6 से हराया। दोनो रैंकिंग राउंड मे पहले दूसरे स्थान पर रहकर शूटआउट में पहुंचे।